www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-291 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





चुनावी साल में कर्पूरी ठाकुर को केंद्र ने दिया भारत रत्न : लालू 02

■ राजधानी दिल्ली अब हो रही साफ : शैली
■ कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित 03

■ संरा प्रमुख ने युद्ध के गाजा से बाहर फैलने की चेतावनी दी
■ यह दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है : निक्की हेली 07

नोरा फतेही कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी डेब्यू 10

## सार संक्षेप

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोहित पवार ईडी के सामने पेश



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते एवं पार्टी विधायक रोहित पवार बुधवार को कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी (एमएससी) बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए। पिछले सप्ताह ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में श्री रोहित पवार दोपहर में वकीलों के एक समूह के साथ दक्षिण मुंबई के बैलरेड पियर स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए।

### परेड में महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों की झलक दिखाई देगी



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित कई महत्वपूर्ण प्रणालियों तथा प्रौद्योगिकियों को 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर 75 वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। डीआरडीओ की इस वर्ष की झांकी 'पृथ्वी, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष जैसे पांचों आयामों में रक्षा कवच प्रदान करके राष्ट्र की सुरक्षा करने में महिला शक्ति' विषय पर आधारित है।

### आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आज शाम सात बजे प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी संस्करण में संबोधन का प्रसारण किया जाएगा।

### मायावती की कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के केन्द्र सरकार के निर्णय की मायावती ने सराहना की है। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

### भाजपा विपक्ष रहित लोकतंत्र चाहती है : दीपंकर भट्टाचार्य



**समस्तीपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के तहत जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक गांव कर्पूरी ग्राम से बुधवार को सात दिवसीय राज्यस्तरीय जन संकल्प अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है और भाजपा विपक्ष रहित लोकतंत्र चाहती है।



मेरे ऊपर 25 केस लगाए हैं, 25 और लगा दो, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

# असम में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## असम के मुख्यमंत्री बोले, राहुल को लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार करेंगे

■ इकरार खान

**गुवाहाटी, 24 जनवरी (देशबन्धु)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ 24 जनवरी को एफआईआर दर्ज की गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ्तार करेंगे। 23 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गुवाहाटी शहर में जाने से रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उखाड़ दिया था। मुख्यमंत्री ने मामला दर्ज होने के कहा कि यात्रा का पूरा इरादा असम को परेशान करना और शांति को खतरे में डालना था। हम एक एसआईटी बनाएंगे, जो मामले की जांच करेगी और लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद हम राहुल को गिरफ्तार करेंगे। हमने अभी कार्रवाई की तो वे इसे राजनीतिक कदम कहेंगे।

■ राहुल गांधी पर उकसाने का आरोप
■ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ी थी

### राहुल की सुरक्षा को लेकर खड़गे का गृहमंत्री को पत्र

*__नई दिल्ली।__ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने असम में यात्रा में आ रही दिक्कतों का जिक्र करते हुए कहा, कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही और उसने उपद्रव कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को श्री गांधी के निकट पहुंचने दिया।*

### कांग्रेस नेता ने हिमंता को दी चुनौती

## जितने चाहे केस लगा लो मैं डरने वाला नहीं : राहुल

### मुख्यमंत्री हिमंत का रिमोट कंट्रोल गृह मंत्री शाह के पास, वह देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

*__गुवाहाटी।__ असम की भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को असफल करने के प्रयास उलटे पड़ते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा खड़ी की जा रही तमाम बाधाओं के बावजूद असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मिल रहा जनसमर्थन लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को यात्रा के 11वें दिन अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है। पता नहीं कहां से हिमंता बिस्वा सरमा के दिमाग में आ गया कि वो राहुल गांधी को डरा सकता है। मुझ पर जितने केस लगाने हैं, लगा दो, मैं डरने वाला नहीं हूं। मेरे ऊपर 25 केस लगाए हैं, 25 और लगा दो, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि अडानी प्रधानमंत्री मोदी जी के ख़ास दोस्त हैं। मैंने अडानी के बारे में भाषण दिया। अपने दोस्त अडानी को बचाने के लिए मेरे ऊपर केस लगा दिया गया, संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई। फिर मेरा सरकारी घर ले लिया गया। जब वो घर लेने आए, मैंने खुशी से उनको चाबी दी। क्योंकि मेरा घर हिंदुस्तान के हर नागरिक के दिल में है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस के लोग एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। असम के मुख्यमंत्री के दिल में बहुत नफरत है। हमारी लड़ाई उनसे नहीं, उनके दिल में छिपी नफरत से है। यात्रा को अपना समर्थन देने के लिए उत्तरी असम के इलाके में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग अपने घरों से निकलकर सुबह से ही सड़कों पर जमा हो गए थे।*

■ असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिला भारी जनसमर्थन,
■ उत्तरी असम में लोगों ने लाइन लगाकर किया राहुल का स्वागत

# बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस : ममता



42 लोकसभा सीटों पर अपनी ताकत से चुनाव लड़ेंगे।

**कोलकाता, 24 जनवरी (एजेंसियां)।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के राज्य में इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने और अकेले चुनाव लड़ने की बुधवार को घोषणा की। सुश्री बनर्जी ने वर्दमान जिले से रवाना होने से पहले संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है और हम राज्य की 42 लोकसभा सीटों पर अपनी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा मेरा कांग्रेस के साथ कोई रिश्ता नहीं है। हम अकेले लड़ेंगे और अखिल भारतीय स्तर पर चुनाव के बाद निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में कांग्रेस को दो सीटें देना चाहती थी, लेकिन वे और सीटें चाहते थे, जो उनकी पार्टी को स्वीकार्य नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा उनका पश्चिम बंगाल आने का कार्यक्रम है, लेकिन उनमें हमें सूचित करने का शिष्टाचार तक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस 300 सीटों तक लड़ सकती है और अन्य पार्टियां भी चुनाव लड़ें।

### ममता इंडिया गठबंधन का अहम हिस्सा : कांग्रेस

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का अहम हिस्सा हैं और उनके बिना इस गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने असम के गुवाहाटी में आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, ममता ने कहा कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं। भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं छोड़ेंगे और उनकी इसी भावना के साथ राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रही है।

# राजधानी में हवा की गुणवत्ता हुई बहुत खराब



■ दिल्ली की आबोहवा गंभीर श्रेणी में पहुंची
■ 26 बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका

**नई दिल्ली, 24 जनवरी (देशबन्धु)।** दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 26 जनवरी तक दिल्ली का प्रदूषण स्तर बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका जाहिर की है। कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के दूसरे चरण के होने के बावजूद दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता से कोई राहत नहीं मिलती दिख रही है। बुधवार की सुबह कई जगहों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स गंभीर स्तर पर दर्ज किया गया। एक्सपर्ट्स खराब वायु गुणवत्ता और राष्ट्रीय राजधानी को गैस चैंबर में बदलने के लिए वर्तमान मौसम की स्थिति को जिम्मेदार मानते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार स्टेशन पर सुबह 8 बजे पीएम2.5 का स्तर 411 और पीएम10 का स्तर 385 यानी बहुत खराब के साथ गंभीर श्रेणी में था, जबकि एनओ 87 तक गिर गया और सीओ 66 तक पहुंच गया, दोनों संतोषजनक श्रेणी में थे। हालांकि, सुबह 10 बजे आनंद विहार स्टेशन पर पीएम 2.5 में थोड़ा सुधार हुआ और यह 385 और पीएम10 का स्तर 363 पर पहुंच गया, दोनों बहुत खराब श्रेणी में हैं। द्वारका सेक्टर 8 में पीएम2.5 का स्तर 437 पर और पीएम10 का स्तर 403 पर था।

### दिग्विजय ने ईवीएम पर फिर उठाए सवाल

# वीवीपैट में हेराफेरी का लाइव डेमो दिखाया



हाथ में पर्ची दिए जाने की चुनाव आयोग से की मांग

**भोपाल, 24 जनवरी (देशबन्धु)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज ईवीएम मशीनों और वीवीपैट में कथित हेराफेरी का लाइव डेमो दिखाते हुए निर्वाचन आयोग से मांग की कि आयोग चुनावों में मत डालने के बाद मतदाताओं के हाथ में पर्ची दे, जिन्हें मतदाता मतपेटी में डालें और उन्हीं पर्चियों की बाद में गणना हो। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान गुजरात के एक सूचना का अधिकार कार्यकर्ता और आईआईटी स्नातक राहुल मेहता के माध्यम से ये लाइव डेमो प्रदर्शित करवाया। श्री सिंह ने कहा कि श्री मेहता ने एक जुगाड़ ईवीएम मशीन बनाई है। इस दौरान श्री मेहता ने 10 लोगों से वोट डलवाकर ये प्रदर्शित किया कि किस प्रकार मशीन के अंदर मतदाता पर्चियों के प्रकाशन में प्रीप्रोगामिंग के माध्यम से कथित तौर पर मैनिपुलेशन किया जा सकता है।

**आयोग कभी सवालों के जवाब नहीं देता**

उन्होंने कहा कि वे और सिविल सोसायटी के बहुत से लोग आयोग से इस बारे में सवाल करते हैं, लेकिन चुनाव आयोग कभी सवालों के जवाब नहीं देता।

### भाजपा का जीत का विश्वास, ईवीएम के भरोसे

दिग्विजय ने अपनी मांग लगातार दोहराते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों में जो दिखता है, वो छपता नहीं, इसलिए उनकी मांग है कि जो बटन दबाया गया है, आयोग उस पर्ची को मतदाता के हाथ में दे, उसे मतदाता मतपेटी में डाल दे और उसी की गिनती हो। भाजपा को जीत का आत्मविश्वास मशीनों के भरोसे होता है।

# मणिपुर में नागरिक समाज शांति के लिए आया आगे




■ संकट से बचाने साथ काम करने की शपथ
■ कुछ विधायकों व नेताओं का भी मिला साथ

**इंफाल, 24 जनवरी (एजेंसियां)।** मणिपुर के विधायकों और नागरिक समाज मंच 'अरामबायी तेंगगोल' के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्य को मौजूदा संकट से बचाने के लिए संयुक्त रूप से काम करने की बुधवार को शपथ ली। प्रदेश के विधायक और अरामबाई तेंगगोल के हजारों सदस्य कांगला के पास पहुंचे , हालांकि केवल मंत्रियों और विधायकों और अरामबाई तेंगगोल के कुछ नेताओं को इस प्राचीन स्थल में प्रवेश करने की अनुमति थी। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि वे राज्य में 1951 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की मांग पर सहमत हुए हैं। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने कुकी उग्रवादियों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन (एसओओ) को रद्द करने की मांग पर भी सहमति जतायी। इसके साथ ही शरणार्थियों को म्यांमार से मिजोरम ले जाने, सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू करने, कुकी को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाने और मणिपुर से असम राइफल्स को वापस लेने का भी निर्णय लिया गया। यह पहला मौका है जब सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष के विधायक पहली बार मानव जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने में केंद्रीय सुरक्षा बलों की विफलता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एकजुट हुए हैं। उन्होंने निष्पक्ष केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को तैनात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को दिए निर्देश

# चंडीगढ़ का मेयर चुनाव 30 जनवरी को




■ 18 जनवरी को स्थगित कर दिया गया था

**चंडीगढ़, 24 जनवरी (एजेंसियां)।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन को 30 जनवरी को मेयर चुनाव कराने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बंगर की खंडपीठ ने 18 जनवरी से 6 फरवरी तक चुनाव स्थगित करने के उपायुक्त के आदेश को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी पार्षद कुलदीप कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। कुलदीप कुमार ने 24 घंटे के भीतर चुनाव कराने और चुनाव की निगरानी के लिए एक कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की मांग की थी। कोर्ट ने आदेश दिया कि पार्षद अपने समर्थक नहीं लाएंगे, दूसरे राज्य की सिक्योरिटी लेकर आएंगे और चंडीगढ़ पुलिस को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया है। 35 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास सांसद और पदेन सदस्य किरण खेर के वोट के साथ 14 पार्षद हैं। आप के पास 13 पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के पास सात पार्षद हैं। शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है।

# ज्ञानवापी मामले में सार्वजनिक की जाएगी सर्वे की कॉपी

**जिला जज ने दिया आदेश**

**वाराणसी, 24 जनवरी (एजेंसियां)।** ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि ,स्ढ्ढ की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। ,स्ढ्ढ ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे।

**तैयारी** *किसान संगठन फिर कर रहे आंदोलन की तैयारी*

# किसान संगठनों का 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान

**नई दिल्ली, 24 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर से किसान संगठन मिलकर अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रहे हैं। यह आंदोलन पहले की तरह ही संयुक्त किसान मोर्चा के बैनत तले किया जाएगा। आंदोलन की दूसरी पारी शुरू करने से पहले संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है।**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े कई किसान संगठनों ने यह फैसला लिया है कि 16 फरवरी के वे भारत बंद रखेंगे।

**ट्रांसपोर्टरों से भी सहयोग करने की अपील**

इस एक दिन किसानों से भी अपने खेत में नहीं जाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी किसानों के लिए अमावस के समान है। उस दिन किसान खेतों में काम न करें। बल्कि पूरे दिन कृषि हड़ताल पर रहें। जिससे देश में उनकी मांगों को लेकर बडा संदेश जाएगा। दुकानदारों और किसानों से कहा गया है कि वह खरीद-विक्रय न करें और किसान व मजदूरों के समर्थन में अपनी दुकान बंद रखें। उन्होंने कहाकि इस बार किसान संगठनों की जो मांग है, उसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य, पुरानी पेंशन, बेरोजगारी और अग्निवीर प्रमुख मुद्दे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने ट्रांसपोर्टरों से भी सहयोग करने की अपील की है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत बंद में संयुक्त किसान मोर्चा के साथ और भी बहुत सारे संगठन भी शामिल हैं। किसान 16 फरवरी को खेत में काम न करें। दुकानों को भी बंद रखने का अनुरोध है। भारत बंद में न्यनतम समर्थन मूल्य, नौकरी, अग्निवीर, पेंशन आदि मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगो। उल्लेखनीय है कि 2020-21 में किसानों ने बड़े स्तर पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया था और सरकार को इसे वापस लेने के बाध्य कर दिया था।



■ संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले किया जाएगा आयोजन

# देश

उवाच

अंबानी-अडानी राज आ गया है और धर्म जैसी जो चीज निजी है, उसका सरकारीकरण कर दिया गया है। ऐसे में भारत के संविधान में वर्णित धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक और समाजवादी भारत के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है।

-दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा-माले महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 15.0 | 07.0 |
| मुंबई | 26.0 | 19.0 |
| कोलकाता | 18.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# चुनावी साल में कर्पूरी ठाकुर को केंद्र ने दिया भारत रत्न : लालू

## कर्पूरी की जयंती पर राजद कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



**पटना,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी पर राजद के प्रदेश कार्यालय में जयंती समारोह का आयोजन हुआ। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने तैलिय चित्र पर माल्यार्पण कर कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित कई राजद नेता मौजूद रहे। कर्पूरी ठाकुर के भारत रत्न दिए जाने की केंद्र सरकार की घोषणा पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जननायक

**हम लोगों ने वादा किया था कि ठाकुर तेरे अरमानों को दिल्ली तक पहुंचाएंगे : लालू प्रसाद यादव**

कर्पूरी ठाकुर जी समाजिक न्याय के नेता थे। चुनाव नजदीक आ रहा है तब वोट बढ़ाने के लिए भाजपा ने कर्पूरी ठाकुर का नाम लेना शुरू कर दिया है। भारत रत्न की उपाधि तो उनको मिलना ही था। उसको तो हम लेकर ही रहते। हमने कांशीराम जी और लोहिया जी को भी भारत रत्न देने की मांग की थी। यह हमारा हक है कोई भीख नहीं है। हम लोगों ने वादा किया था कि ठाकुर तेरे अरमानों को दिल्ली तक पहुंचाएंगे। हमारी पार्टी राजद ने उस वादे को पूरा किया।

### कर्पूरी जी इस सम्मान के हकदार थे, कोई कृपा नहीं की गई

लालू प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग देश भर में घूम-घूमकर मेरे खिलाफ बोलते हैं। पिछड़ों की ताकत को लोगों को ललकारा। लंबी लड़ाई लड़ी गई। इसके बाद मंडल कमीशन लागू हुआ। तेजस्वी और नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण बढ़ाया। जननायक कर्पूरी ठाकुर की याद उन लोगों को इतने दिन से नहीं आ रही थी। चुनाव नजदीक आया तो वोट जोड़ने के लिए कर्पूरी जी का नाम ले रहे हैं। यह तो होना ही था। जननायक कर्पूरी ठाकुर इसके सच्चे हकदार थे।

### गठबंधन को तोड़ना चाहते हैं यह लोग

वही लालू ने यह भी कहा कि लोग लगे रहते है कि कैसे सरकार के गंठबंधन को तोड़ दिया जाए। यह सब तो होता रहेगा इसका परवाह नहीं करना है.. हम लोग को थोड़ा मजबूती के साथ मुकाबला करना है और जीतेंगे हम ही लोग..जीतना हम ही लोग को है..कितना भी माथा पटक ले। लालू ने कहा कि मंडल कमीशन को लागू करने में कई बार दिल्ली भी गए। मंडल कमीशन को हम लोगों ने लागू कराया। किस परिस्थिति में यह लागू हुआ और कैसे लागू हुआ यह कहना मुश्किल है। वीपी सिंह से मिलने के लिए दिल्ली भी गए थे। वीपी सिंह यह नहीं चाहते थे कि लालू बिहार का मुख्यमंत्री बने। तीन तीन ऑब्जर्वर हमारे खिलाफ जांच करने दिल्ली से आए थे। वही लालू ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि गरीबों को जोड़िए अतिपिछता दलित के घर जाइए और उनको पार्टी से जोड़िये और मजबूत बनाए।

## पहली बार के मतदाताओं से बात करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पहली बार के वोटरों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में देश के कुल मतदाताओं में लगभग सात करोड़ मतदाता पहली बार वोट करेंगे। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इन युवा मतदाताओं ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इन्हीं मतदाताओं से ज्यादा मजबूती के साथ जुड़ने के लिए भाजपा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है।



भाजपा के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 25 जनवरी को देश के 5000 विभिन्न स्थानों से युवा मतदाता पीएम मोदी से बातचीत करेंगे। यह अपने आप में इस तरह का पहला कार्यक्रम होगा जिसमें लाखों की संख्या में पहली बार वोट डालने जा रहे मतदाताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम को नमो मतदाता सम्मेलन का नाम दिया गया है। इन्हीं युवाओं में से कुछ को विकसित भारत के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में रजिस्टर किया जायेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 13 जनवरी को इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण अभियान शुरू किया था।

# आपातकाल भारतीय संवैधानिक यात्रा का सबसे शर्मनाक समय : धनखड़



- संविधान को मूल रूप में उपलब्ध कराने का किया आह्वान
- हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान को मूल रूप में उपलब्ध कराने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि आपातकाल भारतीय संवैधानिक यात्रा का सबसे काला और शर्मनाक समय है। उपराष्ट्रपति ने यहां गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा कि संविधान सभा के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित संविधान की प्रति हमारे बच्चों को नहीं मिल पाती है। यह बहुत दुख की बात है। संविधान की मूल प्रति में 22 लघु चित्र हैं, जिन्हें संविधान के प्रत्येक भाग से पहले सोच-समझकर रखा गया है। इन लघुचित्रों के माध्यम से, संविधान के संस्थापकों ने हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति का सार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन चित्रों को आम जनता नहीं देख पा रही है क्योंकि ये संविधान की प्रचलित प्रतियों का हिस्सा नहीं है।

उन्होंने केंद्रीय कानून मंत्री से यह सुनिश्चित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को उसके प्रामाणिक रूप में संविधान उपलब्ध कराया जाए, जैसा कि हमारे संस्थापकों ने हमें दिया था। संविधान के मौलिक अधिकारों के भाग में श्री राम, सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का लघु चित्र है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण एक बहुत लंबी और दर्दनाक प्रक्रिया थी लेकिन इसे कानून के अनुसार हासिल किया गया और यह दर्शाता है कि देश कानून के शासन में विश्वास करता है। आपातकाल की घोषणा को संवैधानिक यात्रा का सबसे काला और शर्मनाक काल बताया।

### मौलिक अधिकार लोकतंत्र की सर्वोत्कृष्टता का एक अभिन्न पहलू

उपराष्ट्रपति ने मौलिक अधिकारों को लोकतंत्र की सर्वोत्कृष्टता और लोकतांत्रिक मूल्यों का एक अभिन्न पहलू बताया और कहा कि यदि कोई मौलिक अधिकारों का आनंद नहीं लेता है तो वह लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकता है। अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नियति के साथ साक्षात्कार और आधुनिकता के साथ साक्षात्कार के बाद, हमने 22 जनवरी, 2024 को देवत्व के साथ साक्षात्कार किया।

## सार संक्षेप

### प्रतिबंधित पदार्थों के साथ दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित पदार्थों के साथ दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बडगाम जिले के सुंदराबाद नारबल में नियमित जांच के दौरान नारबल चौकी की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को रोका, जिसने मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस ने हालांकि पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से लगभग 940 ग्राम वजन का कोयला जैसा पदार्थ और स्पास्मो प्रोक्सीवॉन प्लस की 80 गोलियां बरामद हुई।

### सड़क दुर्घटना में जात्रा पार्टी के छह सदस्यों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के दुआरसुनी घाट पर बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में जात्रा पार्टी के छह सदस्यों की मौत हो गई और अन्य 11 घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि धौली गणनाट्य का ट्रक रायरंगपुर से जलेश्वर की ओर जात्रा पार्टी के सदस्यों के साथ बिजली का सामान और ध्वनि उपकरण ले जा रहा था। तभी दुआरसुनी घाट में ट्रक पलट गया और छह लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कोहरे और हल्की बूंदाबांदी के कारण घाट रोड पर तीव्र मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पलटकर 20 फुट खाई में जा गिरा।

### उप्र प्रदेश स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है। धनखड़ ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश विविधता और विकास का प्रकाशस्तंभ है। दूरद्रष्टा के नेतृत्व में यह राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है जिससे भारत बहुआयामी प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### डीएमईजेएस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे शिंदे

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 28 जनवरी को सिद्धगिरि कनेरीमठ में दो दिवसीय डिजिटल मीडिया संपादक-पत्रकार संगठन (डीएमईजेएस) सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल उपस्थित रहेंगे। डीएमईजेएस के संस्थापक अध्यक्ष राजा माने ने एक प्रेस बयान में कहा कि दोपहर के सत्र में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ एक साक्षात्कार होगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कौशल भवन का किया उद्घाटन किया

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के नये भवन 'कौशल भवन' का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर सरकार की विभिन्न पहलों जैसे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री जनमन, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) और प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के लाभार्थियों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी स्टालों का दौरा किया और उनसे बातचीत की। कौशल भवन की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी और इसमें मंत्रालय के साथ-साथ इसके सहयोगी संगठनों-प्रशिक्षण महानिदेशालय, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के कार्यालय भी होंगे। आधुनिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित यह अत्याधुनिक भवन नई कार्य संस्कृति की शुरुआत करने और कौशल भारत मिशन को गति देने के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और कुशल कामकाज वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है।



असम में राहुल बनाम सरमा विवाद को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर बोला बड़ा हमला

# डर के चलते भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बाधा डाल रही भाजपा

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। असम में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच राहुल बनाम सरमा विवाद को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि राहुल गांधी की यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है,जिसके चलते भाजपा डरी हुई है और किसी ने किसी बहाने इसे रोकने में लगी है। असम में विवाद के एक दिन बाद कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता जो इस देश में अंग्रेजों को हरा सकते थे,जो उनकी तोपों व फांसी से नहीं डरते थे और जिसके सदस्य वर्षों तक जेल में रहे वे बैरिकेड्स से नहीं डरेंगे। वे कांग्रेस के कार्यकर्ता है। और गांधी जी के रास्ते पर चलते है। हिंसा नहीं करेंगे और कानून नहीं तोड़ेगें, लेकिन यात्रा जारी रखेंगे। बता दें कि कल पुलिस अधिकारियों ने



- जिसके सदस्य वर्षों तक जेल में रहे वे बैरिकेड्स से नहीं डरेंगे : कन्हैया कुमार

असम के नगांव जिले के एक शिवमंदिर में जाने की अनुमति राहुल गांधी को नहीं दी थी। जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं और राज्य पुलिस के बीच झडप हो गई थी। गोवाहाटी से बाहर रोके जाने के बाद सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता कथित तौर पर पुलिस से भिड गए और बैरिकेड तोड दिए। जिसके चलते मुख्यमंत्री हिमंत बस्वि सरमा और 6700 किलोमीटर की यात्रा की अगुवाई कर रहे राहुल गांधी के बीच तीखी नोकझोक हो गई थी। कन्हैया कुमार ने कहा कि पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने मोदी सरकार को परेशान कर दिया था, जिससे उन्हें इस बार की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हस्तक्षेप कर व्यवधान डालना पड़ा। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय स्थापित करने के लिए ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा हो रही है। देश को मौजूदा हालात में युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय की जरूरत है। उनका कहना था कि देश की बहुसंख्यक आबादी आज भी न्याय की सम्पूर्ण स्थापना से बाहर है। देश में 45 वर्षों में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है इसलिए युवा न्याय का मतलब है युवाओं को रोजगार मिले। लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है इसलिए भागीदारी का न्याय चाहिए। नारी न्याय से महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और स्वतंत्र समाज का निर्माण करना है, किसान न्याय से किसानों को उनकी फसल के उचित दाम देना है और श्रमिक न्याय से श्रमिकों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है कांग्रेस सरकार उनको उचित मूल्य दिलाएगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सरकार ने कोई बाधा उत्पन्न नहीं की थी लेकिन इस बार न्याय की इस लड़ाई में अन्यायी शक्तियां बाधा पैदा कर रही हैं।

जिस कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों को हरा दिया जो उनकी तोप से नहीं डरी-वे बैरिकेड से क्या डरेंगे। हम न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जो बाधा पैदा कर रहे हैं वो न्याय द्रोही हैं।

### यात्रा पर हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम में कथित हमले के विरोध में यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मौन धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार समेत अनेक नेता इस अवसर पर मौजूद रहे। धरने के बाद पटवारी ने मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि गांधी देश की जनता को इंसाफ दिलाने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता इससे बौखलाकर यात्रा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं।

# मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को फरवरी में अयोध्या न जाने की दी सलाह

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो गई। लेकिन केंद्रीय मंत्रियों की जल्द से जल्द अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करने की साध फिलहाल पूरी होती नजर नहीं आ रही है। सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियो को सुझाव दिया है कि वे मार्च तक के लिए अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने की अपनी योजना को फिलहाल स्थगित कर दें। उनका कहना था कि केंद्रीय मंत्रियों के इस समय अयोध्या जाने से वीआईपी आवागमन और प्रोटोकॉल के चलते आम लोगों को काफी परेशानी हो सकती है। इसलिए वे जाने से बचें,ताकि ज्यादा से ज्यादा आम नागरिक रामलला का दर्शन कर सके। मालूम हो कि इस समय अयोध्या जाने वालों की भारी भीड है, प्रशासन को नियंत्रण करने में पसीने आ रहे हैं।



- मार्च तक के लिए रामलला के दर्शन करने की योजना को करें स्थगित

जगह-जगह अयोध्या जा रही बसो को रोका भी जा रहा है। मंगलवार को 5 लाख लोगों ने दर्शन किया और लाखो लोग दर्शन की प्रतीक्षा में रहे। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का अयोध्या जाने का कार्यक्रम आ चुका है। वे 4 फरवरी को रामलला के दर्शन करेंगे। इसके अलावा तमाम भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उनके मंत्रिपरिषद का कार्यक्रम भी सार्वजनिक हो गया है। वहीं वीआईपी लोगों का भी अयोध्या पहुंचने का सिलसिला जारी है। इससे पहले राम मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को भी रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बताया गया कि दोपहर तक लगभग तीन लाख लोगों ने भगवान के दर्शन किए। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके अगले दिन मंगलवार को राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए खोल दिए गए थे।

## शहजान शेख के आवास पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित पीडीएस घोटाला मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस नेता शहजान शेख के सरबेरिया स्थित घर पर छापेमारी शुरू की। गत पांच जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता के आवास पर छापे मारने के लिए पहुंचे ईडी अधिकारियों पर उनके समर्थकों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना के 19 दिन बाद आज फिर से यह कार्रवाई शुरू की गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी चाबी की मरम्मत करने वाले व्यक्ति को साथ ले गये, जिसने जल्दी ही दरवाजा खोला और वे तलाशी के लिए घर में घुसे। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारी तलाशी में लगे हुए हैं । सुरक्षा के लिए उनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी और जवान भी साथ हैं। ईडी ने तलाश अभियान के दौरान दो स्थानीय लोगों को भी गवाह के तौर पर लिया है।

# मणिपुर को संकट से बचाने को विधायकों व नागरिक समाज ने लिया संकल्प

### निष्पक्ष केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को तैनात करने की जरूरत पर बल दिया

**इंफाल,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के विधायकों और नागरिक समाज मंच 'अरामबायी तेंगगोल' के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्य को मौजूदा संकट से बचाने के लिए संयुक्त रूप से काम करने की बुधवार को शपथ ली।

प्रदेश के विधायक और अरामबाई तेंगगोल के हजारों सदस्य कांगला के पास पहुंचे, हालांकि केवल मंत्रियों और विधायकों और अरामबाई तेंगगोल के कुछ नेताओं को इस प्राचीन स्थल में प्रवेश करने की अनुमति थी।इस मौके पर नेताओं ने कहा कि वे राज्य में 1951 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की मांग पर सहमत हुए हैं। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने कुकी उग्रवादियों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन (एसओओ) को रद्द करने की मांग पर भी सहमति जताई। इसके साथ ही शरणार्थियों को म्यांमार से मिजोरम ले



जाने, सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू करने, कुकी को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाने और मणिपुर से असम राइफल्स को वापस लेने का भी निर्णय लिया गया।

यह पहला मौका है जब सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष के विधायक पहली बार मानव जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने में केंद्रीय सुरक्षा बलों की विफलता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एकजुट हुए हैं। उन्होंने निष्पक्ष केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को तैनात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

चौकसी — *जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोहों को लेकर सुरक्षा के उचित इंतजाम*

# किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने को सुरक्षाधिकारी मुस्तैद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 24 जनवरी (देशबन्धु)। अगर आप इस बार जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोहों में शिरकत करने जा रहे हैं तो आपको अपने जूते उतारने के लिए तैयार रहना होगा। भयानक सर्दी हो, सुरक्षाकर्मियों द्वारा आपको जूते उतार कर उन्हें जांचने के काम में रूकावट नहीं बनना होगा। दरअसल 13 दिसम्बर 2023 को भारतीय संसद के भीतर दो लोगों द्वारा जूतों** में छुपा कर ले जाने की घटना के उपरांत जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोहों की सुरक्षा संभालने वाले अधिकारियों को डर है कि शरारती या आतंकी तत्व ऐसी तकनीक का इस्तेमाल करके कुछ बड़ा कर सकते हैं। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर इस बार के गणतंत्र दिवस पर सुरक्षाधिकारी किसी प्रकार के खतरे से इंकार करते थे पर दबे स्वर में इसे जरूर मानते थे कि जूते और ड्रोन खतरा जरूर बन सकते हैं। जम्मू में गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा का जिम्मा संभलने वाले एक सुरक्षाधिकारी के बकौल, ऐसे में वे कोई खतरा मोल नहीं ले सकते। अत: समारोहों में शिरकत करने वालों को सुरक्षा जांच में सहयोग देना ही होगा। जानकारी के लिए प्रदेश में जम्मू के एमए स्टेडियम में होने जा रहे गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता उप राज्यपाल मनोज सिन्हा करेंगें जबकि सबसे बड़ा समारोह हर बार की तरह श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में ही होगा। बख्शी स्टेडियम हमेशा ही आतंकी निशाने पर रहा है जो अतीत में कई बार आतंकियों के राकेट हमलों को भी झेल चुका है।



- हमेशा आतंकी निशाने पर रहा बख्शी स्टेडियम

अधिकारियों ने बताया कि नेशनल हाईवे से लेकर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा चुकी है और दावा तो यह है कि परिन्दा भी पर नहीं मार सकता। पर डर उन ड्रोनों का भी है जो एक बार जम्मू के एयरफोर्स स्टेशन पर भी हमला कर चुके हैं। यही नहीं सीमा पार से होने वाली घुसपैठ, सुरंगों के रास्ते आतंकियों को इस ओर धकेलने तथा एलओसी पर बैट हमलों की आशंका भी सुरक्षाधिकारियों की चिंता के विषय जरूर बने हुए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर एमए और बक्शी स्टेडियम के चारों तरफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जम्मू में एमए स्टेडियम के चारों तरफ पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है, जबकि एमए स्टेडियम के साथ लगती तवी नदी के किनारे भी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा स्टेडियम के प्रवेश द्वार को भी सील कर दिया गया है। शुक्रवार को शहर में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर ट्रैफिक विभाग ने कई रूट्स डायवर्ट करने के साथ वाहन चालकों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बिक्रम चौक फ्लाइओवर, ज्यूल चौक से जेपी चौक, भगत सिंह चौक से ज्यूल चौक, विनायक बाजार से डोगरा चौक-बिक्रम चौक, पुलिस मुख्यालय क्रासिंग से पुलिस स्टेशन बाग-ए-बाहु क्रासिंग प्रतिबंधित मार्ग रहेंगे, जहां वाहनों के परिचालन की अनुमित नहीं होगी।

उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।



# राजधानी दिल्ली अब हो रही साफ : शैली

## मेयर ने बवाना विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने अब दिल्ली होगी साफ अभियान के अंतर्गत बवाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने दिल्ली की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए निगम की आप सरकार द्वारा चलाए जा रहे मैराथन निरीक्षण अभियान के अंतर्गत गुरूवार को लगभग 12 किलोमीटर चलकर बवाना विधानसभा के वार्ड नं 26 पूठ कलां, वार्ड नं 28 शाहबाद डेयरी एवं वार्ड नं 30 बवाना का दौरा किया। इस दौरान मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि हमने दिल्ली की जनता से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का वादा किया है। अब दिल्ली हो रही है साफ के ध्येय के साथ कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की जनता भी हमारे साथ है तथा जनता की भी समस्याएं हैं उनको आज ही निस्तारित करने के लिए उपायुक्त को कहा गया है। आने वाले समय में मैराथन निरीक्षण को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली को साफ सुथरा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज इस मैराथन निरीक्षण का सातवां दिन है। यह निरीक्षण मार्च माह के दूसरे सप्ताह तक चलेगा। मैराथन निरीक्षण के दौरान हम निगम के सभी 250 वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे। दिल्ली की साफ सफाई नगर निगम की मूलभूत जिम्मेदारी है लेकिन कहीं न कहीं जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा। यह निरीक्षण एक जनजागरण अभियान भी है, जहां हम जनता से फीडबैक ले रहे हैं तथा जनता को समझा भी रहे हैं कि कूड़ा सड़क पर नहीं फेंकना है। जबतक जनता यह आदत नही छोड़ेगी हम दिल्ली को साफ करने के अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो पाएंगे। दिल्ली को साफ रखने के कार्य में नगर निगम अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है अब जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी। मेयर शैली ओबरॉय ने इस दौरान निर्देश देते हुए कहा कि नालियों से गाद निकालकर उनकी साफ सफाई की जाए।



हमने दिल्ली की जनता से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का वादा किया है : डॉ. शैली ओबरॉय

### अवैध पार्किंग हटाकर बारात घर बनाया जाए

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने वार्ड नं 26 के निरीक्षण के दौरान सीएसडी विभाग की जमीन पर अवैध रूप से चल रही पार्किंग को बंद कर वहां बारात घर के निर्माण के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा है। वार्ड 28 शाहबाद डेयरी के निरीक्षण के दौरान मुख्य सड़क पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कड़ा ऐतराज जताया। साथ ही निर्देश दिए कि नालियों के ऊपर बने थड़े तोड़कर अच्छी तरह नालियों की सफाई की जाए। वार्ड 30 बवाना के निरीक्षण के दौरान निगम के नाले को ऊंचा उठाकर बनाने के लिए कहा एवं उसकी अच्छी तरह से सफाई करने के निर्देश दिए। मेयर ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। बवाना स्थित निगम बालिका विद्यालय के सामने नाला ओवरफ्लो के कारण बच्चों को विद्यालय जाने में होने वाली परेशानी का संज्ञान लेकर इसे जल्द से जल्द ठीक करने के लिए कहा।

## डॉ. सैयद अहमद खान फेस राजधानी रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान को दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मानव जागरूकता विकास समीति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में असिस्टेंट जिला मजिस्ट्रेट एडीएम के हाथों राजधानी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार मिलने पर तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. शकील अहमद ने डॉ. सैयद अहमद खान को तहे दिल से बधाई दी और कहा कि जब आप जीवन के कीमती समय में से कुछ समय लोगों और समाज की भलाई के लिए निकालते है तो समाज में सुधार होता है। इसलिए हमें ऐसे लोगों के कार्यों की सराहना करनी चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए जो सामाजिक सेवाओं में हमेशा पेश पेश रहते हैं। डॉ. शकील अहमद ने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी को भी बधाई दी।

# नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे व कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी

### नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की बैठक में दी गई मंजूरी

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की बैठक में नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों को गुरूवार को मंजूरी दी गई। परिषद बैठक की अध्यक्षता पालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य-एनडीएमसी वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा की उपस्थिति में विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी गई। बैठक में एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों में कक्षा-9वीं से कक्षा 12वीं तक के छात्रों और शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग के लिए 8766 प्री-लोडेड टैबलेट के वितरण की मंजूरी दी गई ज्ञात हो कि एनडीएमसी ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को 811 टैबलेट वितरित किए थे। अब इस परियोजना को सभी एनडीएमसी, नवयुग स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों और इन कक्षाओं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टैबलेट की खरीद और वितरण के लिए बढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुल 29 एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों में कंप्यूटर लैब्स के उन्नयन के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया।

जिसमें कंप्यूटर और उसके बाह्य उपकरणों की खरीद शामिल है, एमएस ऑफिस और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर के साथ प्रीलोडेड विंडो, नेटवर्किंग, इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल और प्रिंटर के साथ 05 साल की ऑनसाइट व्यापक वारंटी शामिल है। कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के रखरखाव पर परिषद द्वारा विचार किया गया और अनुमोदित किया गया।



## सार संक्षेप

### एसएईएल ने अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने के लिए 1 अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** सौर और अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं में विशेषज्ञता वाली प्रमुख भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी, एसएईएल ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में साझेदारी के सफल गठन और कुल 1 अरब डॉलर तक की पूंजी जुटाने की घोषणा की। नॉर्वे के माननीय राजदूत, मिशन के उप प्रमुख, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस आयोजन में शामिल हुए। नॉरफंड, डीएफसी, एडीबी, टाटा क्लीनटेक व अन्य वित्तीय संस्थान पूंजी जुटाने में प्रमुख भागीदार हैं। इस अवसर पर नॉरफंड के सीईओ टेललेफ थोरलीफसन ने कहा कि हम एसएईएल के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, और हम नॉर्वेजियन क्लाइमेट इन्वेस्टमेंट फंड के प्रबंधन के लिए नॉरफंड के जनादेश के अनुरूप, अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए कंपनी के प्रयासों को और वित्तपोषित करने में सक्षम होने से खुश हैं।

### डाबर ने लॉन्च किए स्पेशल लिमिटेड एडीशन अयोध्या पैक

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड्स-डाबर रैड पेस्ट और डाबर आंवला हेयर ऑयल-के स्पेशल एडीशन अयोध्या पैक लॉन्च किए हैं। इस पावन शुरूआत के उपलक्ष्य में खुशियों को बढ़ाने के लिए ये लिमिटेड एडीशन पैक डिजाइन किए गए हैं। ये स्पेशल पैक दो महीने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के बाजारों में उपलब्ध होंगे। 'डाबर रैड पेस्ट और डाबर आंवला हेयर ऑयल के लिए लिमिटेड एडीशन अयोध्या पैक का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर ये स्पेशल पैक लॉन्च किए गए हैं और हमें खुशी है कि हमें इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने का मौका मिला है। ये पैक हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं परम्पराओं के प्रति हमारे सम्मान की पुष्टि करते हैं।' डाबर इंडिया लिमिटेड के एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट- मार्केटिंग श्री अभिषेक जुगरान ने कहा। इन पैक्स के फ्रंट पैनल पर राम मंदिर की तस्वीर दी गई है, जो इस ऐतिहासिक अवसर के सार को दर्शाती है।

### सर्वभाषा कवि सम्मेलन का होगा प्रसारण

**नई दिल्ली।** आकाशवाणी की ओर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वभाषा कवि सम्मेलन का प्रसारण किया जाएगा। संविधान में मान्यता प्राप्त सभी 22 भाषा की चयनित कविताएं इसमें शामिल हैं। बताया गया कि देश के सभी केंद्र चयनित कविताओं को मूल कविताओं के साथ अपने-अपने प्रदेश की भाषाओं में अनुवाद करके प्रसारित करेंगे। इन सभी कविताओं का हिन्दी अनुवाद आकाशवाणी, दिल्ली के साथ-साथ सभी हिन्दी भाषी केंद्रों से किया जाएगा।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। गरीबों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जन्म जयंती और उन्हें भारत रत्न मिलने के अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और ओ.बी.सी. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओबीसी समाज की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर भारत रत्न के हकदार थे और प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार कर उनकी 100 वीं जन्म जयंती पर भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ और बिहार राज्य के दो बार मुख्यमंत्री और एक बात उपमुख्यमंत्री रह चुके है। दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता और समाजिक न्याय के पुरोधा महान जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष पर उन्हें भारत रत्नसे सम्मानित करने का निर्णय उनके अथक संघर्षों को सच्ची श्रद्धांजलि है। सचदेवा ने कहा कि इस निर्णय से युवा पीढ़ी भी कर्पूरी ठाकुर के महान योगदान को जान पाएगी। पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए कर्पूरी ठाकुर के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। सुनील यादव ने कहा जननायक कर्पूरी ठाकुर ने अपने दो कार्यकाल में जिस तरह की छाप बिहार के समाज पर छोड़ी है, वैसा दूसरा उदाहरण नहीं दिखता। खास बात ये भी है कि वे बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने ढाई महीने जेल में बिताए थे। बेदाग छवि के श्री कर्पूरी ठाकुर आजादी से पहले 2 बार और आजादी मिलने के बाद 18 बार जेल गए। सुनील यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय से देश के पूरे ओबीसी समाज में खुशी का माहौल है।



# प्रेम जैन मेमोरियल ट्रस्ट ने 'प्रेम जैन मेमोरियल एड्रेस' के छठे संस्करण की मेजबानी की

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रेम जैन मेमोरियल ट्रस्ट ने 24 जनवरी, 2024 को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें प्रतिष्ठित प्रेम जैन मेमोरियल लेक्चर और दो प्रभावशाली पुस्तकों का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली, के सी डी देशमुख ऑडिटोरियम में अयोजित किया गया। मुख्य भाषण क्रिस्टोफर चार्ल्स बेनिंगर द्वारा दिया गया और मुख्य वक्ता माननीय न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल रहे। भारत के सस्टेनेबिलिटी चैंपियंस के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित, हरित-प्रेम भारत महोत्सव को हरित पृथ्वी के लिए आयोजित किया गया। ट्रस्ट, वर्तमान और भावी पीढ़ियों की शिक्षा, मान्यता और पोषण के माध्यम से स्थिरता प्रतिमान स्थापित करने के मिशन के साथ, पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता पैदा कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व प्रसिद्ध आर्किटेक्ट क्रिस्टोफर बेनिंगर द्वारा दिए गए प्रेम जैन मेमोरियल लेक्चर से हुई। इसके बाद न्यायमूर्ति श्री आदर्श गोयल का मुख्य भाषण रहा। क्रिस्टोफर चार्ल्स बेनिंगर ने मेमोरियल लेक्चर में कहा, 'हमारे शहरों में केवल 36 प्रतिशत लोग ही शहर के अधिकारों का आनंद लेते हैं जबकि शेष 64 प्रतिशत का जीवन अस्थिर रहता है। प्रकृति, परंपरा और प्रौद्योगिकी के साथ संतुलन सहित बुद्धिमान शहरीकरण के 9 सिद्धांतों की उनकी व्यावहारिक खोज, संपन्न और समावेशी शहरी निर्माण में दक्षता, मानव पैमाने, सौहार्द, एक अवसर मैट्रिक्स, संतुलित आंदोलन और संस्थागत अखंडता के वातावरण महत्व पर जोर देती है।'




# टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का वांछित शार्पशूटर गिरफ्तार

### दिल्ली व हरियाणा क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक मामलों में था शामिल

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक वांछित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली और हरियाणा क्षेत्र में विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल था। आरोपी की पहचान नरेला निवासी शिवम उर्फ नितेश उर्फ भूमि (25) के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि अदालत की तारीखों पर पेश नहीं होने के कारण ट्रायल कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

सूत्रों के अनुसार, शिवम जमानत पर बाहर अपने पुराने सहयोगियों और जेल में बंद कैदियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में नकदी डकैती करने के लिए अपना गिरोह बनाने की फिराक में था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए उसे गोला-बारूद के साथ-साथ हथियार भी खरीदे। उसके कब्जे से चार जिंदा कारतूस के साथ एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) मनोज सी. ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में अपराध को रोकने के लिए पुलिस की एक टीम विभिन्न आपराधिक सिंडिकेट और अपराधियों के खिलाफ लगातार काम कर रही है।

डीसीपी ने आगे कहा कि इस प्रक्रिया में टीम ने कुख्यात टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक शार्पशूटर शिवम की पहचान की। 19 जनवरी को उसकी गतिविधि पर नजर रखी गई और उसे संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के पास से पकड़ लिया गया। जिस समय पुलिस की टीम शिवम को पकड़ने को प्रयास कर रही थी, उस समय वह पुलिस की पकड़ से दूर भागने की कोशिश करने लगा। भागने के दौरान शिवम ने लोडेड पिस्तौल निकाल ली और पुलिस टीम पर गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि, टीम ने उसे पकड़ लिया। 2018 में जितेंद्र उर्फ गोगी और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के बीच लंबे समय से चले आ रहे गैंगवार के कारण दोनों पक्ष अपने गिरोह को मजबूत करने के लिए स्थानीय लड़कों/अपराधियों को लुभाने में लगा हुए थे।

डीसीपी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मंजीत उर्फ चमरा और मोनू किडोली के माध्यम से शिवम ने टिल्लू गिरोह से हाथ मिलाया। इसी बीच गोगी गैंग के अरमान ने मंजीत से संपर्क किया और उस पर गोगी गैंग से हाथ मिलाने का दबाव डाला। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही मंजीत ने पाला बदलने से इनकार किया, तो अरमान और गोगी गैंग के अन्य सदस्यों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देनी शुरू कर दी। फिर अगस्त 2018 में मंजीत ने शिवम और मोनू किधौली के साथ मिलकर नरेला में अरमान की हत्या कर दी।



# सहज गीता नामक पुस्तक का किया विमोचन

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। विदेश तथा संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सहज गीता नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन समारोह में माननीय उपसभापति हरिवंश भी उपस्थित थे। सहज गीता में संपूर्ण भगवद्गीता को सरल हिंदी काव्यात्मक शैली में लिखा गया है जिसके रचनाकार आईआईटी, कानपुर और आईआईएम, बैंगलोर के पूर्व छात्र अविनाश कुमार हैं। यह पुस्तक भगवद्गीता का हिंदी काव्यात्मक शैली में सरलीकृत अनुवाद और लयबद्ध लिपि होने के अलावा, रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करती है जहां आनंदमय और सरल जीवन के लिए गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है।

मीनाक्षी लेखी ने की कार्यक्रम में शिरकत



# परीक्षा पे चर्चा के लिए हुए रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ पंजीकरण हुआ है। यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक अनूठी पहल परीक्षा पे चर्चा 2024 के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस) में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के परीक्षा मंत्रों पर आधारित इस मेगा इवेंट में 60 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

29 जनवरी को सुबह 11 बजे से होगा आयोजन



उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सन्दर्भः निविदा सूचना सं. 75/2023-2024 दिनांक 13.12.2023 क्र. सं. 03. निविदा संख्या 06235038A खुलने की तिथि 29.01.2024

उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि को संशोधित किया गया है। नया खुलने की तिथि 13.02.2024 है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। दिनांक: 24.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 267/24

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

निविदा सूचना संख्या : 32-W-SIDE-PATHWAY-DLI-BTI Date: 23.01.24

कार्य का नाम व स्थान : सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में दिल्ली-भटिण्डा खंड के पुल संख्या 253 (2x12.2m), 254 (3x12.2m), 255 (12x12.2m), 256 UP & DN (5x12.2m), 270 (1x12.2m), 278 (3x12.2m), 299 (5x12.2m), 327 (1x12.2m), 8 (1x9.15+1x18.3m) S/L, 208 UP (2x12.2m), 163 DN (1x9.15+1x18.3m), 163 UP (1x45.7m), 208 DN (1x45.7m) and 246 (1x45.7m) पर साइड पाथवे का कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत : रु. 3,21,67,070.92

धरोहर राशि : रु. 3,10,800/-

कार्य पूर्ण करने की अवधि : 8 (आठ) महीने

निविदा जमा करने व खुलने का समय : दिनांक 16.02.2024 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात।

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 262/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1(पी-2), ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख (तह०) /360/2024 दिनांक : 24.01.2024

सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औ० वि० प्राधिकरण द्वारा ग्राम जगनपुर अफजलपुर स्थित अर्जित भूमि (इन्टचेंज, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे तथा कन्सेशनायर (जे०पी० इन्फ्राटेक) को हस्तान्तरित भूमि के क्षेत्रफल को छोड़कर) के सापेक्ष अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किया जाना प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा नम्बर |
|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 12,13,14,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27,28,29,34,36,37,38,39,40,42,43,47,48,49,50,51,52,53,54,55,57,58,59,61,62,63,64,65,66,68,69,70,71,72,74,75,76,77,78,79,80,81,82,83,84,85,87,88,89,90,91,92,93,94,95,98,99,100,101,102,103,104,105,106,107,108,109,110,111,112,113,114,115,116,117,118,119,120,126,128,129,130,131,132,133,134,135,136,137,138,139,140,141,142,143,144,145,146,147,148,149,150,151,152,153,154,155,156,157,158,159,160,161,162,163,165,166,169,170,202,203,211,213,217,244,245,248,252,253,254,255,256,257,258,259,260,261,262,263,264,265,266,267,268,269,270,271,272,273,274,275,276,277,278,279,280,281,282,283,284,285,291,293,294,295,297,298,299,309,310,312,313,315,316,325,405,455,456,487,491,493,495,609,616,617,622,624,813,815,816,817,825,826,829,830,832,838,839,840,841,843,844,845,846,847,848,850,851,852,853,854,855,856,857,858,859,860,861,862,863,864,866,867,868,869,870,871,873,874,875,876,877,878,879,880,881,882,883,884,885,886,887,888,890,891,892,893,894,895,896,898,899,900,901,902,903,904,905,906,907,908,909,910,911,912,913,914,915,916,917,918,919,920,929,936,939,943,947,948,949,953,956,958,987,988,989,990,991,992,994,1023,1024,1025,1028,1033,1034,1035,1036,1037,1038,1039,1040,1041,1042,1043,1044,1045,1046,1047,1049,1062,1063,1064,1065,1066,1067,1068,1069,1070,1071,1072,1073,1074,1075,1076,1077,1078,1079,1081,1082,1083,1084,1085,1087,1089,1090,1091,1092,1093,1095,1096,1097,1098,1099,1100,1101,1102,1103,1104,1105,1107,1108,1109,1110 & 1111 |

उक्त भूमि के अतिरिक्त प्रतिकर का वितरण अपर जिलाधिकारी (भू०अ०) जनपद गौतमबुद्धनगर से किया जाना है। अतिरिक्त प्रतिकर वितरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अपर जिलाधिकारी (भू०अ०) जनपद गौतमबुद्धनगर कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी
यमुना एक्सप्रेसवे औ० वि० प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

बालिका दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम बालिकाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह अच्छा अवसर है जब हम अपनी बालिकाओं को सशक्त करने के लिए बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, अवसर की समानता एवं समता आधारित भागीदारी सुनिश्चित करें:- **डा. ललित कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पीसी-पीएनडीटी के नोडल अधिकारी**

## एनटीपीसी के सामने फोड़ी मटकी

### यात्रा में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं, जब तक मांग पूरी नहीं जारी रहेगा धरना

**नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद की देखरेख में एनटीपीसी और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित करीब 105 गांवों के किसान पैदन मार्च किया। इसके बाद एनटीपीसी के सामने जाकर मटकी फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। इससे पहले सैकड़ों की संख्या में किसान मोदी मॉल के पास एकत्रित हुए। यही से मटकी लेकर पैदल यात्रा निकाली गई। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्रदर्शन उग्र होता रहेगा।

नोएडा प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी की गई है। आज मटकी यात्रा निकालने के बाद आगे भी इस तरह के प्रदर्शन किए जाते रहेंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में भारी संख्या में किसान मातृशक्ति व बुजुर्ग युवा शक्ति दिन रात धरने पर है। धरना चलते हुए बहुत समय हो गया। लेकिन अभी तक समान मुआवजा व रोजगार, 10 फीसदी प्लाट अन्य मांगों पर अभी कुछ काम नहीं हुआ। उससे किसानों में भारी आक्रोश है। अगर अब काम नहीं करते हैं तो ठीक नहीं होगा। किसान अबकी बार आर पार के मूड में है।

खलीफा ने बताया कि चार साल से एनटीपीसी के किसान धरने पर बैठे हैं। अब अगर काम नहीं होता है तो किसान जल्दी ही दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी का घेराव करने का काम करेंगे।



#### एनटीपीसी में शामिल किसानों की मांग

- >>> एक समान दर से मुआवजा दिया जाए
- >>> बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए
- >>> एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।
- >>> एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भूविस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।
- >>> 200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

## जूता बनाने वाली बंद पड़ी कंपनी में आग

**नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। फेस-2 थाना क्षेत्र में बंद पड़ी जूते की फैक्ट्री में मंगलवार देररात आग लग गयी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कंपनी के अंदर रखी मशीनरी व अन्य सामान जलकर राख हो गया। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। वहां मौजूद गार्ड ने दमकल विभाग को जानकारी दी थी। यह कंपनी नोएडा के स्पेशल इकोनामिक जोन के अंदर है। सूचना मिलने पर एसीपी सेंट्रल नोएडा प्रथम दीक्षा सिंह भी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और नोएडा पुलिस की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात एनएसईजेड बाउंड्री के अंदर प्लॉट नंबर 21, 22 स्थित मिड ईस्ट इंडिया लिमिटेड नाम की कंपनी में अचानक आग गयी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को काबू में किया। कोई जनहानि नहीं हुई है। गार्ड इंचार्ज प्रमोद ने बताया कि यह जूते बनाने की कंपनी थी, जो कई साल से बंद पड़ी है।

**पुरानी मशीनरी जलकर राख, दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**

## प्रभारी मंत्री ने किया यूपी दिवस का शुभारंभ

### सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामलला के होंगे दर्शन, ओडीओपी स्टॉलों से बढ़ेगा निवेश

**नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-33 स्थित शिल्प हॉट में उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारंभ किया गया। तीन दिन तक आयोजित होने वाले यूपी दिवस की थीम 'उत्तर प्रदेश समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत' रखी गई है। इस मौके पर प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, नोएडा विधायक पंकज सिंह, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के अलावा नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम, डीएम मनीष वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री आदि मौजूद रहे। सभी ने यहां लगे स्टॉल का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह ने रिबन काटकर यूपी दिवस का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने नोएडा की विकास गाथा पर आधारित गैलरी को देखा। इसके बाद नोएडा, ग्रेटरनोएडा और अन्य स्टॉल पर गए। वही विभिन्न जिलों के ओडीओपी से संबंधित स्टॉल पर गए और बातचीत की। साथ ही राम मंदिर के मॉडल के पास सभी ने सेल्फी भी खींची। नोएडा के सेक्टर-33 स्थित शिल्प हॉट में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है। इसमें पहले दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां रोड शो, उद्यमी सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में उप्र सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल उप्र साइबर सुरक्षा, उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई है। करीब 100 से ज्यादा ओडीओपी उत्पाद लगाए गए है। इसके साथ हस्तशिल्प ग्रामोद्योग मेला ,जिला स्तरीय चित्रकला, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता, रामोत्सव को जोड़कर सांस्कृतिक कार्याक्रम के अलावा यहां स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए है। जोकि प्रदेश के अलग-अलग जिलों के स्वादिष्ट व्यंजनों पर आधारित है। इसके अलावा यहां करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलन्यास भी किया जाएगा।



#### कार्यक्रम में प्रवेश करते ही होंगे प्रभु श्री राम के दर्शन

यूपी दिवस शिल्प हॉट में मनाया जा रहा है। यहां राम मंदिर मॉडल और उसके साथ प्रभु श्री राम का चित्र लगाया गया है। लोग यहां दर्शन कर सकते है साथ ही सेल्फी भी ले सकते है। प्रभारी मंत्री समेत अन्य लोगों ने भी यहां सेल्फी ली। इसके अलावा गेट पर नोएडा प्राधिकरण की विकास गाथा और यूपी की गाथा को भी दर्शाया गया है। जिसे आर्ट गैलरी नाम दिया गया है। प्रभारी मंत्री इसका जायजा लिया । यहां 100 से ज्यादा ओडीओपी के स्टॉल लगाए गए है। इसके लिए अलग-अलग जिलों से सामान पहुंचा है। पहले दिन लोगों ने यहां स्टॉल देखे और खरीदारी भी की।

## सार संक्षेप

### जहर खाने के बाद उपचार के दौरान युवक की मौत

नोएडा। जहर खाने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक की उपचार के दौरान मंगलवार देर रात मौत हो गई। अस्पताल से सूचना पर मौके से पहुंची फेज तीन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गाजियाबाद निवासी 26 वर्षीय वरुण कुमार ने अपने घर में जहर खा लिया था। उसे गंभीर हालत में परिजनों ने उपचार के लिए सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर उपचार के दौरान वरुण कुमार की मंगलवार की देर रात को मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर फेज तीन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा है। इसके साथ ही गाजियाबाद पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है।

### घर से 15 लाख की ज्वैलरी व नगदी चोरी

नोएडा। सेक्टर 12 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से चोर दिनदहाड़े लाखों रुपये की ज्वैलरी और नगदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने उनके घर पर काम करने वाले दो लोगों पर संदेह जाहिर किया है। सेक्टर 24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में उत्सव गौड़ ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 12 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर पर इस समय निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें कई लोग काम पर लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी की शाम को 6 बजे के करीब उनके घर से 15 लाख रुपये कीमत की ज्वैलरी और नगदी चोरी हो गई है। चोर उनके घर से एक मंगल सूत्र, तीन सोने की चेन,दो टीके,पांच अंगूठी, दो सेट गले का हार, चार चूड़ी, चार पायल,पांच चांदी के सिक्के के साथ ही कुछ अन्य जेवर और पचास हजार रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए । पीड़ित ने उनके घर पर काम करने वाले दो राजगीर पर चोरी का संदेह जाहिर किया है। घटना के बाद से दोनों गायब हो गए हैं।

## प्लास्टिक फैक्टरी पर छापा: 50 माइक्रोन के नीचे की 15 क्विंटल प्लास्टिक जब्त, 25 हजार का जुर्माना





**गाजियाबाद,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम का अभियान बुधवार को भी जारी रहा। नगर निगम, स्वास्थ विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड। की सयुंक्त की टीम ने बुधवार को वसुंधरा जोन में एक प्लास्टिक फैक्टरी में छापा मारकर 25 माइक्रोन से नीचे की 15 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की। साथ ही 25 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला। उधर नजर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने लोगों से अपील की है कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें इससे हर नुकसान होता है। नगर निगम वसुंधरा जोन के प्रभारी सुनील राय, प्रवर्तन दल प्रभारी दीपक शरण में तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मदन गोपाल के नेतृत्व में टीम आज सनराइज पैकिंग फैक्ट्री स्टील कंपाउंड साहिबाबाद साइट फॉर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंची और एक फैक्टरी में छापा मारकर 15 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद की। जिसको जब्त कर लिया गया है । साथ ही 25 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

नगर आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, ई टी एफ टीम, वसुंधरा जोन की टीम, तथा पॉल्यूशन बोर्ड की टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही की है। जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के लैब असिस्टेंट मदन गोपाल द्वारा जांच करने पर ज्ञात हुआ कि प्लास्टिक 50 माइक्रोन से भी नीचे है। कार्यवाही करते हुए जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा जुर्माना भी वसूला गया। आगे से प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की हिदायत भी दी गई।

## हाउस टैक्स वसूली को लेकर बढ़ रही है निगम की रफ्तार, उद्योग बंधुओं ने जमा हुए 91 लाख

### 5 प्रतिशत छूठ के 7 दिन शेष, नगर आयुक्त ने संपत्ति कर जमा करने की अपील

**गाजियाबाद,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की प्लानिंग के अनुसार हाउस टैक्स वसूली को लेकर जन जागरूकता अभियान भी चल रहे हैं। सेल्फ एसेसमेंट से टेक्स जमा करने हेतु शहर में लगातार प्रचार प्रसार भी हो रहा है, देखने में आ रहा है कि उद्योग बंधु भी गाजियाबाद नगर निगम टीम का सहयोग करने के लिए आगे आए हैं तथा संपत्ति कर जमा कर रहे हैंद्य लोहा मंडी के अध्यक्ष अतुल जैन तथा अन्य व्यापारियों द्वारा मिलकर कवि नगर जोन के अंतर्गत हाउस टैक्स जमा कराने में वसुंधरा जोन की टीम का सहयोग किया, पांचो जोन के अंतर्गत इसी प्रकार की कार्यवाही के चलते अधिक कर वसूली निगम को प्राप्त हो रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि 31 जनवरी 2024, 5 प्रतिशत छूट का अंतिम दिन है। करदाताओं से अपील की है कि वह 31 जनवरी 2024 तक अपना हाउस टैक्स अवश्य जमा कर दें साथ ही टैक्स से छूटे हुए भवन भी सेल्फ एसेसमेंट के माध्यम से अपना हाउस टैक्स जमा कर सकते हैं। 31 जनवरी 2024 के उपरांत कार्यवाही को और अधिक तेजी से किया जाएगा जिसमें ऐसे भवन जिन पर अभी तक टैक्स नहीं लगा है उनको चिन्हित कर जुर्माना के साथ टैक्स वसूला जाएगा।

प्लानिंग के साथ जोनल प्रभारी भी अपने ने क्षेत्र में कर वसूली को बेहतर कर रहे हैं तथा जिसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट नगर आयुक्त द्वारा देखी जा रही है अभियान के तहत पांचो जोंन से लगभग 91 लाख निगम कोष में जमा हुए, मोहन नगर जोन के अंतर्गत से 11 लाख, वसुंधरा जोन से 32 लाख, कवि नगर से 15 लाख, विजयनगर जोन से 6 लाख, सिटी जोन से 27 लाख की वसूली की गई है।





## जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर गोष्ठी आयोजित, भारत रत्न दिए जाने की मांग उठी



**गाजियाबाद,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय सेन समाज ने आज साहिबाबाद में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान में शिक्षा की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने हमेशा गरीबों, पिछड़े की लड़ाई लड़ी। उन जैसा ने जननायक आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। यदि उनके विचारों पर चला जाए तो गैर बराबरी की समस्या हाल हो जाए।

इस मौके पर सेन समाज की ओर से एक मांग पत्र भी दिया गया जिसमें सेन समाज को अनुसूचित जातिजनजाति में शामिल करने, कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने, भाजपा में सेन समाज के कार्यकर्ताओं को सम्मान दिए समेत कई मांगे की गई हैं। इस मौके पर भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल सेन मुख्य अतिथि थे। गोष्ठी में महापौर सुनीता दयाल, साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा, नगर विधायक अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष चरन सिंह सेन के अलावा सेन समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

## पीएम के सिकंदराबाद के कार्यक्रम को एक्सप्रेस वे पर डायवर्जन

### सिकंदराबाद में करेंगे जनसभा, यातायात विभाग ने बनाया प्लान, जारी हेल्पलाइन नंबर

**नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 जनवरी को सिकंदराबाद में होने वाली जनसभा को देखते हुए नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर कुछ देर के लिए रूट डायवर्ट किया जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने इसकी योजना तैयार कर ली है। साथ ही यातायात असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है।

#### ये बनाया गया रूट डायवर्जन प्लान

चिल्ला रेड लाइट से एक्सप्रेस-वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को सेक्टर 14ए फ्लाईओवर से गोल चक्कर चौक सेक्टर 15 की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात डीएससी मार्ग होकर गंतव्य की ओर जा सकेगा। डीएनडी से एक्सप्रेस-वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को रजनीगंधा चौक सेक्टर 16 की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कालिन्दी बॉर्डर से एक्सप्रेस-वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर 37 की ओर डायवर्ट किया जाएगा। सेक्टर 37 से एक्सप्रेस-वे होकर ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को सेक्टर 44 गोलचक्कर से डबल सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जायेगा।






जीरो प्वाइंट से यमुना एक्सप्रेस-वे होकर जाने वाले यातायात को परी चौक की ओर डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात कस्बा कासना, सिरसा, इस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर गंतव्य को जा सकेगा। आगरा से नोएडा की ओर से आने वाला यातायात जेवर टोल से आगे कस्बा जेवर की ओर उतरकर साबौता अंडरपास से खुर्जा बाईपास से जहांगीरपुर होकर गंतव्य की ओर जा सकेगा। परी चौक से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को परी चौक से सूरजपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा। आगरा से नोएडा की ओर से आने वाला यातायात हिन्डन कट से सेक्टर 151 की ओर डबल सर्विस रोड होकर गंतव्य की ओर जा सकेगा। ग्रेटर नोएडा से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर नोएडा की ओर जाने वाले यातायात को चरखा गोल चक्कर से सेक्टर 94 की ओर डायवर्ट किया जायेगा। कालिन्दी बॉर्डर से दलित प्रेरणा स्थल पार्किंग तिराहा से डीएनडी/चिल्ला की ओर जाने वाले यातायात को महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर 37 की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

जीआईपी की ओर से फिल्म सिटी फ्लाईओवर होकर डीएनडी की ओर जाने वाला यातायात फिल्म सिटी फ्लाईओवर के नीचे यू-टर्न से डायवर्ट किया जायेगा। रजनीगंधा की ओर से डीएनडी फ्लाईओवर होकर दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात रजनीगंधा चौक से डायवर्ट किया जायेगा।

## बेटियों के सम्मान को लेकर निकाली रैली

### बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति किया गया जागरुक

**नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से जन जागरूकता रैली निकाली गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ललित कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से शुरू हुई और महिला थाने, सिटी सेंटर, राजकीय डिग्री कालेज से होते हुए दोबारा अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में सीएमओ की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।





जिसमें जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के चिकित्सकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग समानुपात, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम पर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को लेकर जागरूकता पैदा करने एवं उनके साथ समाज में हो रही असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

सीएमओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के आयोजन का महत्व बताया। उन्होंने समाज में बालिकाओं की जरूरत, उनके महत्व एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज एवं घर परिवार बालिकाओं की अनुपस्थिति में वीरान लगते हैं। उन्होंने बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त होने के लिए जागरूक किया। सीएमओ ने जनपद में लिंगानुपात में लगातार हो रहे सुधार पर खुशी जाहिर की।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पीसी-पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने कहा बालिका दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम बालिकाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह अच्छा अवसर है जब हम अपनी बालिकाओं को सशक्त करने के लिए बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, अवसर की समानता एवं समता आधारित भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने लिंगानुपात में सुधार होने पर खुशी जाहिर की और कहा कि पीसीपीएनडीटी और समाज में आयी जागरूकता से यह संभव हो सका है।

रैली में प्राइवेट अल्ट्रासाउंड, रोटरी हॉस्पिटल, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम व सीएमओ कार्यालय के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में डा. कंचन माला, डा. नेहा गुप्ता, डा. अभिषेक, डा. रेखा, मोहंती डॉ. रक्षा गोस्वामी डा.अनु गुप्ता, डा. गार्गी शर्मा,डा. एके सिंह, डा शिवानी जैन,डा. वेदा रेड्डी, रीना खन्ना आदि चिकित्सकों ने भाग लिया ।

## निगम ने मनाया यू.पी. स्थापना दिवस, विद्यार्थियों के साथ मिलकर शहर को दिया स्वच्छता का संदेश

### शहर को प्लास्टिक फ्री करने के लिए विद्यार्थियों में जोशः नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत नगर निगम ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकांश कार्यक्रम स्कूलों में आयोजित किए गए जिसमें शहर के पांचो जोन में भव्यता से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। मोहन नगर जोन के अंतर्गत बालिका विद्यालय नगर निगम, कवि नगर के अंतर्गत एमपीएस स्कूल, वसुंधरा जोन के अंतर्गत स्प्रिगडले स्कूल, सिटी जोन के अंतर्गत एसबीएन स्कूल नंदग्राम, विजयनगर जोन के अंतर्गत सरदार पटेल पब्लिक स्कूल' के विद्यार्थियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया तथा जन-जन को स्वच्छता और प्लास्टिक फ्री करने के लिए संदेश पहुंचाया।



गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में हर अभियान को महोत्सव के रूप में मना रहा है जिसमें शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार नगर निगम तीन प्रयासरत है जिसमें एचएमएस टीम का भी विशेष सहयोग रहता है हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, कई स्कूलों द्वारा रैली भी निकल गई तथा उत्तर प्रदेश का नक्शा भी बनाया गया।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर को एक मिसाल के रूप में आने वाली पीढ़ी देखना चाहती हैं जिसके लिए विद्यार्थियों में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का जज्बा दिखाई देता है जिसकी चलते गाजियाबाद नगर निगम उनको आगे बढ़ा रहा है अधिकतर अभियानों में विद्यार्थियों का सहयोग लिया जा रहा है गाजियाबाद को प्लास्टिक फ्री तथा स्वच्छ और सुंदर बनाने में शहर के स्कूलों के विद्यार्थियों का सहयोग मिल रहा है जो की सराहनीय है।

उवाच "

इससे पहले मैनें 5 और कंपनियां शुरू की थीं और पांचों में कोई एक भी नहीं चली। लेकिन मैं असफलता से हताश नहीं हुआ और उद्यमी बनने की अपनी जिद नहीं छोड़ी। इसका नतीजा है कि आज मैं भारत के सफलतम स्टापर्टअप में से एक का मालिक हूं: **अमन गुप्ता, बोट कंपनी के को फाउंडर और सीएमओ**



# इंटीग्रेटेड के रूप में विकसित की जाएगी नोएडा एयरपोर्ट परियोजना

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना को इंटीग्रेटेड रूप में विकसित किया जाएगा। इसको लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बुधवार को विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि के साथ बैठक की। इस परियोजना के दूसरे चरण में एमआरओ और एविएशन हब विकसित किया जाएगा। इसके लिए मार्च में विकासकर्ता के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी।



- विकासकर्ता कंपनी के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की हुई बैठक
- एमआरओ व एविएशन हब विकसित करने के लिए मार्च तक होगा विकासकर्ता का चयन

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एविएशन हब के लिए 6200 हेक्टेयर जमीन आरक्षित है। नायल पूरी परियोजना को एकीकृत रूप में विकसित करेगा। परियोजना का एक मास्टर प्लान बनेगा। इसको लेकर यमुना प्राधिकरण में बुधवार को नायल ने एयरपोर्ट को विकसित करने वाली यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि के साथ बैठक की। इसमें एमआरओ और एविएशन हब को एकीकृत करने पर चर्चा की गई। एयरपोर्ट के पहले चरण में दो रनवे, दूसरे में एमआरओ व एक रनवे, तीसरे व चौथे चरण में तीन रनवे बनाए जाने हैं। हर चरण में अलग-अलग कंपनी आ सकती हैं। इसलिए परियोजना को आपस में जोड़ा जाएगा ताकि भविष्य में दिक्कत ना हो। अब नायल बोर्ड में इस मद्दे को रखा जाएगा। इसके बाद शासन को भेजा जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट परियोजना को चार चरणों में विकसित किया जाना है। 1334 हेक्टेयर में पहला चरण यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि कंपनी विकसित कर रही है। अब 1365 हेक्टेयर में दूसरे चरण को विकसित किया जाएगा। इसमें मेंटीनेंस रिपयेरिंग एंड ओवरहालिंग (एमआरओ) एवं एविएशन हब विकसित किया जाएगा। एमआरओ के लिए एक रनवे बनाया जाएगा। ताकि यहां मरम्मत के लिए विमान आ सकें। इसके लिए करीब 500 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। जबकि बाकी हिस्से में विमानन से जुड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगाएंगी। दूसरे चरण की जमीन के अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो गया है। अब नायल ने इसके लिए विकासकर्ता कंपनी का चयन करने की तैयारी में है। परियोजना के दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर में मेंटीनेंस रिपयेरिंग एंड ओवरहालिंग एवं एविएशन हब विकसित किया जाएगा। एमआरओ के लिए एक रनवे बनाया जाएगा। इसके लिए करीब 500 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। जबकि बाकी हिस्से में विमानन से जुड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगाएंगी। इसमें कंपनियों को जमीन आवंटित की जाएगी। दूसरे चरण की जमीन के अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो गया है। नायल ने मार्च तक एविएशन हब और एमआरओ के लिए विकासकर्ता कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर देगा।

## नोएडा एयरपोर्ट बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसमें सीएसआर कमेटी के गठन, इंटरनल ऑडिट के लिए एजेंसी के चयन आदि पर मुहर लग गई। बैठक में सीईओ डॉ. अरुणवीर समेत बोर्ड के सभी अधिकारी शामिल हुए। इसमें सीएसआर के लिए कमेटी गठित की गई। इसमें नायल के सीईओ, सिविल एविएशन के निदेशक और वित्त से जुड़े अधिकारी का रखा गया है। नायल अपनी आमदनी में से दो से पांच प्रतिशत तक पैसा सीएसआर में खर्च करेगी। इसके अलावा इंटरनल ऑडिट के लिए कमेटी गठित करने पर मुहर लग गई। अब एचआर का भी काम शुरू होगा। नायल करीब 70 लोगों की नियुक्ति करेगा। वहीं, सीएजी ने इस साल एमजीआरए एसोसिएट से ऑडिट कराने के लिए कहा है।

**नोएडा एयरपोर्ट लिमिटेड में जल्द होगी 70 लोगों की नियुक्ति**



## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नुक्कड़ नाटक में दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला उत्थान को समर्पित सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने तारा प्रभात पब्लिक स्कूल बच्चों के साथ जलपुरा गांव मे नुक्कड़ नाटक आयोजित कर 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया। बच्चों ने बेटियों की शिक्षा-सुरक्षा-सम्मान और कन्या जन्मोत्सव के संदेश को नाटक के माध्यम से बखूबी मंचन किया। संस्थापक डा.राहुल वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बेटियों को सशक्त बनाने के लिए उनकी शिक्षा-सुरक्षा पर ध्यानाकर्षण कराना है और इसके लिए हम सभी को आगे आकर प्रयास करने चाहिए। मास्टर सन्तोष कुमार ने कहा कि बेटियां ईश्वर का अनमोल उपहार है उनके प्रति लोगों को अपनी सोच मे बदलाव लाने की आवश्यकता है बेटियां बोझ नही है बल्कि वह तो आने वाले कल की उम्मीद है। इस दौरान उपाध्यक्ष रणवीर चौधरी, अंजलि, सिमरन, अंशु, निशा, कमलेश, निधि, प्रतिभा, काजल, राजेश, आदित्य और रितु आदि उपस्थित रहे।



## निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत में बिक रहा यूरिया खाद

**रबूपुरा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। सहकारी समिति पर यूरिया खाद नहीं होने का निजी विक्रेता जमकर लाभ उठा रहे हैं। किसानों से यूरिया खाद के पर 30 से 50 रुपए प्रति बैग निर्धारित मूल्य से अधिक बसूले जा रहे हैं। कई बार सम्बंधित अधिकारियों से मामले की शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है। उधर विभागीय अधिकारी जांच कर कार्रवाई किये जाने का दावा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक कस्बा स्थित सहकारी समिति पर यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण निजी विक्रेता जमकर लाभ उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है पहले डीएपी मनमाने दामों पर बेची गई और अब यूरिया खाद पर जमकर ओवररेट विक्री की जा रही है। बताया जाता है सरकार द्वारा यूरिया खाद की 270 प्रति बैग कीमत निर्धारित की गई है जबकि कस्बे में निजी विक्रेताओं द्वारा यूरिया 300 से 320 रुपए प्रति बैग बेच कर चांदी काटी जा रही है। दावा किया जा रहा है कि ऐसा नहीं है कि अधिकारी इससे अनभिज्ञ हों बल्कि कई बार फोन कर विभागीय अधिकारियों से मामले की शिकायत की गई है लेकिन कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को नजरअंदाज कर दिया जाता है। सूत्रों की मानें तो कई बार दुकानदार किसानों से अभद्रता करने तक उतारू हो जाते हैं और कहीं भी शिकायत करने की धमकी देते हैं।

किसी भी उर्वरक या खाद पर निर्धारित से अधिक कीमत नहीं ली जा सकती है। यूरिया के बैग पर अधिक कीमत लिए जाने का मामला जानकारी में आया है तथा ऐसे दुकानदारों की शीघ्र जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

**विनोद भार्गवरू- जिला कृषि अधिकारी गौतम बुद्ध**

## यीडा के दस बिल्डरों को बकाया का 25 प्रतिशत करना होगा जमा

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की समिति की सिफारिशें लागू करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 10 बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेज दिया है। इन बिल्डर्स को बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। पैसा जमा होने के बाद इन परियोजनाओं की रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी। बिल्डर्स-बायर्स विवाद को खत्म करने के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों पर अमल शुरू हो गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 96 बिल्डर्स को बकाया जमा करना है। पहले चरण में 52 बिल्डर्स आगे आए हैं। इसको लेकर प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों ने बिल्डर्स के साथ बैठक की। अब 10 बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। 60 दिन के भीतर उन्हें 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। पैसा जमा होते ही इन परियोजनाओं की रुकी हुई रजिस्ट्री शुरू हो जाएंगी। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं में काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा गया है। पैसा जमा होते ही रजिस्ट्री शुरू हो जाएंगी।

- **यमुना प्राधिकरण ने नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू करने में जुटा**
- **पैसा जमा करने के बाद बिल्डर्स परियोजनाओं की रजिस्ट्री हो जाएगी शुरू**

यमुना प्राधिकरण में नौ बिल्डरों को ग्रुप हाउसिंग के लिए जमीन आवंटित की गई। इन बिल्डरों पर 4800 करोड़ रुपए बकाया है। इन परियोजनाओं में 8500 खरीदार फंसे हैं। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए 29 जनवरी को होने वाली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। बिल्डरों के बकाये की गणना करा ली गई है। उन्हें बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजा जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि इन सिफारिशों के लागू होने से खरीदारों को राहत मिलेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में अंतिम पंक्ति में खड़े लोग हुए लाभान्वित

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रथम चरण का हुआ समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा जेवर क्षेत्र के थोरा एवं चारोली गांव में पहुंची, इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व संयोजक रवि जिंदल ने कहा कि कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति आगे की पंक्ति में आगे कैसा खड़ा हो उसकी किसी सरकार ने अगर उसकी किसी ने चिंता की है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। आजादी के बाद अगर किसी ने योजना का सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। उज्जवला गैस कनेक्शनसुकन्या समृद्धि योजना की बात हो इसको अगर धरातल पर जन-जन तक पहुंचाने का इन योजनाओं का काम अगर किसी ने किया है। वह भाई नरेंद्र भाई मोदी जैसे कि देश के प्रधानमंत्री ने किया है यह सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा था जो कतार में अंतिम व्यक्ति खड़ा है वह आगे की पंक्ति में आकर कैसा खड़ा हो उसको साकार करने का अगर कोई काम कर रहा है तो देश की मोदी सरकार कर रही है। चौरोली गांव में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ठाकुर धर्मेंद्र भाटी जिला मंत्री विकास चोरोली कार्यक्रम में रहे। इस अवसर प्रधान अमित भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, अंकित गुर्जर आलोक रंजन, संजय श्रीवास्तव आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## सफल उद्यमी बनने के लिए कई बार असफलता लग सकता है हाथ : अमन

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। सफल उद्यमी बनने के लिए आप कई बार असफल होंगे, लेकिन एक सफल प्रयास से कामयाबी आपके कदम चुमेगी। मेरा सपना है कि विदेशी ब्रांड के लिए देश के लोग लाइन में लगते है, वैसे ही विदेशों में मेड इन इंडिया ब्रांड को लेकर लाइन लगाई यह बात शारदा विश्वविद्यालय में आयोजित टॉक शो में बोट कंपनी के को फाउंडर और सीएमओ अमन गुप्ता ने कही इस दौरान ई सेल शारदा का लोगो भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम ने उन्होंने कहा कि इससे पहले मैनें 5 और कंपनियां शुरू की थीं और पांचों में कोई एक भी नहीं चली। लेकिन मैं असफलता से हताश नहीं हुआ और उद्यमी बनने की अपनी जिद नहीं छोड़ी। इसका नतीजा है कि आज मैं भारत के सफलतम स्टापर्टअप में से एक का मालिक हूं। उन्होंने छात्रों से कहा कि एक सफल व्यावसायी बनने के लिए शुरुआत जल्द। ही कर देनी चाहिए। अपने प्रयास किसी भी हाल में छोड़ने नहीं चाहिए। अगर पहली बार में सफल होते हो तो बहुत बढ़िया, अगर पहली बार में सफल नहीं होते हो और एंटरप्रेन्योर बनने का ही इरादा है, तो कोशिश करते रहो, मेहनत करते रहो, एक न एक दिन एंटरप्रेन्योर बन ही जाओगे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने कहा कि अमन गुप्ता युवाओं के हीरो है और प्रभाव भी डालते है। इंडिया में सबसे ज्यादा युवा रहते है। युवाओं को नौकरी के पीछे नही भागना चाहिए बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए। पूरी दुनिया में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है जहां लोग स्टार्टअप खोल रहे है। इस दौरान प्रो वाइस चांसलर परमानंद, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार, डॉ अमित सहगल, डीन कपिल पांडला, डॉ बीके सिंह और एचओडी मौजूद रहे।




## सपा ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जननायक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि दी गई और उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए कई बड़े आंदोलन किये और काफी दिनों तक जेल में भी रहे। वह सरल और सरस हृदय के राजनेता थे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा गरीब मजदूर एवं नौजवानों के हक की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन लोगों के लिए आदर्श है।



## आईबीएम कॅरियर एजुकेशन और जीबीयू के बीच उद्यम और शिक्षा के क्षेत्र में साझेदारी

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। आईबीएम करियर एजुकेशन और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार सिन्हा के बीच एक नए और महत्वपूर्ण सहयोग का आयोजन आईबीएम ऑटोमेशन इनोवेशन सेंटर बैंगलोर में किया गया। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को नई तकनीकों और उद्यमों के क्षेत्र में बेहतर तैयार करना है, जिससे वे आने वाले रोजगार की दुनिया में सफलता प्राप्त कर सकें। इस सहयोगके तहत प्रो. सिन्हा और आईबीएम करियर एजुकेशन के विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा की है जिसमें वे नई तकनीकों और उद्यमों के क्षेत्र में छात्रों की तैयारी को कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। यह चर्चा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, बड़ा डेटा, और साइबर सुरक्षा जैसी नई तकनीकों की ओर ध्यान केंद्रित है, जिनसे छात्रों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर तैयारी मिल सके। चर्चा में शामिल होने वाले आईबीएम के करियर एजुकेशन के राष्ट्रीय हेड, जगदीश भट्ट और उत्तर और मध्य भारत के आईबीएम करियर एजुकेशन के हेड, गगन अग्रवाल ने भी अपने मूल्यवान ज्ञान और दृष्टिकोण साझा किया। प्रो. सिन्हा ने ये भी बताया कि इन नई तकनीकों के अध्ययन से कैसे छात्रों को नौकरी के अवसरों में बेहतर तैयार किया जा सकता है। उन्होंने यहां तक विशेष रूप से बताया कि छात्रों को कैसे ये तकनीकें उनके भविष्य को रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में स्थापित करने में मदद कर सकती हैं।





पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबूपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## रन्हेरा व कुरैव के जंगल से किसानों के दस एचपी के दो डीजल इंजन चोरी

**जेवर,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव रन्हेरा व कुरैव के जंगल से अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात को दो किसानों के दस हार्स पावर के दो डीजल इंजन चोरी कर लिये। खेतों पर पहुंचने पर किसानों को बुधवार सुबह को चोरी की घटना की जानकारी हुई। पीड़ित किसानों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। रन्हेरा गांव के रहने वाले हरीष षर्मा व कुरैव गांव के रहने वाले पवनेश चौधरी ने बुधवार को कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुये बताया कि उन्होने अपने खेतों पर सिंचाई आदि काम के लिए दस हॉर्स पावर के डीजल इंजन लगाए हुये थे। मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने दोनों स्थानों से इंजन चोरी कर लिये। किसानों को बुधवार सुबह को खेतों पर पहुचने पर घटना की जानकारी हुई। कोवताली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मां से मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

दनकौर। दनकौर कोतवाली पुलिस ने अपनी मां से मारपीट करने के एक आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसको जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पवन पर अपनी ही बुजुर्ग मां से मारपीट करने का आरोप है। इस समय पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पहुंचकर शिकायत की थी। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है की मां ने आरोप लगाया है कि उसका बेटा उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करता है। कोतवाली दनकौर संजय सिंह का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नोएडा हॉट में यीडा की लगी परियोजनाओं को प्रभारी मंत्री ने सराहा

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के अंतर्गत जनपद गौतम बुद्ध नगर में नोएडा हॉट, सेक्टर 33 में आयोजित प्रदर्शनी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भी एक स्टॉल लगाया गया है। प्राधिकरण के स्टॉल पर प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, डेटा सेंटर पार्क आदि एवं एमएसएमई परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया है।



इसके अतिरिक्त प्राधिकरण के स्टॉल पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर में वर्तमान में क्रियान्वित विकास कार्यों कि वर्तमान स्थिति को भी दर्शाया गया है। बुधवार सुबह शिल्पहाट में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ बृजेश सिंह, प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया गया। मंत्री द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के स्टॉल का भ्रमण भी किया गया तथा यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण द्वारा प्रदर्शित योजनाओं की सराहना भी की गई। मंत्री के साथ अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ धीरेन्द्र सिंह, विधायक रमूंत, पंकज सिंह, विधायक नोएडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, ज़िलाधिकारी नोएडा आदि द्वारा भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला खेल कार्यालय की तरफसे मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक एवं बालिका सीनियर वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की बालकों में कुल 8 टीमों ने तथा बालिकाओं में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया बालिका वर्ग में जेडी अकैडमी प्रथम एवं मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में जेडी अकैडमी प्रथम एवं जेवर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया एवं समापन जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र नागर ने किया। उन्होंने बताया कि विजेता टीमों को नोएडा शिल्प हॉट में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस में जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रैकसूट से सम्मानित किया गया।


**फार्म सं. यूआरसी. 2**

अध्याय XXI के भाग 1 के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन {कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनी अधिनियम, 2013 के नियम 4(1) के अनुसार कंपनियां (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014} 1. नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, आरओसी दिल्ली और हरियाणा में रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया गया है कि विमैक इंपेक्स एलएलपी एक एलएलपी को भाग 1 के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में। 2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं: थर्माप्लास्टिक पॉलिमर, कंपाउंड, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक/कंपाउंड, कमोडिटी प्लास्टिक और इसके डेरिवेटिव सिंथेटिक रबर, पी.वी.सी. और इसके डेरिवेटिव, मोल्डेड इंडस्ट्रियल आर्टिकल्स, इंडस्ट्रियल कंपोनेंट्स और आर्टिकल्स, ट्यूबिंग फिल्म्स, रोल्स या उनके संबद्ध और सहायक प्लास्टिक उत्पाद, एक्सट्रूजन प्रोसेस पैकेजिंग आदि। 3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और संस्था के लेखों की एक प्रति का कार्यालय 208, दूसरी मंजिल, आकाशदीप बिल्डिंग, 26ए बाराखंभा रोड नई दिल्ली 110001 में निरीक्षण किया जा सकता है। 4. एतद्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति जताने वाला कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर चौथी मंजिल, आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019 के रजिस्ट्रार को लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में एक प्रति के साथ। दिनांक 24 जनवरी 2024

**आवेदक का नाम विमैक इंपेक्स एलएलपी**

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**प्लॉट नं0-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी**
**जिला-गौतमबुद्ध नगर।**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी०एच०एस11 आवासीय भवन योजना के अर्न्तगत भवन संख्या-71 एफएफ, ब्लॉक-बी सैक्टर-स्वर्ण नगरी, आकार-30 वर्गमीटर आवंटन संख्या-बी0एच0एस1195014, श्री सुरेश चन्द्र शर्मा एवं श्री मनीष लावनिया के नाम हास्तातंरित है। जिसमें आवंटी श्री सुरेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री छत्तर पाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 21.11.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन के 1/2 भाग को पूर्ण रूप से वारिसान के आधार पर उनके पुत्र श्री मनीष लावनिया पुत्र स्व० श्री सुरेश चन्द्र शर्मा निवासी-253/329 बी, जानकपुरी जमुना नगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281004 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भवन का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्री सुरेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री छत्तर पाल शर्मा के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पुत्र श्री मनीष लावनिया पुत्र स्व० श्री सुरेश चन्द्र शर्मा निवासी-253/329 बी, जानकपुरी जमुना नगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281004 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 25 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न : सामाजिक न्याय की जीत

प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार की ओर से भारत रत्न (मरणोपरात) देने का मंगलवार को ऐलान किया गया जो देश में सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के निर्माण की ज़रूरत को मान्यता मिलने जैसा है। इसे लेकर लोगों में हर्ष तो है, परन्तु उससे ज्यादा वे अचंभित हैं क्योंकि इसका ऐलान ऐसी सरकार के द्वारा हुआ है जिसका विश्वास और विचार इसमें कतई नहीं है। इसलिये अनेक लोगों का कहना है कि यह निर्णय सम्मान से कहीं अधिक सियासती समीकरणों को साधने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। बहरहाल, इस पुरस्कार के लिये कर्पूरी ठाकुर जैसी शख्सियत का चुनाव उन सभी को संतुष्ट करता है जिनका विश्वास जातिविहीन व समतामूलक समाज में है और जो चाहते हैं कि सभी संसाधनों एवं अवसरों तक दलितों, वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं समेत सभी कमजोर वर्गों की पहुंच बने। कर्पूरी ठाकुर इसी के पुरोधा थे।

बिहार के मुख्यमंत्री का पद पहली बार दिसम्बर 1970 से जून 1971 तक और फिर जून 1977 से अप्रैल, 1979 तक सम्हालने वाले कर्पूरी ठाकुर का जन्म ठीक 100 साल पहले यानी 24 जनवरी, 1924 को समस्तीपुर में हुआ था और निधन 17 फरवरी, 1988 को। 1942 में महात्मा गांधी द्वारा छेड़े गये भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण उन्हें भागलपुर की जेल में लम्बी यातनापूर्ण सजा काटनी पड़ी। वे आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया, मधु लिमये आदि के नज़दीकी लोगों में थे। 1967 के आम चुनाव में उनके नेतृत्व में संयुक्त समाजवादी दल (संसोपा) बड़ी शक्ति बनी तथा वे पहली बार सीएम बने। बाद में वे सांसद बने, विधानसभा में विपक्षी दल के नेता भी रहे। उनका दूसरा कार्यकाल बहुत उल्लेखनीय रहा जिसमें उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार किया। अपनी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्य परायणता के लिये प्रसिद्ध कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ों, वंचितों, शोषितों के लिये उल्लेखनीय कार्य किये जिसके कारण उन्हें 'जननायक' कहा जाने लगा। वे एक ओजस्वी वक्ता थे। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने पटना के कृष्णा टाकीज़ हॉल में छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'हमारे देश की आबादी इतनी है कि उनके केवल थूक देने से ही अंग्रेजी राज उड़ जायेगा।' इस भाषण से अंग्रेज अधिकारी इतने नाराज़ हुए कि उन्होंने उन पर जुर्माना ठोंक दिया। आजादी के बाद भी वे लोगों को अपने अधिकारों के लिये सतत लड़ने हेतु प्रेरित करते रहे। उनका लोकप्रिय नारा था-

'सौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है।
धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है।'

कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा जाति (नाई) के थे। हालांकि इस जाति की आबादी बहुत कम है, परन्तु अपने विचारों व जीवन शैली के कारण वे सभी वर्गों में बेहद लोकप्रिय थे। पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण देने वाले कर्पूरी के ही मार्गदर्शन में समस्त पिछड़े वर्गों ने सत्ता पाने के लिये ध्रुवीकरण किया। समाजवादी विचारधारा एवं हिन्दी के प्रसार के अलावा किसानों तक कृषि का अधिकतम लाभ पहुंचाने की उन्होंने व्यवस्था की।

उन्हें ऐसे वक्त में मोदी सरकार ने देश का यह सर्वोच्च पुरस्कार देने का ऐलान किया है जब भारत की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। एक ओर है राममंदिर, जिसका नेतृत्व स्वयं श्री मोदी अपनी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि के रूप में कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस है जो सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाये हुए है। उसके साथ अन्य तकरीबन 27 गैर भाजपायी दल है- 'इंडिया' गठबन्धन के नाम व रूप में। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं। वे बताते हैं कि देश में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के लोग हैं जिन्हें सत्ता में उसी अनुपात में भागीदारी मिलनी चाहिये। सवर्णवादी सोच पर आधारित भाजपा व संघ की जमीन इसके कारण खिसकी हुई है क्योंकि दोनों इस विचारधारा के विपरीत ध्रुव पर खड़े हैं। नरेन्द्र मोदी तो कह चुके हैं कि देश में केवल दो ही जातियां हैं- गरीब और अमीर। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बिलकुल दूसरे दिन अगर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा होती है तो साफ है कि सामाजिक न्याय की आंच अब भाजपा के नज़दीक पहुंच चुकी है। राममंदिर का प्रभाव देशवासियों पर वैसा होता नहीं दिख रहा है जिसकी मोदी को अपेक्षा थी। भाजपा सोचती थी कि राममंदिर से भावना का वैसा ही ज्वार उठ खड़ा होगा जैसा 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले हुआ था- बालाकोट एवं पुलवामा के चलते। अगले तीन महीनों में होने जा रहे आम चुनाव में तय है कि सामाजिक न्याय का हथियार विपक्ष के पास होगा जिसका मुकाबला मोदी को अपने राममंदिर नामक शस्त्र से करना है।

सभी जानते हैं कि श्री मोदी प्रतिपक्ष के प्रति कतई उदार नहीं हैं। अगर वे ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं तो उसके पीछे कोई सियासी खेल ज़रूर होता है। खासकर, वे किसी के बरक्स किसी अन्य को खड़ा करने के लिये ऐसा करते हैं। मसलन, नेहरू को नीचा दिखाने के लिये उन्होंने सरदार पटेल की मूर्ति लगवा दी। गांधी परिवार को नीचा दिखाने के लिये प्रणव मुखर्जी या फिर पं. मदन मोहन मालवीय को यह पुरस्कार इसी सरकार द्वारा दिया गया। इसलिये जब सामाजिक न्याय के इस महानायक को भारत रत्न मिलता है तो लोगों द्वारा राजनीतिक अर्थ ढूंढ़ना स्वाभाविक है। क्या भाजपा इससे सामाजिक न्याय का मुद्दा हथियाना चाहती है या बिहार में अपनी जमीन को मजबूत कर चाहती हैं? उससे भी बड़ा सवाल, कि क्या वे इसमें कामयाब होगी?

# अपना घर जलाने के लिए बधाई

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

अंधेरा मांगने आया था रौशनी की भीक,
हम अपना घर न जलाते तो और क्या करते।
**-नज़ीर बनारसी**

लोकतंत्र और राष्ट्रवाद के फर्क को मिटाते हुए, पत्रकारिता और पक्षकारिता के अंतर को भूलते हुए, अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार और कलम की ताकत के कर्तव्य की बारीकियों को बिसराते हुए, सत्ता की रौशनी की खातिर कुछ लोगों ने स्वतंत्र पत्रकारिता को ही जला दिया। अब उसकी राख में, बची हुई खाक में, अंधेरे में, खबरें अपना रास्ता तलाश रही हैं। उधर झूठी खबरें वैश्विक मानचित्र में भारत का परचम लहरा रही हैं। विश्व आर्थिक मंच की 2024 की वैश्विक खतरों की रिपोर्ट में झूठी खबरों से प्रभावित देशों की सूची जारी की गई है। स्टैटिस्टा नाम की आंकड़े एकत्र करने वाली वेबसाइट के मुताबिक भारत में डिसइन्फॉर्मेशन और मिसइन्फॉर्मेशन दोनों के खतरे सबसे अधिक हैं। इस रिपोर्ट में डिसइन्फॉर्मेशन और मिसइन्फॉर्मेशन दोनों के बीच के अंतर को भी जाहिर किया गया है, क्योंकि अक्सर फेक न्यूज के नाम पर दोनों को एक साथ रख दिया जाता है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक डिसइन्फॉर्मेशन तब होती है जब गलत जानकारी लिखने और साझा करने के पीछे का इरादा जनता को गुमराह करना हो और मिसइन्फॉर्मेशन का मतलब है गैरइरादतन गलत या झूठी जानकारी को साझा करना, हालांकि इसका नुकसान भी उतना ही है, जितना जानबूझकर गलत सूचना फैलाने का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में संक्रामक बीमारियों, आर्थिक गैरबराबरी, और अवैध व्यापार से भी ज्यादा खतरनाक झूठी खबरों का प्रसार है। इसमें 2019 के चुनावों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उस वक्त राजनैतिक दलों द्वारा झूठी खबरों का जमकर प्रसार किया गया, खासकर और फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिए। विश्व आर्थिक मंच की इस रिपोर्ट में भारत झूठी खबरों के खतरे से ग्रसित देशों में सबसे पहले स्थान पर है, तो वहीं एल सल्वाडोर, पाकिस्तान, रोमानिया, सिएरा लियोन, आयरलैंड, सऊदी अरब, फ्रांस, सं रा. अमेरिका और फिनलैंड जैसे देश चौथे से छठवें स्थान पर हैं।

अब भारतीय चाहे तो इस बात की खुशी मना सकते हैं कि अमेरिका हमसे कहीं तो पीछे हुआ, या फिर इस मौके पर गंभीर चिंतन कर सकते हैं कि यह कौन सा अमृतकाल है, जहां झूठ का जहर समाज में बहा दिया गया है। सूचना क्रांति हमारे लिए उस अणुबम के समान साबित हुई है जिसके विनाश की जद में एक नहीं कई पीढ़ियां आ जाती हैं। लेकिन क्या इसके लिए केवल आधुनिक संचार माध्यमों को दोष दिया जा सकता है, जो पल-पल की सूचना पहुंचाने में सक्षम हैं। तकनीकी तो अपना काम कर रही है, लेकिन क्या हम अपने विवेक से उसका इस्तेमाल कर रहे है, यह भी सोचना होगा। बीते कुछ बरसों में हिंदुस्तान के मीडिया के लिए एक शब्द प्रचलन में आ गया है गोदी मीडिया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उपनाम से तुक बिठाता है। गोदी मीडिया का तात्पर्य है, सरकार की चाटुकारिता में लगे पत्रकार।

> **न्यूज चैनलों में ज्वलंत मुद्दों के नाम पर जो विमर्श कराए जाते हैं, वो अक्सर एकतरफा होते हैं। पहले इसमें थोड़ी बहुत पर्दादारी होती थी, शीर्षक वगैरह पर सोच-विचार किया जाता था। लेकिन जैसे-जैसे पूंजी और सत्ता का प्रभाव बढ़ने लगा, सोचने की परंपरा किनारे कर खुलकर नफरती और सांप्रदायिक विमर्शों को स्थान मिलने लगा। स्थिति इतनी खराब हो गई कि सर्वोच्च अदालत को भी इस रवैये पर टिप्पणियां करनी पड़ीं। लेकिन अखबारों की दशा भी कुछ अलग नहीं है।**

अक्सर इसमें इलेक्ट्रानिक मीडिया का ही हवाला दिया जाता है, क्योंकि न्यूज चैनलों में ज्वलंत मुद्दों के नाम पर जो विमर्श कराए जाते हैं, वो अक्सर एकतरफा होते हैं। पहले इसमें थोड़ी बहुत पर्दादारी होती थी, शीर्षक वगैरह पर सोच-विचार किया जाता था। लेकिन जैसे-जैसे पूंजी और सत्ता का प्रभाव बढ़ने लगा, सोचने की परंपरा किनारे कर खुलकर नफरती और सांप्रदायिक विमर्शों को स्थान मिलने लगा। स्थिति इतनी खराब हो गई कि सर्वोच्च अदालत को भी इस रवैये पर टिप्पणियां करनी पड़ीं। लेकिन अखबारों की दशा भी कुछ अलग नहीं है।

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद कुछ अग्रणी हिंदी अखबारों ने जिस तरह के शीर्षक लगाए, उससे उनकी सांप्रदायिक और विभाजनकारी विचारधारा का पता चलता है। ऐसा लगा मानो पत्रकारिता के नाम पर हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने वाले ये अखबार उन चैनलों से होड़ कर रहे हैं, जो राम मंदिर उद्घाटन का अखंड कवरेज करने अपनी बसों में मंदिर वहीं बनाया है, लिख कर पहुंचे हुए थे। इनके कई पत्रकारों ने गले में भगवा गमछा डालकर रिपोर्टिंग की। ऐसे में शायद हिंदी अखबारों के पूंजीपति मालिकों के पास यही रास्ता बचा था कि वे शीर्षकों के जरिए हिंदुत्व के मुद्दे पर अपना समर्थन जाहिर करें। हमारे राम आ गए हैं, राष्ट्र की आस्था का नया सूर्योदय, रामचरित्र भास्कर ऐसी शीर्षकों को देखने के बाद एक तस्वीर याद आई, जिसमें दिखाया गया है कि मंदिर उद्घाटन वाले दिन अयोध्या में संविधान के पन्ने की पुड़िया में भेलपूरी बिक रही थी। अखबारों के पन्ने पर समोसे-भजिए तो कई जगह बिकते दिखे हैं, क्योंकि अखबार की जिंदगी सुबह 7 बजे तक की ही मानी जाती है।

लेकिन अब क्या संविधान का जीवन भी समाप्ति की ओर है। क्या संविधान की बातें अब रद्दी की टोकरियों में दिखेंगी और राम राज्य के नाम पर नये विधान लागू हो जाएंगे। सोशल मीडिया पर एक कार्टून भी नजर आया, जिसमें पत्रकारिता की अर्थी निकल रही है और लिखा है- राम नाम सत्य है। तो क्या वाकई अमृतकाल मनाते देश में पत्रकारिता का शोकगान करने का वक्त आ गया है। अपने पेशे की अर्थी निकलते देख कर पत्रकार विलाप करेंगे या रुदालियों के भरोसे रहेंगे, यह भी सोचने की बात है।

अखबारों से जरूरी खबरों की गुमशुदगी का सिलसिला तो एक अरसे से चल रहा है। खबरों से अधिक विज्ञापनों को तरजीह देना भी व्यावसायिक मजबूरी में स्वीकार कर लिया गया। फिर वह दौर भी आया जब कार्पोरेट हितों की खातिर विज्ञापनों के मुताबिक खबरें लगने लगीं। कुछ दिनों पहले एक अखबार ने अपने पहले पन्ने की सारी तस्वीरों को ही विज्ञापन के फेर में उल्टा प्रकाशित किया था। इस खिलवाड़ के बावजूद यह उम्मीद कहीं न कहीं थी कि अखबारों में पत्रकारिता के लिए न्यूज चैनलों से ज्यादा प्रतिबद्धता नजर आएगी। पिछले दो-तीन दिनों के अखबारों ने इस खुशफहमी को ध्वस्त कर दिया। खबर थी कि अमिताभ बच्चन ने करोड़ों की जमीन अयोध्या में खरीदी है, फिर मंदिर उद्घाटन के अगले ही दिन पूरे पन्ने के विज्ञापन में महानायक प्लॉट बेचते नजर आए। धर्म और कारोबार की जुगलबंदी पहले पन्ने पर दिखला दी गई। अखबारों के बारे में आमतौर पर यह धारणा बनी हुई थी कि वे निष्पक्ष खबरें और विचार प्रकाशित करेंगे। जनहित और देशहित में पत्रकारिता की राह बनाएंगे। ये धारणा भी गलत ही साबित हुई।

नेहरूजी हर पंद्रह दिन में राज्यों के मुख्यमंत्रियों को खत लिखकर अपनी चिंताओं और विचारों के बारे में बताते थे। 31 दिसंबर 1949 को लिखे ऐसे ही एक पत्र में उन्होंने लिखा था, संकीर्ण, सांप्रदायिक पूर्वाग्रह से ग्रसित लोग अक्सर राष्ट्रवाद और देशभक्ति की उच्च ध्वनि वाले वाक्यांशों के तहत खुद को छिपाते हैं। और यह कुछ लोगों को आकर्षित करता है। नेहरूजी की यह बात आज के स्वनामधन्य पत्रकारों और पूंजीपति अखबार मालिकों पर भी लागू होती है। उनकी देशभक्ति और राष्ट्रवाद का मुखौटा उतर गया है।

पाकिस्तान की शायरा फहमीदा रियाज़ ने लिखा है-
तुम बिल्कुल हम जैसे निकले
अब तक कहां छुपे थे भाई
वो मूरखता वो घामड़-पन
जिसमें हम ने सदी गंवाई
आख़िर पहुंची द्वार तुहारे
अरे बधाई बहुत बधाई।

2024 का भारत 1947 के पाकिस्तान के रास्ते पर ही चलता हुआ दिखाई दे रहा है। फर्क यही है कि बीते 77 सालों में पाकिस्तान के कई पत्रकार लोकतंत्र के लिए आवाज उठाते रहे। हमारे देश में 77 साल बाद पत्रकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने में लगे हैं। मूर्खता और घामड़पन की नयी सदी में देश को लाने के लिए, अपना घर जलाने के लिए बधाई, अरे बधाई।

# राहुल गांधी को राजनीतिक सलाहकार चुनने में सावधानी बरतनी होगी

■ **कल्याणी शंकर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फैसले विचारण के दायरे में आ रहे हैं? आलोचकों को आश्चर्य है कि क्या उन्होंने उन सहयोगियों को बढ़ावा दिया जिन्होंने अंततः उन्हें और कांग्रेस को धोखा दिया। पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा के हाल में पार्टी छोड़ जाने की घटना ने उनके आंतरिक दायरे को छोटा कर दिया है, और अब केवल कुछ करीबी सहयोगी ही बचे हैं जो वफादार बने हुए हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि भाजपा ने कांग्रेस छोड़ने वाले कई सहयोगियों का स्वागत किया है और कुछ को पार्टी से अलग होने के लिए प्रोत्साहित भी किया है।

हाल ही में राहुल गांधी के दोस्त अन्य राजनीतिक दलों में क्यों शामिल हुए हैं? इसका सीधा सा उत्तर यह है कि उनका कांग्रेस और उसके नेताओं से मोहभंग हो गया था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी नेता की सफलता के लिए बुद्धिमान सलाहकार महत्वपूर्ण होते हैं।

राजीव और राहुल के राजनीतिक और व्यक्तिगत अनुभव समान थे और दोनों ने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत ऊंचे स्तर पर की थी। हालांकि, राजीव की राजनीतिक शिक्षा राजनीति करते हुए ही हुई। राजनीति में प्रवेश करने के चार साल बाद, अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण राजीव प्रधानमंत्री बन गये। सत्ता से बाहर रहने के दौरान राजीव ने अपना राजनीतिक पाठ अच्छे से सीखा। राहुल अभी भी सीख रहे हैं।

> **राहुल गांधी को अपनी रणनीति की समीक्षा करने, काम करने के लिए सही लोगों का चयन करने और प्रत्येक राज्य में मजबूत नेता बनाने की जरूरत है। उनकी चल रही भारत न्याय यात्रा मतदाताओं से जुड़ने का एक प्रभावी तरीका है, जैसा कि उनकी पिछली भारत जोड़ो यात्रा ने किया था। सबसे अहम है वोटरों को पोलिंग बूथ तक लाना। राहुल को पिछले अनुभवों से सीखना चाहिए, तुरंत आवश्यक बदलाव करने चाहिए।**

1989 में राजीव गांधी को उनके राजनीतिक विरोधियों ने नकारात्मक प्रचार के माध्यम से निशाना बनाया, जिससे उनका राजनीतिक पतन हो गया। उनकी टीम के सदस्य अरुण नेहरू, अरुण सिंह, वी.पी. सिंह और अमिताभ बच्चन सहित कई ने राजीव की टीम छोड़ दी। राजीव के भरोसेमंद दोस्त दून स्कूल से थे, जिन्हें सामूहिक रूप से डोस्को टीम के नाम से जाना जाता था।

राहुल की छवि निर्माताओं की टीम ने उन्हें एक सक्षम नेता के रूप में प्रस्तुत करने में बहुत प्रयास किया। उन्हें धर्म, जाति और अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने और भारत को प्रगति की दिशा में एक साथ लाने के लिए रचनात्मक समाधान का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, भाजपा ने उन्हें एक अयोग्य और ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया, जिनके पास दूरदर्शिता का अभाव है और जो देश को समृद्धि की ओर नहीं ले जा सकते। इस नकारात्मक धारणा को पुष्ट करने के लिए वे अक्सर उन्हें 'पप्पू' कहते थे।

लगातार चुनावी हार से निराश होकर, राहुल के अधिकांश अंदरूनी लोग हरियाली वाले रास्ते तलाश रहे थे। वे प्रभावशाली राजनीतिक राजवंशों से संबंधित थे और महत्वाकांक्षी थे। वे पुराने गार्ड से कार्यभार संभालने की जल्दी में थे। सत्ता का आनंद लेने के बाद उनकी चुनी हुई अधिकांश टीम चली गई।

उदाहरण के लिए, राहुल गांधी के करीबी दोस्त ज्योतिरादित्य सिंधिया उस समय निराश हो गये जब 2018 विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त नहीं किया। परिणामस्वरूप, उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे अंततः दो साल बाद सन् 2020 में भाजपा सरकार की स्थापना हुई। सिंधिया को उनके समर्थन के लिए केंद्र में मंत्री पद की पेशकश की गई थी। हाल ही में जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शामिल हुए हैं। वहीं, कपिल सिब्बल, अल्पेश ठाकुर और आरपीएन सिंह सभी अलग-अलग पार्टियों में चले गये हैं। इसके अलावा गुलाम नबी आजाद ने राहुल गांधी के नेतृत्व से असंतुष्ट होकर कांग्रेस से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है।

कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने पंजाब में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और एक नयी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। कांग्रेस के एक और बड़े नेता सुनील जाखड़ भी चले गये हैं। 2019 के आम चुनावों के बाद जब पार्टी हार गई तो तेईस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को चुनौती दी।

राहुल के कुछ करीबियों के जाने से असंतोष बढ़ रहा है। राहुल ने पहले उन्हें मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री के रूप में पदोन्नत किया था। बाद में उन्होंने उन्हें पार्टी में उच्च पद दिये। कुछ ने कांग्रेस कार्य समिति में भी पद संभाला, जिसके लिए आमतौर पर वर्षों के समर्पण की आवश्यकता होती है।

2014 और 2019 के चुनावों में कांग्रेस ने सत्ता खो दी, और आकलन किया जा रहा है कि पार्टी आगामी 2024 के चुनावों में अधिकतम 100 सीटें ही सुरक्षित कर पायेगी। अपने भविष्य के डर से, वे सत्ता में रहे बिना अगले पांच साल बिताने का जोखिम नहीं उठा सकते। राहुल के अंदरूनी घेरे ने दूसरे विकल्प तलाशने शुरू कर दिये हैं। भाजपा की ओर से लुभावने ऑफर मिलने से वे निराश नहीं हुए।

पिछले 20 सालों में राहुल का एक राजनेता के रूप में और भी शानदार प्रगति हो सकती थी। उन्हें बिना मांगे शक्तिशाली पद सौंपे गये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महज एक प्रमुख व्यक्ति हैं और उनकी मां सोनिया गांधी पीछे की सीट पर हैं, ऐसे में राहुल के पास कांग्रेस के भीतर महत्वपूर्ण पदों पर महत्वपूर्ण कर्मियों की नियुक्ति पर पूरा नियंत्रण है।

2024 का चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी को अपनी रणनीति की समीक्षा करने, काम करने के लिए सही लोगों का चयन करने और प्रत्येक राज्य में मजबूत नेता बनाने की जरूरत है। उनकी चल रही भारत न्याय यात्रा मतदाताओं से जुड़ने का एक प्रभावी तरीका है, जैसा कि उनकी पिछली भारत जोड़ो यात्रा ने किया था। सबसे अहम है वोटरों को पोलिंग बूथ तक लाना। राहुल को पिछले अनुभवों से सीखना चाहिए, तुरंत आवश्यक बदलाव करने चाहिए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गठबंधन सहयोगियों का विश्वास अर्जित करना चाहिए और सबसे बढ़कर, भाजपा के मुकाबले एक नया आकर्षक राजनीतिक आख्यान ढूंढना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# अध्यात्म पथ के राही

जीवन को यदि सार्थकता की अनुभूति से रीता पा रहे हैं, आध्यात्मिक प्रकाश एवं समझ से वंचित देखते हैं तथा जीवन अशांति, कुढ़न और संताप से आकुल है तो मानकर चलें कि हमसे अध्यात्म पथ को समझने में, गुरु के बताए मार्ग को अपनाने में कहीं भूल हो रही है। वास्तव में अध्यात्म पथ ईश्वर या गुरु से याचना या भीख मांगने की प्रक्रिया नहीं है, जिसका आधार रहता है आत्मश्रद्धा और जीवन का स्पष्ट लक्ष्य रहता है अपने वास्तविक स्वरूप का बोध अर्थात आत्मसाक्षात्कार। यदि हमे यह लक्ष्य स्पष्ट नहीं और हम इस दिशा में नहीं बढ़ रहे, तो फिर हम नाना प्रकार की विडंबनाओं से गुजरने के लिए अभिशप्त होते हैं।

ऐसे में संशय पग पग पर घेरे रहता है, जो अध्यात्म पथ पर एक भी कदम आगे बढ़ने नहीं देता। आत्मश्रद्धा के अभाव में ही जीवन आत्मसाक्षात्कार के लक्ष्य से विमुख रहता है। ऐसे ऋषियों ने जिस आत्मज्ञान को जीवन की सर्वोपरि आवश्यकता बताया है, उससे व्यक्ति वंचित रहता है। वह बाहरी ज्ञान और सांसारिक कौशल अवश्य बटोरता रहता है, लेकिन सांसारिक गोरखधंधे में उलझा रहता है या फिर धर्म-अध्यात्म के नाम पर सिद्धि, चमत्कार या अन्य उच्चतर प्रलोभनों में कहीं अटक जाता है। जबकि आत्मश्रद्धा बताती है कि हमें संसार की मोहमाया से बचते हुए ईश्वर की ओर उन्मुख रहना है। सत्य व ज्ञान की ओर बढ़ते हुए तमस व अज्ञान के पार जाना है। यह बोध रखना है कि संसार और भगवान, दोनों एक साथ नहीं पाए जा सकते। जहां राम, वहां काम नहीं, जहां काम है वहां राम नहीं।

प्रश्न एक ही है कि हम वास्तव में अध्यात्म के प्रति कितना सचेष्ट हैं और इस दिशा में कितना नैष्ठिक प्रयास कर रहे हैं और अध्यात्म जगत का सत्य है कि यदि हम एक कदम भी ईश्वर की ओर बढ़ाते हैं, तो वह दस कदम हमारी ओर बढ़ाता है लेकिन प्रायः ऐसा हो नहीं पाता, क्योंकि हम संसार को ही परम सत्य मान बैठे होते हैं, जो हमारी समस्या की जड़ है। दो नावों में सवार होकर हम एक तत्व को पाना चाहते हैं और दो सत्य एक साथ कैसे विद्यमान हो सकते हैं? इसलिए एक शिष्य, साधक के मन में पहले पात्रता का विकास करना होता है, विवेक-वैराग्य के भाव को जाग्रत करना होता है।

इसके अभाव हम इस संसार को अपना स्थायी आवास मान बैठते हैं और वही हमारा पूरा ध्यान आकर्षित करता है, हमारे मन की सारी शक्तियों को सोख लेता है, हमारी भावनाओं में रम जाता है तथा वैसी ही हमारी सृष्टि बनती जाती है। जबकि ईश्वर व आत्मतत्व ही शाश्वत हैं, इसके अतिरिक्त बाकी सब कुछ परिवर्तनशील है। यह संसार इस शाश्वत के परदे पर चलता चलचित्र मात्र है, नाम-रूप का खेल भर है, ईश्वर की लीला मात्र है, अंतिम सत्य नहीं। यह संसार आंखें बंद कर सपने देखने जैसा है। आंखें खुलते ही इसकी सारता का बुलबुला फूट जाता है। ऋषियों का वेद-उपनिषद काल से स्पष्ट उद्घोष रहा है कि ईश्वर का अभिन्न अंश आत्मा ही सत्य है, शाश्वत है और एक शिष्य के लिए गुरु ही इसकी आत्मा और परमात्मा का स्वरूप होता है।

गुरुमुख से निकले वचन ही शिष्य के लिए गुरुमंत्र होते हैं, जिनका वह अपने आदर्श का स्तर कभी गिरने नहीं देता और इसी के मानक के अनुरूप स्वयं को कसता, तपाता रहता है, जब तक कि सर्वोच्च सत्य को नहीं पा ले। इस सत्य की उपेक्षा कर कर्मकांड को ही परम सत्य मानने व उसी को पकड़े-जकड़े रहने पर हम भारी भूल करते हैं और जीवन के सार तत्व को भूल जाते हैं। हमारा ज्ञान पुस्तकीय ज्ञान व कथा-प्रवचन तक सीमित रह जाता है, जीवन में उतर नहीं पाता। जबकि महर्षियों के अनुसार, शास्त्रों के शब्द घने जंगल की तरह हैं, जहां व्यक्ति के खोने का भय रहता है। बिना साधना का मात्र पांडित्य जीवन में काम नहीं आता, अग्निपरीक्षा की घड़ियों में यह अपना प्रयोजन सिद्ध नहीं कर पाता। ऐसे में बाल की खाल निकालने वाले तर्क-कुतर्कों में जीवन बीत जाता है और हाथ कुछ सार तत्व लगता नहीं। अंतिम आह के साथ आखिर यह जीवन भी नष्ट हो जाता है।

शास्त्रों का ज्ञान में जीवन उतर रहा है, इसका परिणाम यह दिखेगा कि जीवन सरल बन रहा है। सच्चाई के मार्ग में रस आ रहा है, विद्वता के दंभ-अहंकार से मुक्ति मिल रही है और जीवन के संघर्ष पथ पर योद्धा बनकर आगे बढ़ने का साहस एवं जुझारूपन जाग्रत हो रहा है। इनके अभाव में व्यक्ति जीवन के यथार्थ से बचता फिरता है, जीवन के सत्य का सामना, नहीं कर पाता। कुछ तो इतने आलसी होते हैं कि धर्म अध्यात्म के नाम पर सत्य के अतिरिक्त अन्य सब कुछ कर रहे होते हैं। वास्तव में आध्यात्मिक जीवन अपनी कीमत मांगता है हम इसे चुकाने के लिए कितना तैयार हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# साहित्य अध्ययन और मनन जीवन की उत्कृष्टता का सन्मार्ग

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है। साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुतः अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतः साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवीय सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है और उसकी कृति युगों-युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## कनाडा ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नेशनल डिफेंस द्वारा मंगलवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि इन दान में ज़ोडियाक हरिकेन टेक्नोलॉजीज की 10 बहु-उद्देशीय नावें शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग दो करोड़ कनाडाई डॉलर (करीब 1.486 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है। ये मल्टी-इंजन रिजिड हल इन्फ्लेटेबल नावें खोज और बचाव, सेना और कार्गो परिवहन, निगरानी और टोही सहित विभिन्न समुद्री अभियानों में यूक्रेन की सहायता करेंगी।

# संरा प्रमुख ने युद्ध के गाजा से बाहर फैलने की चेतावनी दी

**संयुक्त राष्ट्र,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने गाजा युद्ध के दूसरे इलाकों में फैलने के खतरों के बारे में चेतावनी दी है। उन्होंने मंगलवार को फिलिस्तीन के मुद्दे सहित मध्य पूर्व पर सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय खुली बहस में कहा कि गाजा में युद्ध और दुर्दशा से दूर-दूर तक अशांति फैला रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने उनके हवाले से कहा, हम पूर्वी येरुशलम सहित कब्जे वाले वेस्ट बैंक में खतरनाक घटनाएँ देख रहे हैं, जहां तनाव चरम पर है और हताहतों की संख्या में नाटकीय वृद्धि हुई है।



मध्य पूर्व पर सुरक्षा परिषद में हुई खुली बहस

उन्होंने कहा कि रोजाना दर्जनों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। पिछले साल 7 अक्टूबर से अब तक छह हजार से अधिक फ़िलिस्तीनियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कई को बाद में रिहा कर दिया गया। बस्तियों में फिलिस्तीनी स्वामित्व वाले घरों और अन्य संरचनाओं को ध्वस्त करना और जब्त करना जारी है। उन्होंने कहा कि फ़िलिस्तीनी अर्थव्यवस्था संकट में है। इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी कर राजस्व के एक महत्वपूर्ण हिस्से को रोकना, 7 अक्टूबर से इजरायल में प्रवेश करने वाले लगभग सभी फिलिस्तीनी श्रमिकों पर निरंतर प्रतिबंध, और वेस्ट बैंक में गंभीर आंदोलन और पहुंच प्रतिबंध सभी बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी में योगदान दे रहे हैं।

गुतरेस ने चेतावनी दी कि व्यापक क्षेत्रीय तनाव के जोखिम अब वास्तविकता बन रहे हैं।

उन्होंने कहा, नागरिक क्षेत्रों पर हमलों सहित इजरायल-लेबनानी सीमा पर दैनिक गोलीबारी में छह इजरायली और 25 लेबनानी नागरिक मारे गए हैं और दोनों तरफ से हजारों लोगों को उनके घरों से निकाल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, गलत आकलन का जोखिम खतरनाक रूप से अधिक है।

## इराकी एयरबेस में विस्फोटक से भरे 2 ड्रोन मार गिराए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में अमेरिकी सैनिकों के ठिकाने ऐन अल-असद एयरबेस पर वायु रक्षा प्रणाली ने विस्फोटक से भरे दो ड्रोनों को मार गिराया। एक इराकी सेना अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर राजधानी बगदाद से लगभग 190 किमी उत्तर-पश्चिम में अल-बगदादी शहर के पास एयरबेस पर हमला करते समय ड्रोन को मार गिराया गया, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। इराक में इस्लामिक रेजिस्टेंस, एक इराकी शिया मिलिशिया, ने एयरबेस की ओर विस्फोटकों से भरे दो ड्रोन लॉन्च करने की जिम्मेदारी ली।

## लेबनान-इजरायल सीमा पर झड़प में मारा गया हिजबुल्लाह लड़ाका

**बेरूत।** लेबनान-इजरायल सीमा के पास लेबनानी कस्बों और गांवों पर इजरायली छापे में मंगलवार को एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया और चार नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को यह जानकारी दी। चिकित्सा सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया कि टेबिनिन सरकारी अस्पताल में चार घायल नागरिक आए, जिनमें दो सीरियाई महिलाएं भी शामिल है। ये लोग दक्षिणी लेबनान के एक सीमावर्ती शहर में एक घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में घायल हो गए थे।

## अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया ठिकानों पर किया हमला



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार को इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुविधाओं के खिलाफ एकतरफा हमले किए। अमेरिका की केन्द्रीय कमान (सेंटकॉम) ने यह जानकारी दी। सेंटकॉम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमले इराक के समयानुसार बुधवार सुबह किए गए। इसमें इराक में कताइब हिजबुल्लाह (केएच) मिलिशिया समूह और अन्य ईरान-संबद्ध समूहों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तीन सुविधाओं को निशाना बनाया गया। सेंटकॉम ने कहा कि ये हमले केएच के हालिया हमलों के जवाब में है, जिसमें 20 जनवरी को पश्चिमी इराक में अल-असद एयरबेस पर हमला भी शामिल है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 25 जनवरी , 2024 पौष शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष -आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दुखी हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

वृषभ -आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा। आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा। आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी। कला और साहित्य में आप अपनी कुशलता बता सकेंगे।

मिथुन -आपके द्वारा निर्धारित किए गए काम पूरे हो जाने से आप खुशी का अनुभव कर सकेंगे। आर्थिक योजनाएं भी आप सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय या नौकरी में मेल-जोल रहेगा और सहकर्मियों की मदद मिलती रहेगी।

कर्क -आज का दिन मित्रों और परिजनों के साथ आनंद में व्यतीत कर सकेंगे। उनसे मिलने वाले भेंट- सौगात से आपको खुशी महसूस होगी। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन मिलने का योग है। कोई अच्छा समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह -आज कानूनी मामलों में न पड़ना आपके हित में है। आप मानसिक चिंता और बेचैनी महसूस करेंगे। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। जीभ पर लगाम नहीं हो, तो किसी के साथ मनमुटाव या संघर्ष हो सकता है। प्रेम की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या -आप अनेक क्षेत्र में प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपको महिला मित्रों से लाभ होगा। मित्रों और बुजुर्गों के कारण आपका समय खुशी से व्यतीत होगा। आप घूमने जाने के बारे में विचार कर सकते हैं।

तुला -आज घर और ऑफिस में अच्छा वातावरण मिलने के कारण आप खुश होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले लोग उच्च पद प्राप्त कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की कद्र करेंगे।

वृश्चिक -आज शरीर में सुस्ती के कारण उत्साह का अभाव रहेगा। इसका प्रभाव आपके काम पर भी पड़ेगा। आपके लिए समस्याएं बढ़ेंगी। अधिकारी आपके लिए अनुकूल नहीं होंगे। संतान के साथ अनबन हो सकती है।

धनु -आज का दिन नए काम करने के लिए अच्छा नहीं है। सर्दी, खांसी या पेट की तकलीफ हो सकती है। किसी भी तरह का ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। आपके मन में चिंता और बेचैनी रह सकती है।

मकर -दैनिक कामों के अलावा आप अपना आज का समय मनोरंजन तथा मिलने जुलने में व्यतीत करेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा और दोस्तों के साथ घूमने जाएंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

कुंभ -आज का दिन काम में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा है। आपके काम की कद्र होगी। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा। आपके तन-मन में ताजगी महसूस होगी।

मीन -आज आपकी कल्पनाशक्ति में बहुत निखार आएगा। आप साहित्यसृजन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। आपके स्वभाव में प्रेम की मात्रा अधिक होगी। पेट की तकलीफ और मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1554 - ब्राजील के साओ पाउलो शहर की स्थापना हुई।
1755- मॉस्को विश्वविद्यालय की स्थापना हुई ।
1880 - प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन ने भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत की थी।
1881 - एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी बनायी।
1918 - भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का निधन हुआ था।
1924 - फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन।
1950 - भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई। वर्ष 2011 में इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
1955 - पनामा और अमेरिका ने नहर संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
1958 - भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका कविता कृष्णमूर्ति का जन्म हुआ।
1971 - हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया।
1980 - प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
1983 - आचार्य विनोबा भावे को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया।
1988 - रामसेवक शंकर ने सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
2001 - भारतीय जनता पार्टी' की प्रसिद्ध नेता विजयाराजे सिंधिया का निधन।

## कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला

**नोम पेन्ह,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला सामने आने के साथ ही पिछले दिसंबर से इस संक्रमण से पीड़ितों की संख्या चार हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रयोगशाला परिणामों से मंगलवार को एक और व्यक्ति की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी। मरीज का अस्पताल में इलाज चल रहा है। देश में मंकीपॉक्स के कुल पुष्ट मामले चार हो गए है। मंत्रालय ने लोगों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि मंकीपॉक्स वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मंकीपॉक्स वायरस से पीड़ित व्यक्ति के साथ सभी प्रकार के यौन संपर्क और घाव, शरीर के तरल पदार्थ, लार और दूषित उपकरणों के सीधे संपर्क के माध्यम से फैलता है। बयान में कहा गया है कि अगर गर्भवती महिला में यह वायरस है तो जन्म के दौरान या उसके बाद मंकीपॉक्स वायरस गर्भनाल के माध्यम से मां से बच्चे में फैल सकता है। मंत्रालय ने कहा कि चेहरे, हथेलियों, पैरों, शरीर, आंखों, मुंह या जननांगों पर छाले के साथ दाने, बुखार, सूजन लिम्फ नोड्स, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ के निचले हिस्से में दर्द और थकान जैसे लक्षणों वाले लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पतालों में जाकर मंकीपॉक्स के लिए परामर्श या परीक्षण कराना चाहिए।

### यूक्रेन सीमा पर रूसी सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त

## चालक दल सहित 74 लोगों की मौत

**कीव/ मॉस्को,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। रूस के सैन्य परिवहन विमान इल्यूशिन-76 के यूक्रेन की सीमा से सटे दक्षिणी बेलगोरोद क्षेत्र में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक दल के छह सदस्यों सहित 74 लोगों की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार एक रूसी सैन्य परिवहन विमान बेलगोरोद के सीमावर्ती क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया , जिसमें 65 यूक्रेन के युद्ध बंदी सवार थे। गार्जियन के पजोट्र सॉयर ने मॉस्को से कहा कि 65 यूक्रेन के युद्धबंदियों को ले जा रहा रूसी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि विमान में 65 यूक्रेन के युद्ध बंदी सवार थे, जिनकी अदला-बदली की जानी थी। मंत्रालय ने कहा कि इल्युशिन आईएल-76 परिवहन विमान पर चालक दल के छह सदस्य और तीन अन्य लोग भी सवार थे। बेलगोरोद के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि जहाज पर सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गयी। यूक्रेन ने हालांकि इस दुर्घटना के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। यूक्रेन्स्काया प्रावदा अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुये पहले यह कहा था कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने विमान को मार गिराया, लेकिन बाद में उसने रिपोर्ट वापस ले ली। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में दिखाई दे रहा है, जब एक बड़ा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसके बाद एक विशाल आग के गोले के साथ ही विस्फोट हुआ। फुटेज में अन्य तस्वीरों में मलबे को बर्फीले इलाके में बिखरा हुआ दिखाया गया है। सोवियत द्वारा डिज़ाइन किया गया इल्यूशिन इल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को लाने ले जाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। ड्यूमा के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा कि विमान को यूक्रेन ने 'मार गिराया' था और उन्होंने इसके लिये पश्चिमी मिसाइलों को दागने का आरोप लगाया।



65 यूक्रेन के युद्ध बंदी सवार थे

## बोलीविया में भारी बारिश बाढ़ से 20 की मौत



### 9,075 परिवारों को विस्थापित किया गया

**ला पाज,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। बोलीविया में भारी बारिश और बाढ़ के कारण देश के नौ क्षेत्रों में से सात में दो महीने से अधिक समय में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। उप नागरिक सुरक्षा मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि 20 नवंबर और जनवरी के बीच अत्यधिक वर्षा, ओलावृष्टि और ठंढ ने 41 नगर पालिकाओं और 154 कस्बों में कहर बरपाया है। जिसमें ला पाज़ का पश्चिमी विभाग की 14 नगर पालिकाएं और 63 समुदाय प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि बारिश ने 9,075 परिवारों को विस्थापित कर दिया, 4,097 लोग बेघर हो गए, और 159 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें 44 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए।

उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार ने 131 टन मानवीय सहायता पहुंचाई है, लेकिन आपदा के पैमाने को देखते हुए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

कैल्विमोंटेस ने कहा कि स्थिति गंभीर बनी हुई है और नदियों के उफान पर आने के खतरे को देखते हुए 27 जनवरी तक आठ विभागों को अलर्ट पर रखा गया है।

ला पाज में नवीनतम त्रासदियों में से एक सोमवार को हुई, जब इरुपाना नगर पालिका में एक नदी पार करने की कोशिश करते समय एक वाहन बाढ़ के पानी में बह गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई।

## उ. कोरिया ने क्रूज मिसाइलों का प्रक्षेपण किया



**सोल,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने बुधवार की सुबह पीले सागर की ओर कई क्रूज मिसाइलों का प्रक्षेपण किया। दक्षिण कोरियाई ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 07:00 बजे उत्तर कोरिया द्वारा पीले सागर की दिशा में कई क्रूज मिसाइलों प्रक्षेपण किया गया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की खुफिया एजेंसियां प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण करने के लिए काम कर रही हैं तथा निगरानी बढ़ा दी गई है और उत्तर कोरिया की आगे की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**चुनाव** *न्यू हैम्पशायर में ट्रंप से हारी हेली*

## यह दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है : निक्की हेली

**वाशिंगटन, 24 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार निक्की हेली ने न्यू हैम्पशायर प्राइमरी में अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रम्प के हाथों मंगलवार को एक और हार झेलने के बाद कहा कि व्हाइट हाउस 2024 की दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है। दूसरी तरफ, इस जीत के साथ जीओपी के संभावित उम्मीदवार के रूप में ट्रंप की स्थिति और मजबूत हो गई है।**

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित 36 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ, पूर्व राष्ट्रपति ने मंगलवार को महत्वपूर्ण प्राइमरी प्रांतीय मुकाबले में हेली के 45.3 प्रतिशत के मुकाबले 53.6 प्रतिशत समर्थन दर्ज किया।

दक्षिण कैरोलिना की दो बार की पूर्व गवर्नर हेली ने स्थानीय मीडिया द्वारा ट्रम्प की अनुमानित जीत के कुछ मिनट बाद कॉनकॉर्ड में समर्थकों से कहा, न्यू हैम्पशायर देश में पहले स्थान पर है, यह देश में अंतिम नहीं है।

जीत के लिए ट्रम्प को बधाई देते हुए हेली ने कहा कि उन्होंने इसे अर्जित किया लेकिन उन्होंने कहा कि यह दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है। अभी दर्जनों प्रांत बाकी हैं। और अगला मेरा प्यारा राज्य दक्षिण कैरोलिना है। ट्रम्प, जो हेली को खतरा नहीं मानते हैं, रीयलक्लीयर पॉलिटिक्स के मतदान औसत के अनुसार, दक्षिण कैरोलिना में 24 फरवरी के प्राइमरी से पहले ट्रंप उनसे लगभग 30 अंकों से आगे चल रहे हैं।




संभावित उम्मीदवार के रूप में ट्रंप की स्थिति और मजबूत हुई

ट्रम्प के समर्थकों के बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत को दौड़ से बाहर करने की मांग तेज़ हो गई, खासकर आयोवा और न्यू हैम्पशायर प्रांतों में पूर्व राष्ट्रपति की जीत के बाद। हेली, जिन्हें रिपब्लिकन गवर्नर क्रिस सुनुनु और 2022 जीओपी सीनेट के उम्मीदवार डॉन बोल्डुक ने समर्थन दिया था, ने ट्रम्प और राष्ट्रपति बाइडेन दोनों पर हमला बोल दिया।

हेली ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के साथ, आपको एक के बाद एक अराजकता का सामना करना पड़ता है। यह अदालती मामला, वह विवाद, यह ट्वीट, वह सीनियर मोमेंट... आप रिपब्लिकन अराजकता से जो बाइडेन की अराजकता को ठीक नहीं कर सकते।

इस बीच, ट्रम्प ने नैशुआ में एक विजय भाषण के साथ अपनी जीत का जश्न मनाया और हेली का नाम लिए बिना उनकी आलोचना की। ट्रंप ने कहा, वह ऐसे भाषण दे रही हैं जैसे वह जीत गई हों। वह जीती नहीं, वह हार गई हैं।

## सुडोकू 6447

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6447

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिर, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, झोंका, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि कंधे के नीचे लगाया जाता है (उर्दू)
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्यकिरण
२३. कशिश, खिंचाव

**ऊपर से नीचे:-**
१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादक, प्रसंग, संदर्भ
८. फायदेमंद
१०. बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षड्यंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चंदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6446

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | त्र | २ स | व | ■ | ■ | ३ अ | ट | ४ प | टा |
| त्सु | ■ | म | ■ | ५ स्था | प | त्य | ■ | गा | ■ |
| ६ क | न्नी | का | ट | ना | ■ | ७ धि | ध्का | र | ८ ना |
| त्य | ■ | ली | ■ | ९ भा | वु | क | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ उ | द | क |
| ■ | ल | ■ | ज | ■ | १३ बु | रा | दा | ■ | का |
| १४ अ | धि | १५ कृ | त | ■ | लं | ■ | १६ स | १७ मी | र |
| प्र | ■ | त | ■ | १८ अं | द | १९ र | ■ | ना | ■ |
| २० स | र्व | ज्ञ | ■ | ज | ■ | २१ ति | जा | र | २२ त |
| न्न | ■ | २३ ता | त्का | लि | क | ■ | ■ | ■ | म्र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### यूके का प्रतिष्ठित 'ब्लावाटनिक पुरस्कार' जीतने वालों में 3 भारतीय

**लंदन,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। रसायन, भौतिक और जीवन विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी काम के लिए ब्रिटेन में युवा वैज्ञानिकों का ब्लावाटनिक पुरस्कार पाने वाले 9 वैज्ञानिकों में तीन भारतीय हैं। पुरस्कार पाने वालों में प्रोफेसर राहुल आर. नायर, मेहुल मलिक, डॉ. तन्मय भरत शामिल है। इन्हें 27 फरवरी को लंदन के बैंक्वेट हाउस में एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें पुरस्कार के रूप में कुल 480,000 पाउंड का अनुदान दिया जाएगा। एक्सेस इंडस्ट्रीज के संस्थापक और अध्यक्ष और ब्लावाटनिक फैमिली फाउंडेशन के प्रमुख सर लियोनार्ड ब्लावाटनिक ने कहा, वैज्ञानिकों के करियर की शुरुआत में मान्यता और फंडिंग प्रदान करने से प्रयोगशाला में रह जाने वाली खोज और परिवर्तनकारी वैज्ञानिक सफलताएं हासिल करने वाली खोज के बीच अंतर हो सकता है। हमें गर्व है कि पुरस्कारों ने यूके के विज्ञान और कई प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों के करियर को बढ़ावा दिया है और हम आने वाले वर्षों में उनकी और खोजों की आशा करते हैं।

# प्रादेशिकी

## कॉर्बेट नेशनल पार्क से दो बाघ आएंगे दून के चिड़ियाघर

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से जल्द ही दो बाघों को देहरादून स्थित चिड़ियाघर भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जिसको लेकर कॉर्बेट पार्क में बाघों के स्वास्थ्य परीक्षण की कार्रवाई की गई। जिनकी रिपोर्ट भी आ गई है। इसके बाद कॉर्बेट प्रशासन आगे की कार्रवाई में लगा है। बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में व इसके आसपास से लगते क्षेत्रों से लगातार मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिसको देखते हुए कॉर्बेट प्रशासन को कई बार मानवों को निवाला बनाने वाले इन बाघों को रेस्क्यू करना पड़ता है। बीते वर्ष कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटना के बाद दो बाघों को पार्क प्रशासन द्वारा देहरादून जू में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# उत्तराखण्ड में गन्ना मूल्य में 20 रुपये की हुई बढ़ोत्तरी

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 24 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान कैबिनेट में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसके साथ ही कैबिनेट बैठक के दौरान 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भगवान राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कैबिनेट बैठक में धामी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इसके अलावा कैबिनेट बैठक के दौरान नई आबकारी नीति 2024-25 पर चर्चा की गई। साथ ही इसमें कुछ बदलाव करने को लेकर भी निर्देशित किया गया।

धामी सरकार ने होम स्टे के लिए 100 फीसदी अनुदान देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को 4 फीसदी आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

सरकरी नौकरियों में खिलाड़ियों को आरक्षण देने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया जाएगा। सीएम धामी सरकार ने गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी का फैसला भी लिया है। कैबिनेट बैठक में विभिन्न विभागों के सहायक अभियंताओं को 4 हजार रुपये वाहन भत्ते के रूप में भी मिलेगा।

उत्तराखंड में मछली के तालाब 10 साल के लिए



नीलाम हों। सीएम धामी सरकार की कैबिनेट बैठक में ओबीसी आयोग के कार्यकाल को एक साल बढ़ाने का फैसला लिया गया है। उत्तराखंड में हाउस ऑफ हिमालया के उत्पादों की मॉनिटरिंग के लिए अब कंपनी बनाने का निर्णय भी लिया गया है।

इसके साथ ही इस कैबिनेट में पुराने वाहन भत्ते में संशोधन। अब 1200 से 4000 तक किया। पहले 200 से 2700 तक था। चाइल्ड केअर लीव में पहले 365 तक शत प्रतिशत वेतन था। उसके बाद 80 प्रतिशत था। अब तीसरे साल में भी 100 प्रतिशत मिलेगा। व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति के लिए 4800 का नया ग्रेड होगा। व्यवसाय श्रम विधेयक 2020 में पास हुआ था। इसे केंद्र को भेजा गया था। भारत सरकार ने कहा कि इसे वापस लिया जाए, इसलिए राज्य का वापस होगा। खनन नियमावली में संशोधन। वीडियोग्राफी भी होगी ताकि ज्यादा गहरा खनन न हो। खनन के ढांचे को लेकर सात अतिरिक्त पदों को स्वीकृति मिली। छह डिस्ट्रिक्ट माइनिंग ऑफिसर और एक डीजी के लिए पीएस का पद। हर जिले में एक ऑफिसर होगा। पुरानी जेल परिसर देहरादून में बार एसोसिएशन को 30 साल के लिए पांच बीघा जमीन दी गई हैं। एक रुपया प्रतिवर्ष पर। चुनाव से पहले एक बच्चा और जीत के बाद जुड़वां होने पर अयोग्य नहीं होगा। परिवहन मंत्रालय का रीजनल ऑफिस बनाने को 0.026 हेक्टेयर जमीन पुलिया नंबर छह पर निशुल्क दी जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी की नियमावली में संशोधन। जलाशयों की बोली पिछली नियमावली में पांच साल थी, जो अब 10 साल के लिए होगी। मत्स्य पालन के लिए। खिलाड़ियों के लिए चार क्षैतिज आरक्षण को सरकार विधेयक लाएगी। साहसिक पर्यटन में अहर्ता में शिथिलता। कुछ पदों पर भर्ती आसान। विषय विशेषज्ञ की अहर्ता बदली। उत्तरकाशी में जादों गांव में 1962 कई लड़ाई में आर्मी आई थी। वह वाइब्रेंट विलेज की सूची में भी है। वहां के मूल निवासी के लिए होम स्टे की विशेष योजना। इसमें ज्यादा सरकारी मदद मिलेगी। 100 प्रतिशत तक फंडिंग।

-लखवाड़ व्यासी जैसे डैम में अब स्थानीय लोग 10 लाख तक के काम लोकल सोसाइटी बनाकर कर सकते हैं। पहले 5 लाख था। साथ ही कांस्टेबल की सेवा नियमावली में एकरूपता लाई जाएगी। उत्तराखंड में गन्ना मूल्य पिछले साल से 20 रुपये ज्यादा। ओबीसी के एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की समय सीमा 1 जनवरी 2025 तक बढ़ाई गई। हाउस ऑफ हिमालयाज - सरकार भी एक कंपनी बनाएगी। प्राइवेट कंपनी मार्केटिंग करेगी। सरकार अपने काम इस कंपनी से ही करेगी, आदि फैसले भी लिए गये।

- मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट ने मूल्य बढ़ाने पर लगाई मोहर
- उत्तराखण्ड में होम स्टे के लिए मिलेगा 100 फीसदी अनुदान
- सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को दिया जाएगा 4 प्रतिशत आरक्षण
- सहायक अभियंताओं को 4 हजार रुपये वाहन भत्ता मिलेगा
- मछली के तालाब 10 वर्ष के लिए होगें नीलाम
- कैबिनेट ने ओबीसी आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया
- हाउस ऑफ हिमाया उत्पादोंकी मॉनिटरिंग के लिए बनेगी कंपनी
- व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति के लिए 4800 का नया ग्रेड होगा
- व्यवसाय श्रम विधेयक 2020 लिया जाएगा वापस
- खनन नियामावली होगी संशोधित
- खनन के ढांचे को लेकर सात अतिरिक्त पदों को स्वीकृति

## पूर्ण राज्यत्व दिवस पर हिमाचल के कर्मचारी व पेंशन भोगी डीए की सौगात की उम्मीद

शिमला, 24 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर हिमाचल के कर्मचारी व पेंशन भोगी डीए की सौगात की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बीते साल पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों को 3 फीसद डीए की किश्त की सौगात दी, इसके बाद से कर्मचारियों व पेंशनरों का 12 फीसद डीए बकाया हो गया है। डीए के साथ साथ कर्मचारियों को छठे पंजाब वेतन आयोग के तहत मिलने वाले संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की भी प्रतीक्षा है।

प्रदेश का पूर्ण राज्यत्व दिवस आज है। पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर मंडी जिला के धर्मपुर में राज्यस्तरीय समारोह होना है। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। करीब दो लाख कर्मचारियों व पौने दो लाख के करीब पेंशन भोगियों को उम्मीद है कि राज्य स्तरीय समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डीए की सौगात उन्हें देंगे। प्रदेश के कर्मचारियों को बीते साल जनवरी माह से डीए का भुगतान नहीं हो सका है। कर्मचारियों का 12 फीसद डीए बकाया है। मुख्यमंत्री द्वारा 4 फीसद डीए की किश्त के भुगतान के लिए करीब 550 करोड़ की रकम चाहिए। तमाम 12 फीसद बकाया डीए का भुगतान करने के लिए 1500 करोड़ के करीब धन की आवश्यकता होगी। हिमाचल की माली हालत बहुत अच्छी नहीं। लिहाजा एकमुश्त 12 फीसद डीए के भुगतान की उम्मीद करना भी बेमानी है। लिहाजा कर्मचारी व पेंशनर 4 फीसद डीए की किश्त की ही उम्मीद लगाए हैं।

उधर सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने इस मुद्दे पर संपर्क करने पर कहा कि कर्मचारी अपने वित्तीय हक के लिए कब तक इंतजार करेंगे। हमने पहली ही मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों को किश्तों में डीए और इसी तरह से बकाया दस हजार करोड़ एरियर का भुगतान किया जाए। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री कर्मचारी वर्ग के हितों को ध्यान में रखेंगे।

उधर एनपीएस कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पहले ही उनके समक्ष डीए के भुगतान की मांग कर चुके हैं।ठाकुर का मानना है कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के वित्तीय लाभ देने को लेकर संजीदगी दिखाई है। उन्होंने भी पूर्ण राज्यत्व दिवस पर डीए की एक किश्त मिलने की उम्मीद जताई है।

**सार संक्षेप**

### भू-कानून और मूल निवास को लेकर 28 को महारैली

**हल्द्वानी।** भू- कानून और मूल निवास 1950 को लेकर 28 जनवरी को हल्द्वानी में महारैली होने जा रहा है। उत्तराखंड क्रांति दल ने इसे लेकर बुधवार को हल्द्वानी में बैठक की। जिसमें 28 जनवरी को हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में भू कानून और मूल निवास को लेकर महारैली की बात कही। उत्तराखंड क्रांति दल ने बताया 28 जनवरी को सुबह दस बजे सभी लोग बुद्ध पार्क में एकत्रित होकर मूल निवास और सशक्त भू-कानून के लिए महारैली निकालेंगे। महारैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के साथ ही लोक कलाकारों से वार्ता की जा रही है। 28 जनवरी को हल्द्वानी में आयोजित मूल निवास स्वाभिमान महारैली में सौ से अधिक संगठनों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता भुवन जोशी ने कहा मूल निवास, भू-कानून हल्द्वानी रैली को लेकर वहां के विभिन्न संगठन सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। हल्द्वानी की रैली में अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा देहरादून की तरह ही हल्द्वानी की महारैली भी ऐतिहासिक रहेगी। हल्द्वानी में हजारों की संख्या में आंदोलनकारी इकट्ठा होंगे। कुमाऊं मंडल के हर जिले, ब्लॉक और गांव स्तर से लोग इस रैली में शामिल होंगे।

### प्रधान और उपप्रधान गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दिल्ली रवाना

**उत्तरकाशी।** केंद्र की महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल सीमावर्ती गांवों के प्रधानों और उप प्रधानों को दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उत्तरकाशी जिले से चयनित आठ गांव के प्रधान व उपप्रधान समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए है। ये प्रधान और उपप्रधान अपने परिवार के साथ आईटीबीपी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। इनमें उत्तरकाशी जिले के आठ गांव जिसमें बगोरी, धराली, हर्षिल, जादूंग, जसपुर, झाला, मुखबा, नेलांग, पुराली व सुक्की के प्रधान शामिल हैं। केंद्र सरकार की ओर से सीमा पर बसे गांवों को आबाद करने समेत वहां विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत उत्तराखंड की सीमा पर बसे वाइब्रेंट विलेज के प्रधानों को दिल्ली में लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष मेहमान के तौर पर हिस्सा लेने का आमंत्रण मिला है। उत्तरकाशी जिले में वाइब्रेंट विलेज के प्रधान परिवार 12वीं वाहिनी आईटीबीपी मातली के नेतृत्व में रवाना हुए। हर्षिल गांव के प्रधान दिनेश रावत ने कहा कि अगर उन्हें अवसर मिला तो वो अपने हाथों से पीएम को उपहार भेंट करेंगे। साथ ही जसपुर के प्रधान हरीश राणा ने कहा कि सीमांत गांवों के प्रधानों के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है।

# प्रदेश में 25 दवा कंपनियों की बनी 38 दवाइयां के सैंपल हुए फेल

**शिमला,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में 25 दवा कंपनियों की बनी 38 दवाइयां के सैंपल हाल ही में फेल हो गए हैं. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के मानकों पर इन दवाइयों के सैंपल खरे नहीं उतरे. यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी प्रदेश में दवाइयों के सैंपल फेल होने के मामले सामने आ चुके है. यही वजह है कि सरकार इसको गंभीरता से ले रही है. स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि दवाइयां के सैंपल फेल होने से प्रदेश की छवि पर बुरा असर पड़ता है. इस तरह के मामलों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उद्योगों पर एक्शन लिया जाएगा.

कर्नल डॉक्टर धनीराम शांडिल ने कहां की हिमाचल प्रदेश के बद्दी फार्मा क्षेत्र की कुछ कंपनियों के दवाइयां के सैंपल फेल हुए हैं. उन्होंने कहा कि इन सभी कंपनियों को नोटिस दिए गए हैं. उन्होंने कहा की इस पर विभाग तफ़्तीश



कर कार्यवाही करेगा. शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश दवाइयां का निर्यात भी करता है लेकिन इस तरह के प्रकरणों से प्रदेश और प्रदेश के फार्मा उद्योग पर बुरा प्रभाव पड़ता है. उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों की दवाइयों के सैंपल फेल हुए है उनको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पहले भी विभाग की ओर से सैंपल फेल होने पर लाइसेंस रद्द करने के कदम उठाए गए हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी दवाइयां की जांच होगी जिसमें कोई भी कमी पाई जाती है या सभी मानकों को पूरा नहीं करती है तो उसे भी तुरंत प्रभाव से खारिज कर दिया जाएगा.

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार अस्पतालों के लिए सप्लाई होने वाली दवाइयों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेगी. वही डॉक्टरों के एनपीए को लेकर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालय में डॉक्टर के चल रहे विरोध पर स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि चिकित्सकों को दिए जाने वाले एनपीए को बंद नहीं किया गया है, इस पर कुछ समय की रोक लगाई गई है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए और भारी आपदा के चलते एनपीए रोका गया. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को प्रमोशन के लिए भी जल्द कदम उठाए जाएंगे. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों और स्टाफ नर्सिस की कमी पूरा करने के लिए इनकी भर्तियां सरकार कर रही है.

# सनातन व मोदी से नफरत करने वाले कर रहे हैं नफरत हराने का दावा : भट्ट

**देहरादून,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा ने 26 जनवरी के दिन कांग्रेस द्वारा आयोजित राजनैतिक आंदोलन की घोषणा को राष्ट्रीय पर्व का अपमान बताते हुए कहा कि कांग्रेस अब राष्ट्रीय पर्वों को भी राजनीति का जरिया बना रही है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया कि सनातन और मोदी से



नफरत के चलते प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार करने वाली कांग्रेस अब नफरत हराने का दावा कर रही है। जनता उनके मिशन का जवाब देने वाली है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में तय हुए आंदोलन, जीतेगा भारत, हारेगी नफरत की टाइमिंग पर गंभीर सवाल खड़ा करते हुए भट्ट ने इसे संवैधानिक पर्व गणतंत्र दिवस का अपमान बताया है । उन्होंने आंदोलन की घोषणा को विपक्ष द्वारा निम्न स्तर की राजनीति बताया और कहा कि जिस दिन समूचा देश संविधान की स्थापना का जश्न मना रहा होगा, कांग्रेस उसके समानांतर अपना राजनैतिक कार्यक्रम चलाएगी।

उन्होंने तंज किया कि स्वयं को सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी बताने वाली कांग्रेस अब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए

राष्ट्रीय पर्वों का भी राजनीतिकरण करना पड़ रहा है । हालत यह है कि उनकी पार्टी आयोजनों में कार्यकर्ताओ के साथ अब नेता भी नही जुट रहे हैं । यही वजह है कि 26 जनवरी के महत्वपूर्ण अवसर पर आयोजन मे निकले लोगों और छुट्टी का फायदा उठाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने आंदोलन के स्लोगन पर निशाना साधा कि जिनके आचार, व्यवहार और संस्कारों में सनातन धर्म और पीएम के प्रति नफरत हो उनका उनके लिए आने वाली चुनौतियों से निपटना आसान नही है। भट्ट ने कहा कि आज प्रदेश पुष्कर सिंह धामी और देश पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है । विश्व की आर्थिक, सामाजिक एवं सामरिक सभी शीर्ष संस्थाएं भारत के ग्लोबल लीडर बनने पर मुहर लगा रही हैं। 500 वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में विराजने के भव्य दिव्य आयोजन से सनातन के स्वर्णिम उत्कर्ष का जय घोष किया है ।

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें: तीरथ रावत

पौड़ी, 24 जनवरी (देशबन्धु)। जिला विकास समन्वय एवं विकास समिति (दिशा) की बैठक सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सांसद गढ़वाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्ता के साथ कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

विकास भवन सभागार में गढ़वाल सांसद ने बैठक लेते हुए वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए कार्यों की गुणवत्ता की जांच करना सुनिश्चित करें। बैठक में जल जीवन मिशन की शिकायत पर सांसद ने संबंधित अधिकारी को पंपिंग योजनाओं का कार्य बेहतर तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत लग रहे पाईपों की गुणवत्ता व उन्हें जमीन के अंदर गहराई में रखें, जिससे पाईप क्षतिग्रस्त न हो पाए। गढ़वाल सांसद ने पोखड़ा विकासखंड में 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने पीएमजीएसवाई, लोनिवि व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सक्त निर्देश दिये कि मार्गो का कार्य गुणवत्ता व जिन कार्यों का टेंडर नहीं हुआ है उन कार्यों का टेंडर तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

गढ़वाल सांसद ने पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिये कि गांव-गांव में लग रहे कूड़ेदान का उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को समस्त लाभार्थियों को पेंशन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी को काश्तकारों को समय पर ऋण वितरण करने के निर्देश दिये। जिससे वह समय पर अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे। वहीं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग का कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने को कहा। सांसद ने मैठाणाघाट-रसियाघाट नये मोटर का लोनिवि व परिवहन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश। कहा कि मार्ग का निरीक्षण सही पाये जाने पर वाहनों का आवागमन शुरू करें, जिससे आमजनमानस को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# मेधावी बालिकाओ को मुख्यमंत्री व मंत्री रेखा आर्या ने बांटे स्मार्टफोन

### बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किया वितरण

**देहरादून,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के सुवसर पर मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने बालिकाओ के साथ संवाद किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर बालिकाओं के साथ बात की। बालिकाओ द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर खुशी व्यक्त की गई। इस दौरान बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022 व 2023 की 318 मेधावी बालिकाओं को स्मार्ट फोन देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी बालिकाएं हमारा गौरव और सम्मान हैं। आज सरकार बालिकाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाएं चला रही हैं जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि समाज मे बालक और बालिका के प्रति फैले भेदभाव





को खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं।कहा कि मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण और राज्य में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत का आरक्षण लागू किया गया है।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है और प्रदेश सरकार बालिकाओं के शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर को सुधारने की दिशा में लगातार काम कर रही है। साथ ही देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना, बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है। कहा कि आज हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं बल्कि आज बेटियां अपने कौशल से हर एक क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान गढ़ रहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमे बेटों और बेटियों के प्रति भेदभाव को खत्म करने की आवश्यकता है और यह भेदभाव खत्म करने की नींव हमे अपने परिवार से डालनी होगी ताकि समाज मे बेटियों को भी वही सम्मान व हक मिले जिसकी यह हकदार हैं। समाज में मौजूद बालिकाओं के प्रति विभिन्न प्रकार के भेदभावों को रोकने, बालिकाओं की देश में आवश्यकता के प्रति जागरुकता बढ़ाने और बालिकाओं के प्रति होने वाले शोषण को रोकने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम लाभदायक सिद्ध होते हैं।

# नि:संतान दम्पतियों के लिए वरदान साबित हो रही एआरटी सुविधा

देहरादून। सूबे में एआरटी अधिनियम-2021 एवं सरोगेसी एक्ट-2021 के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। दोनों एक्टों के लागू होने के उपरांत राज्य में 1938 दंपतियों ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) के विकल्प का लाभ सफलतापूर्वक उठाया है। राज्य में संतान सुख पाने में असमर्थ विवाहित दंपत्ति एवं महिलाओं की कुछ श्रेणियों (एकल और अविवाहित) के लिये एआरटी वरदान साबित हो रहा है। सूबे के स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सरोगेसी एक्ट एवं एआरटी एक्ट-2021 लागू होने के उपरांत लाभार्थियों की मांगी गई रिपोर्ट के क्रम में विगत दो वर्षों के आंकड़े भारत सरकार को भेज दिये हैं।

प्रदेश में नि:संतान दम्पतियों के चेहरों पर मुस्कान लौट रही है। उनके सूने आंगन बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज रहे हैं। यह सब एआरटी अधिनियम-2021 व सरोगेसी एक्ट-2021 के लागू होने और इसके ठोस क्रियान्वयन से सम्भव हो पाया है। वर्ष 2021 में देश के साथ-साथ प्रदेश में एआरटी व सरोगेसी एक्ट लागू हुआ। जिसके अंतर्गत प्रदेश में पंजीकृत 22 एआरटी क्लीनिकों के माध्यम से सूबे के 1938 दम्पतियों ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) के विकल्प का लाभ सफलतापूर्वक उठाया है। जिसमें सर्वाधिक 726 दम्पतियों ने इंदिरा आईवीएफ में एआरटी का लाभ लिया। इसके अलावा नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में 168, केयर आईवीएफ यूनिट में 165, फुटेला फर्टिलिटी सेंटर 137, उत्तरांचल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर 103, जेनेसिस आईवीएफ 83, मॉर्फिअस प्रसाद इंटरनेशनल आईवीएफ सेंटर 68, सुभारती हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर 66, वृंदा फेमिकेयर फर्टिलिटी एलएलपी 57, वैश्य नर्सिंग होम एआरटी क्लीनिक में 54, श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल आईवीएफ सेंटर 53, निदान फर्टिलिटी क्लीनिक 45, ऑली हास्पिटल फर्टिलिटी रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक सेंटर 42, आशीर्वाद हेल्थकेयर एवं फर्टिलिटी सेंटर 41, आईवीएफ सेंटर एम्स ऋषिकेश 28, लूथरा नर्सिंग होम 24, रेवती नर्सिंग होम 22, काला फर्टिलिटी 03 एवं मदर केयर सेंटर में 02 दम्पतियों ने एआरटी का लाभ लिया।



भारत सरकार ने हाल ही में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से उन दंपतियों और एकल तथा अविविवाहित महिलाओं का आंकड़ा मांगा है जिन्होंने सरोगेसी अधिनियम-2021 एवं एआरटी-2021 लागू होने के बाद से सरोगेसी व एआरटी का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है ताकि सरकार कानून के कामकाज का आंकलन कर सके। इस बावत प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में एआरटी का लाभ उठाने वाले सभी 1938 दम्पतियों की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेज दी है।

*राज्य में सरोगेसी एक्ट-2021 एवं एआरटी एक्ट-2021 के ठोस क्रियान्वयन का नतीजा है कि प्रदेश में पंजीकृत क्लीनिकों के माध्यम से अब तक 1938 दम्पतियों ने एआरटी का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है। इन एक्टों के तहत केवल संतान सुख पाने में असमर्थ विवाहित दंपत्ति और महिलाओं की कुछ श्रेणियों ( एकल और अविवाहित ) को ही एआरटी और सरोगेसी का लाभ उठाने की अनुमति है।*

*डा. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड सरकार*

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शिक्षा और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 25 छात्राएं पुरस्कृत

**बागेश्वर,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज बागेश्वर में देवभूमि सुकन्या श्रेष्ठता पुरस्कार के तहत जिलेभर में शिक्षा, खेलकूद आदि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 25 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिले के विद्यालयों की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बागेश्वर पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव और जिला क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस मौके पर विधायक पार्वती दास ने कहा कि बालिका दिवस के अवसर पर आज छात्राओं को पुरस्कृत करना काफी अच्छा लग रहा है। आज के वक्त में छात्रों के मुकाबले छात्राएं काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और उन्हें सम्मान देने से उनका मनोबल बढ़ता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि महिलाओं के द्वारा लगातार देश दुनिया में अपना एक अलग मुकाम बनाया जा रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। चाहे राजनीति का क्षेत्र हो शिक्षा का क्षेत्र हो। खेलकूद और अन्य किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की तरह ही बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उनके बेहतर प्रदर्शन को लगातार सम्मान मिलते रहना चाहिए।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पुरस्कृत छात्रा कोमल बिष्ट ने कहा कि उनके लिए ये काफी अच्छा अनुभव रहा कि आज के कार्यक्रम में हमारे विद्यालय की छात्राओं को भी प्रस्तुत होने का मौका मिला है। कोमल ने कहा कि हम छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगी।

### सुडोकू 6447 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

# प्रादेशिकी

## आरोपी के एनकाउंटर की मांग पर अड़े किशोरी के परिजन

**मवाना,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। फलावदा में तीन दिन पहले किशोरी की हत्या के हत्या के मामले में मंगलवार देर शाम पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपी फरहान को गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोनों पैरों में गोली लगी हुई थी। किशोरी के परिजनों को फरहान की गिरफ्तारी और मुठभेड़ की जानकारी मिली। इस संबंध में इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमें परिजनों ने फरहान के एनकाउंटर करने एवं मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है और अपनी मांग पर अड़े रहे। तीन दिन पहले सोमवार को आरोपी फरहान ने सोफिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मंगलवार दोपहर को पुलिस अफसर की मौजूदगी में परिजनों ने मृतका किशोरी के शव को कब्रिस्तान में दफ़नाया उसके बाद आरोपियों के खिलाफलोगों का आक्रोश फूट पड़ा।

# बुलंदशहर से प्रधानमंत्री मोदी देंगे हजारों करोड़ रुपए की सौगात : योगी

## मुख्यमंत्री ने की लोकार्पित व शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा



- पुलिस शूटिंग रेंज मैदान में होगी मोदी व योगी की जनसभा
- बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे मोदी

जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े : **योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बुलंदशहर दौरे पर जा रहे हैं, इसको लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया कि जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था करने के उन्होंने निर्देश दिए और बैठक में उपस्थित मण्डल के अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पूरा कराया जाए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार की योजनाओं का लाभ किस तरह से समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसकी झलक उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर अवध शिल्प ग्राम में दिखाई दे रही है। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग ने भी अपना स्टॉल लगाया है, जिसमे विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रदेश भर के जरूरतमंद वरिष्ठजनों से लेकर युवाओं और कन्याओं को लाभ पहुंचाने के लिए समाज कल्याण विभाग कई योजनाएं संचालित कर रहा है।

# शोभित विवि में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेशन का किया आयोजन



**मेरठ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में नाइस स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज विभाग द्वारा एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्राजुलित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मनदीप सिंह रावत वाइस प्रेसिडेंट (लर्निंग एंड डेवलपमेंट) एचबीएफ डायरेक्ट लिमिटेड एवं शालिनी भट्टाचार्य प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एचबीएफ डायरेक्ट लिमिटेड मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संकाय निदेशक डॉ. राजुल दत्त द्वारा मुख्य अतिथि को पटका भेट कर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मनदीप सिंह रावत ने एमबीए और बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों को संबोधित करते हुए कॉर्पोरेट परिदृश्य का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार सही स्पेशलाइजेशन का चुनाव कर आप अपने भविष्य को और बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने मार्केटिंग, फाइनेंस, एचआर, एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, सप्लाई चौन मैनेजमेंट एवं अन्य सभी स्पेशलाइजेशन के क्षेत्र में मिलने वाले रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत रूप से छात्रों को बताया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की शिक्षिका डॉ. देवयानी गर्ग द्वारा किया गया।

# यूको बैंक के तिमाही व नौमाही के वित्तीय परिणाम घोषित






**मेरठ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। बुधवार को यूको बैंक के 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही/नौमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अश्वनी कुमार ने मीडिया मीट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंक का कुल करोबार वर्ष-दर-वर्ष 10.46 प्रतिशत बढ़कर रुपए 435456 करोड़ हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 18.63 प्रतिशत बढ़कर रुपए 179195 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 5.38 प्रतिशत बढ़कर रुपए 256261 करोड़ हो गया। बैंक का आरएएम संविभाग वर्ष-दर-वर्ष 17.70प्रतिशत बढ़कर रुपऐ 93720 करोड़ हो गया, जिसमें रिटेल अग्रिम ने 18.01 प्रतिशत, कृषि अग्रिम ने 13.22 प्रतिशत तथा एमएसएमई अग्रिम ने 20.79 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की। 31.12.2023 को सकल एनपीए 178 बीपीएस घटकर 3.85 प्रतिशत हो गया जबकि 31.12.2023 को निवल एनपीए 68 बीपीएस घटकर 0.98 प्रतिशत हो गया। 31.12.2023 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 169 बीपीएस बढ़कर 16.01 प्रतिशत हो गया जबकि 31.12.2023 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात टियर -1 वर्ष-दर-वर्ष 196 बीपीएस बढ़कर 13.53 प्रतिशत हो गया। 31.12.2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए परिचालन लाभ 3303 करोड़ रुपए रहा, जो वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 80 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए तिमाही हेतु इक्विटी पर रिटर्न 13.07 प्रतिशत हो गया। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 781 बीपीएस की वृद्धि दर्ज करते हुए 69.93 प्रतिशत हो गया। बैंक ने 31.12.2023 को समाप्त नौमाही के दौरान 26 नई शाखाएं खोली हैं।

## सार संक्षेप

### चेयरमैन ने किया नवनिर्मित नाले का औचक निरीक्षण



**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक द्वारा वार्ड 7 मौ. हीरालाल में डा. स्नेह नर्सिग होम के सामने से सरकारी अस्पताल तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य का मौके पर जाकर औचिक निरीक्षण किया गया। जिसमे उनके द्वारा आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गई ओर मौके पर ही उनका निस्तारण कराया गया। पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित ठेकेदार को नाला निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण व शीघ्रता से कार्य को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये गये। उक्त स्थल पर उपस्थित नागरिकों द्वारा उक्त कार्य कराए जाने हेतु पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उक्त अवसर पर अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ पालिका सभासद ओमपाल, सभासदपति गुलफाम मिद्दा, मनीष यादव सम्बन्धित ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से निकली गई एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा



**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में सम्पूर्ण भारत की संस्कृति और राष्ट्रीयता की झलक देखने को मिली। बुधबार को नगर के प्राचीन कालीन शिव मंदिर पांडेश्वर नाथ से यात्रा का प्रारंभ हुई। यात्रा में विभिन्न प्रांतों की भेषभूषा में कला साधक व छात्र-छात्राएं कदम ताल करते नजर आए। एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा में भारत माता जय श्री राम के उद्घोष से पूरा बाजार गूंज उठा। यात्रा का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में सबसे आगे साहस इंडिया ग्रुप डी.जे. साउंड पर देश भक्ति गीतों पर संयोजक अमन अवस्थी राष्ट्रीय ध्वज के प्रस्तुति देते नज़र आए। इसके ब्रह्मकुमारी बी. के. शोभा बहन के नेतत्व में शिव परिवार के साथ मौजूद रहीं।

### 3.29 लाख रुपए का गबन, सीओ को दिया पत्र

**मवाना।** कृषक स्नातकोत्तर कॉलेज मवाना में तत्कालीन प्राचार्य समेत चार कर्मियों पर 3.29 लाख रुपए बगन का आरोप लगाया गया है। यह आरोप कृषक पीजी कालेज की प्रबंध समिति की सचिव अर्चना वर्मा ने लगाया है। उन्होंने यह आरोप बुधवार को मवाना पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए पत्र में लगाया है। उन्होंने इस मामले में सीओ से कार्रवाई करने की मांग की है। सीओ को दिए पत्र के अनुसार वर्ष 2018-19 में तत्कालीन कार्यवाहक प्राचार्य डा.तनुज कुमार, कार्यालय अधीक्षक हरनंदन सिंह, लेखाकार नवीन कुमार व आशुलिपिक मनु चौधरी ने 3.29 लाख रुपए की फीस व छात्रवृत्ति का गबन कर लिया है। इस बारे में कई बार डा.तनुज से मौखिक व पत्राचार से जानकारी मांगी गई लेकिन उन्होंने कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कॉपी किताब की वितरित

**मेरठ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम के बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्लम एरिया की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शिक्षा से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ-साथ उन्हें कापी, किताब और पेंसिल भी वितरित की। बीएड विभागाध्यक्ष एकता सिंधु ने कहा कि इस कार्यक्रम को करने का हमारा उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त करना है ताकि उन्हें अपनी आवश्यकताओं एवं आत्मरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। इसी के साथ-साथ महाविद्यालय में कुछ बालिकाओं को बुलाया गया और उन्हें भी शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें कंप्यूटर लैब दिखाया और उनकी रिफ्रेशमेंट भी दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी बालिकाओं को बधाई दी और कहा कि बेटियां शिक्षित हों, बड़े सपने देखें और उसे साकार करें।



# राम प्राण प्रतिष्ठा मेरे संपूर्ण जीवन का सबसे सुखद पल : डा. सुधीर



- श्री वेंकटेश्वरा में अयोध्या धाम से आए दिव्य प्रसाद का किया गया वितरण
- राम मंदिर की रज से मस्तक तिलक समारोह का आयोजन
- समारोह से लौटने पर चेयरमैन को लगाया तिलक

**मेरठ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में इस समारोह का साक्षी बनाकर वापस लौटे समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी द्वारा वहां से ले गए 'प्रभु प्रसाद' का वितरण एवं रामलला की पवित्र रज को माथे से तिलक कर पवित्र मस्तक तिलक समारोह का आयोजन किया गया। वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉ. गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के हवाले से इस यादगार ऐतिहासिक समारोह के अपने सुखद अनुभवों को साझा करते हुए डॉ. गिरी ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्हें महाभारत में कृष्ण बने नितीश भारद्वाज, रामायण के राम अरुण गोविल का शानदार सानिध्य समेत जगतगुरु रामभद्राचार्य, आचार्य बालकृष्ण, स्वामी रामदेव, रामलला ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी महाराज समेत देश एवं दुनिया के महान साधु संतों एवं धर्म गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे अविस्मरणीय ऐतिहासिक पल है, जिसका मुझे साक्षी बनाने के लिए मैं पूरे वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय परिवार की ओर से राम मंदिर ट्रस्टध् न्यास, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मेरे परमगुरु जगतगुरु रामभद्राचार्य का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। श्री व ें क ट े श्व र ा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में अयोध्या धाम से आए रामलला प्रसाद वितरण एवं रामलला परिसर की पवित्र राज के मस्तक तिलक समारोह में समारोह का शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वीपी एस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. राकेश यादव आदि ने प्रभु राम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके एवं उन्हें भोग लगाकर किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन/प्रशासन के सभी सदस्यों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अयोध्या धाम से आए प्रसाद प्रसाद ग्रहण कर जय श्री राम के नारों के साथ पूरे संस्थान परिसर को गुंजायमान कर दिया। इसके साथ ही वहां से कलश में आई पवित्र प्रभु चरणों की रज को अपने मस्तक पर लगाकर पवित्र मस्तक तिलक समारोह को बहुत ही यादगार बना दिया।

# एसडीएम ने निर्भीकता से मतदान करने की शपथ दिलाई



**मवाना,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना तहसील सभागार में बुधवार को एसडीएम अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तहसील के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान निर्भीकता से करने की शपथ दिलाई। उन्होंने मतदाता प्रतिज्ञा कराई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अटूट विश्वास रखते हुए, अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों की गरिमा को बनाए रखने और हर चुनाव में निडर होकर और धर्म के विचारों से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की प्रतिज्ञा करते हैं। एसडीएम ने बताया कि यह प्रतिज्ञा 25 जनवरी 2024 को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अवकाश होने के कारण एक दिन पहले कराई गई है। उधर जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ के आदेश पर नगर पालिका परिषद् मवाना कार्यालय में चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक ने सभासदों व पालिका कर्मचारियों को बुधवार प्रातः 11.00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ करायी।

वहां पर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, सभासद विनित कुमार, सलीम, सभासद पति रबनवाज व पालिका के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर एएस इंटर कालेज मवाना में कल गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित



**मेरठ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल समूह की समस्त शाखाओं में राष्ट्रीय-बालिका दिवस मनाया गया। जिस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने बेटी है तो कल है का संदेश और बेटियों को समानता के अधिकार भाव को प्रकट करते हुए कविता व गीत प्रस्तुत किए। अंत में समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्यगणों ने छात्र सभा को संबोधित करते हुए कहा आज के समय में हमें हर बालिका को पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ अनेक क्षेत्रो में प्रशिक्षण भी देने चाहिए जिससे बालिकाएं आत्म सुरक्षा के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना उच्च स्थान बना सकें।




- **ग्रेटर नोएडा/मेरठ। अजनारा-ली गार्डन सोसाईटी, संकट मोचन हनुमान मंदिर ग्रेटर नोएडा, मेरठ में श्री राम जन्मभूमि मंदिर महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की मूति का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अखंड रामायण का पाठ व हवन कराया गया। जिसमें महिलाओं, बजुर्गो, बच्चों व सम्मानित लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं 'शंख पुरुष' संजय गोस्वामी ने शंखनाद कर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया। लोगों ने अपने अपने घरों के आगे दीपक जलाए और घरों में पूजा अर्चना की एवं सभी को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। फोटो देशबन्धु**

# वर्तमान अयोध्या ना तो रियासत थी और ना ही सूर्यवंश की प्रतिनिधि

■ ओम प्रकाश सिंह

**लखनऊ,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या के अंतिम रघुवंशी राजा सुमित्र थे। उसके बाद अयोध्या में रघुवंशियों का राज्य समाप्त हो गया और अयोध्या राजधानी नहीं रही। वर्तमान राजपरिवार का इतिहास लगभग डेढ़ सौ साल पुराना माना जाता है। प्रसिद्ध साहित्यकार रामानंद शुक्ला जी कहते हैं कि वर्तमान रियासत सूर्यवंश की विरासत परपंरा नहीं है बल्कि गया से आए शाकलदीप ब्राह्मणों के अधीन है। इसे जानने के लिए मेहदौना और परगना हवेली अवध को जानना जरूरी है। लिखित तथ्यों के अनुसार सदासुख पाठक भोजपुर में चौधरी के पद पर थे। उनके पुत्र गोपाल राम अठारहवीं शताब्दी के अंत में शुजाउद्दौला की हार हो जाने पर विस्थापित होकर बस्ती जिले के अमोढ़ा परगने के नंदनगर ग्राम में रहने लगे। उनके पुत्र पुरंदर राम पाठक ने फैज़ाबाद जनपद में पलिया के मिश्रा ब्राह्मण जमींदार सदहाई राम के परिवार में विवाह किया। उनके पांच पुत्र बख्तावर सिंह, शिवदीन सिंह, इच्छा सिंह, दर्शन सिंह और देबी प्रसाद सिंह हुए। (यहां सवाल उठ सकता है कि ब्राह्मण के लड़कों के नाम के आगे सिंह क्यों? ऐसा इसलिए कि राजसत्ता का एक गुण यह भी होता है कि वह शासक को सिंह उपाधि से विभूषित कर देती थी) इनमे सबसे बड़े बख्तावर सिंह बंगाल घुड़सवार सेना में सैनिक थे। जब ये लखनऊ में सेवा में थे तब इन इन पर सादात अली खान का ध्यान गया और जिनके अंदर ये अवध राज्य के रिसालदार बने। बाद में गाजीउद्दीन हैदर से उन्हें राजा का खिताब मिला और जिसको मुहम्मद अली शाह ने वंशानुगत बना दिया। उन्होंने अपने आपको मेहदौना में स्थापित किया और शुरुआत में उनको 54 गांव मिले जो पहले सोहावल और रुरुबैस के थे। 1821 में बख्तावर सिंह ने अपने छोटे भाई दर्शन सिंह को दरबार में बुलाया और बाद में दर्शन सिंह को एक रेजीमेंट की कमान दी गयी। 1822 में दर्शन सिंह सलोन और बैसवारा के चकलादार नियुक्त किए गए और पांच साल बाद दर्शन सिंह सुल्तानपुर और फैजाबाद के नाज़िम नियुक्त हुए। 1842 में उनको गोंडा और बहराइच का कार्यभार मिला लेकिन बलरामपुर के राजा से कुछ विवाद होने पर उनका पीछा करते हुए नेपाल की सीमा में चले जाने कि वजह से उनको उनके पद से हटा दिया गया और मेहदौना का प्रबंध इनसे छिन गया मगर कुछ समय बाद मेहदौना दुबारा बख्तावर सिंह के अधीन आ गया। 1844 में दर्शन सिंह की मृत्यु हो गई, उनके तीन पुत्र थे। रघुवर दयाल सिंह, रामदीन सिंह और हनुमान सिंह जिनको बाद में मान सिंह के नाम से जाना गया। मान सिंह 1845 में दरियाबाद रुदौली के नाजिम नियुक्त हुए। उनको बाराबंकी में सूरजपुर के विद्रोही राजा को पकड़ने के कारण राजा का खिताब मिला। 1847 में उन्होंने अपने मातहत खपराडीह के गर्गवंशी हरपाल सिंह का दमन किया और 1855 में कुख्यात डाकू जगन्नाथ चपरासी को पकड़ा। उसी वर्ष राजा बख्तावर सिंह की मृत्यु हो गई, उनके भतीजे और दत्तक पुत्र मान सिंह उनके उत्तराधिकारी हुए। इस परिवार की सम्पति इस समय तक काफी बढ़ गई, मेहदौना के राजा ने परगना हवेली और अमसिन परगने के सूरजवंशी तालुके को अपने अधिकार में ले लिया, 1816 में पश्चिम राठ परगने के गर्गबंसी तालुके को अपने अधिकार में कर लिया। 1825 में इसी परगने के उपाध्याय ब्राह्मण के 40 गांव अपने अधिकार में ले लिए, 1843 में मगलसी और पश्चिम राठ परगने के बिसेनो की सम्पति को अपने अधिकार में कर लिया। मई 1857 में मान सिंह राजस्व ना देने के कारण गिरफ्तार हुए लेकिन जून में यूरोपियन औरतो और बच्चो को गदर के समय विद्रोहियों से बचाने के कारण छोड़ दिए गए। उनके इस आचरण पर बागियों ने राजा मान सिंह को शाहगंज की गढ़ी में घेर लिया जिसे बाद में सर होप ग्रांट ने जुलाई 1858 में मुक्त कराया। बाद के सालो में उन्होंने अवध के तालुकदारों के प्रतिनिधि के तौर पर काम किया और सूबे के प्रबंधन में विशेष योगदान दिया। महाराजा का पचास साल की उम्र में अक्टूबर 1870 में देहांत हो गया.उन्होंने अपनी सम्पति वसीयत के द्वारा अपनी विधवा महारानी सुभाव कुंवरि के लिए छोड़ी। 1875 में महारानी सुभाव कुंवरि ने लाल त्रिलोकी नाथ सिंह, जो कि रघुवर दयाल के पुत्र थे, को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। राजा प्रताप नारायण सिंह जो कि मान सिंह के नाती थे एवं जो कि मान सिंह की पुत्री जिनका विवाह नरसिंह नारायण सिंह के साथ हुआ था , के पुत्र थे , ने अदालत में दावा किया कि हम मान सिंह के उत्तराधिकारी है जिस पर कई साल मुकदमा चला और बाद में उन्ही के पक्ष में कोर्ट का फैसला हो गया। 1890 में तालुके का नाम मेहदौना से बदल कर अजोध्या हो गया, 1895 में महाराजा को ब्रिटिश साम्राज्य का नाईट कमांडर बनाया गया। गोंडा में राजा के पास बिशम्भरपुर और तुलसीपुर नाम के 232 गांवों और 49 आंशिक गांवों का तालुका था। सुल्तानपुर में भरतीपुर तालुके के नाम से 43 गांव और 3 पट्टी थे, बाराबंकी में 13 गांव और 2 पट्टी और लखनऊ में 2 गांव थे।

■ **शाकद्वीपी ब्राह्मणों ने कैसे जमाया आधिपत्य**



### अयोध्या दर्शन-भ्रमण कार्यक्रम

**1 फरवरी :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल का रामलला दर्शन भ्रमण कार्यक्रम
**2 फरवरी :** उत्तराखंड मंत्रिमंडल का मंदिर दर्शन भ्रमण
**3 फरवरी :** राजस्थान मंत्रिमंडल का मंदिर दर्शन भ्रमण
**4 फरवरी :** अयोध्या आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

## टी-सीरीज़ के 'राम आएंगे 'भजन ने बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। टी-सीरीज़ के 'राम आएंगे' भजन ने रिकॉर्ड बना दिया है। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन एक उल्लेखनीय दृश्य के रूप में सामने आया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक भजन जो सब की ज़ुबान पर था वह था 'राम आएंगे'। केवल एक दिन में 1 मिलियन से अधिक रीलों और गाने पर कुल मिलाकर 3.6 मिलियन रील्स बन चुके हैं। यह गाना लोगों इमोशन से बखूबी जुड़ गया है। विशाल मिश्रा द्वारा स्वरबद्ध और पायल देव द्वारा कंपोज्ड यह गाना रातों रात चर्चा का विषय बन गया और लाखों दिलों पर राज कर रहा है। देशभर के श्रद्धालुओं ने इस गाने के ज़रिये अपनी श्रद्धा को व्यक्त किया है। राम आएंगे को यूट्यूब पर 24 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

# मोटापे से ग्रस्त लोगों में ब्लड कैंसर का खतरा अधिक : अध्ययन



**न्यूयॉर्क,** 14 जनवरी (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया है कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में बल्ड कैंसर का खतरा अधिक है। मोटापे से मल्टीपल मायलोमा 'प्लाज्मा सेल का ब्लड कैंसर' विकसित होने का खतरा 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकता है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल की टीम ने कहा, 'धूम्रपान की आदतें और व्यायाम भी मल्टीपल मायलोमा विकसित होने की संभावना को प्रभावित कर सकते हैं।' ब्लड एडवांसेज में प्रकाशित शोध से पता चला है कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में मोनोक्लोनल गैमोपैथी ऑफ अनडिटरमिन्ड महत्व (एमजीयूएस) होने की संभावना ज्यादा होती है, जो एक सौम्य रक्त (ब्लड) कंडिशन है जो अक्सर मल्टीपल मायलोमा से पहले होती है। मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के डेविड ली ने बताया, 'मल्टीपल मायलोमा के ईलाज में तेजी आई है। लेकिन यह एक लाइलाज बीमारी बनी हुई है। जिसका अक्सर निदान तब किया जाता है जब मरीजों को पहले ही अंतिम अंग क्षति का अनुभव हो चुका होता है।'

टीम ने फरवरी 2019 और मार्च 2022 के बीच पूरे अमेरिका से 2,628 व्यक्तियों की स्टडी की। खुद-पहचान किए गए वंश और हेमाटोलॉजिक विकृतियों के पारिवारिक इतिहास के आधार पर इनमें मल्टीपल मायलोमा विकसित होने का खतरा बढ़ गया था।

उन्होंने आगे पाया कि सामान्य वजन वाले व्यक्तियों की तुलना में मोटापे के कारण एमजीयूएस होने की संभावना 73 प्रतिशत अधिक है। शारीरिक गतिविधि का लेखा-जोखा करते समय यह जुड़ाव अपरिवर्तित रहा। हालांकि, जो व्यक्ति प्रति दिन 45-60 मिनट या उससे अधिक दौड़ने या जॉगिंग करते हैं, उनमें बीएमआई वर्ग के लिए समायोजन के बाद भी एमजीयूएस होने की संभावना कम थी। जबकि जो लोग भारी धूम्रपान और कम नींद लेते हैं उनमें एमजीयूएस होने की संभावना अधिक थी। एमजीयूएस वाले अधिकांश लोगों में कोई महत्वपूर्ण लक्षण नहीं दिखते हैं और वे तुरंत बीमार नहीं होते हैं। बल्कि, एमजीयूएस की उपस्थिति मल्टीपल मायलोमा जैसी अधिक गंभीर स्थितियों के संभावित विकास की निगरानी के लिए एक चेतावनी के रूप में कार्य करती है, जो एमजीयूएस में बदल सकती है।

डेविड ली ने कहा कि ये परिणाम कैंसर के खतरे पर वजन, व्यायाम और धूम्रपान जैसे परिवर्तनीय जोखिम फेक्टरों के प्रभाव को समझने में हमारे भविष्य के शोध का मार्गदर्शन करते हैं। इससे पहले कि हम मल्टीपल मायलोमा जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए प्रभावी निवारक स्वास्थ्य रणनीतियां विकसित कर सकें, हमें पहले एमजीयूएस और मोटापे जैसे संभावित परिवर्तनीय जोखिम कारकों के बीच संबंधों को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है।

# राजभवन में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस नोएडा-ग्रेनो के अधिकारी भी हुए शामिल




**ग्रेटर नोएडा,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली राजभवन में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट गवर्नर के सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना अपनी पत्नी संगीता सक्सेना के साथ शिरकत किए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ और अपर स्थानिक आयुक्त सौम्य श्रीवास्तव तथा एसीईओ मेधा रूपम ने हिस्सा लिया, जबकि नोएडा प्राधिकरण की तरफसे सीईओ डॉ लोकेश एम. और एसीईओ संजय खत्री शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शिवांगी कॉलेज ऑफ कथक की मेरठ की छात्राओं की तरफसे नृत्य के जरिए उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की झलकी पेश की गई। इन वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ से लेफ्टिनेंट गवर्नर को प्रतीक चिन्ह के रूप में राम दरबार की प्रतिमा और शॉल भेंट की गई। इस दौरान चुनाव आयोग की उप सचिव शुभ्रा सक्सेना, आईएएस अधिकारी काजल सिंह, भुवनेश कुमार, अरुण सिंघल, आमोद यादव, धीरज साहू, सतीश पाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### शिल्प हाट में भी दिख रही ग्रेनो की उपलब्धियों की झलक



ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में नोएडा के शिल्प हाट में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग जगहों से शिल्पकार व कंपनियों ने स्टाल लगाकर अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। प्राधिकरण ने अपना स्टाल लगाया है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का हब, बड़ी-बड़ी कंपनियों की स्थापना, शिक्षा का केंद्र, हरा-भरा शहर के रूप में ग्रेटर नोएडा के अब तक के सफर की झलक पेश की गई है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से स्थापित स्मार्ट इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भी ब्यौरा प्रदर्शित किया गया है। इस आयोजन के शुभारंभ के मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रिजेष सिंह ने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने गौतमबुद्धनगर को प्रदेष की आर्थिक राजधानी बताया और ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में नोएडा-ग्रेटर नोएड और यमुना प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 'फाइटर' अनिल कपूर ने सिनेमा में बिताए 45 साल, अपने सफर को लेकर की खुलकर बात



**मुंबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर अपकमिंग एक्शन फिल्म 'फाइटर' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सिनेमा के बिजनेस में पिछले 45 सालों से सभी सीजन के लिए बल्कि सभी दशकों के लिए एक 'फाइटर' हैं। एक्टर ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले मीडिया से बातचीत की और बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के अलावा एक सफल एक्टर बनने के लिए क्या-क्या करना पड़ता है। एक्टर ने कहा, 'सिड, दीपिका, ऋतिक जैसे टैलेंटेड स्टार के साथ काम करना बड़ा मुश्किल होता है। मुझे हर साल कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।' 'मुझे लगातार गियर बदलना पड़ता है ताकि यंग ऑडियंस, एक्टर्स, टेक्निशियन, प्रेस मेरे काम को बेहतर मानें। मैं उत्साहित हूं और काम करने का आनंद ले रहा हूं। उन्हें भी मेरे साथ काम करने, मुझसे बात करने, मुझसे सवाल पूछने में मजा आ रहा है। चार दशकों से भी अधिक समय तक ऐसा बार-बार करना एक बड़ी लड़ाई है।' अनिल ने 1971 में 'तू पायल मैं गीत' से अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के युवा किरदार की भूमिका निभाई। हालांकि यह फिल्म रिलीज नहीं हुई थी। इसके बाद उन्होंने 'हमारे तुम्हारे' से सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाई, जिसमें उन्होंने सहायक भूमिका निभाई।

# भोपाल में आवारा कुत्ते बने जान के दुश्मन



**अस्पतालों में हर रोज 50 से ज्यादा लोग कुत्तों के काटने के बाद इलाज कराने पहुंच रहे**

**भोपाल,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर है। हर रोज 50 से ज्यादा कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। एक पखवाड़े में तो दो बच्चों की जान तक चली गई। राजधानी में आवारा कुत्ते मुसीबत का सबक बने हुए हैं। यहां के मिश्रा इलाके में 4 साल के बच्चे को लगभग 15 दिन पहले एक कुत्ते ने काट लिया था उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चला और उसके बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई।

इससे पहले 6 माह के एक मासूम को मिनल रेजिडेंसी के पास कुत्तों ने अपना निवाला बनाया। राजधानी के तमाम अस्पतालों में हर रोज 50 से ज्यादा लोग कुत्तों के काटने के बाद इलाज कराने पहुंच रहे हैं। बीते एक पखवाड़े में कुत्तों के काटने की घटनाओं में इजाफा हुआ है और बच्चों की जान तक पर बनाई है। नगर निगम की ओर से यही दावा किया जा रहा है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने से लेकर उनकी नसबंदी कराने की मुहिम जारी है। नगर निगम की आयुक्त फ्रैंक नोबल का कहना है कि कुत्तों की नसबंदी और वैक्सीनेशन ही एकमात्र उपाय है। साथ ही डॉग सेंटर में भी क्षमता बढ़ाई जा रही है। शिकायत जब भी मिलती है तो कुत्तों को सेंटर पर भेज दिया जाता है।

नगर निगम की ओर से भले ही इन घटनाओं को रोकने के दावे किए जा रहे हों, मगर हकीकत में हर रोज आवारा कुत्तों की काटने की बढ़ती घटनाएं सवाल तो खड़े करते ही हैं।

# नोरा फतेही कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी डेब्यू



**मुंबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। नोरा फतेही फिल्म केडी - द डेविल के जरिये कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। निर्देशक प्रेम ने कहा, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

नोरा फतेही ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है। मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने का इंतजार नहीं कर सकती कि हमारे पास उनके लिए क्या है।

# राम लला मंदिर पहुंचा बंदर, लोग बोले ये हैं 'हनुमान'



**अयोध्या (यूपी),** 24 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या नगरी में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दावा किया है कि जब मंदिर को भक्तों के लिए खोला गया था, उस दिन एक बंदर कथित तौर पर मंदिर के गर्भगृह में घुस आया, जहां राम लला की मूर्ति विराजमान है। एक्स पर एक पोस्ट में ट्रस्ट ने कहा कि मंगलवार को शाम करीब 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से मंदिर में प्रवेश कर गया और बरामदे की ओर चला गया। इसके बाद वह मूर्ति के पास पहुंचा, जो राम लला की एक पुरानी मूर्ति थी। पास में तैनात सुरक्षाकर्मी मूर्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित होकर बंदर की ओर दौड़े। हालांकि, बंदर शांति से पीछे हट गया और उत्तरी द्वार की ओर चला गया, जो बंद था। इसके बाद वह बिना किसी को नुकसान पहुंचाए भक्तों की भीड़ से गुजरते हुए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। ट्रस्ट ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने कथित तौर पर बंदर को एक दैवीय आशीर्वाद के रूप में देखा, उनका मानना था कि स्वयं भगवान हनुमान राम लला के दर्शन करने आए हैं। इस धारणा को भगवान राम के प्रति समर्पित और रामायण के केंद्रीय पात्र हनुमान के साथ बंदरों के बार-बार जुड़ने से और भी बढ़ावा मिलता है। बंदर, जिन्हें हनुमान के अवतार के रूप में देखा जाता है, राम जन्मभूमि आंदोलन के इतिहास में एक प्रतीक रहे हैं।

30 अक्टूबर 1990 को जब कार सेवकों ने बैरिकेड्स को पार किया और बाबरी मस्जिद के ऊपर भगवा झंडे फहराए तो सुरक्षा बलों द्वारा भीड़ को तितर-बितर करने के बाद एक बंदर केंद्रीय गुंबद पर बैठ गया थाऔर एक झंडे को हटने से बचाया।

## *प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन भी रामलला के दर्शन के लिए लगी कतारें*

***अयोध्या।*** *राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन बुधवार को भी राम भक्तों में दर्शन को लेकर काफी उत्साह है। सुबह से ही कतारें लगी हुई हैं। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी है। मौके पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारी मौजूद हैं। भीड़ सामान्य है। आज वरिष्ठ अधिकारी गर्भ गृह में मौजूद हैं। सुबह से ही श्रद्धालु को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। श्रद्धालु जय श्रीराम का नारा लगा रहे हैं। रामलला के दर्शन के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दूर-दूर से अयोध्या लोग पहुंच रहे हैं। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा है। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन कराया जा रहा है। भक्त जय श्रीराम का नारा लगाते हुए प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के डीजी (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि बेहतर भीड़ प्रबंधन और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, यह दो चीजें थीं जो हमने यहां आने के बाद सुनिश्चित की। शासन का निर्देश था कि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा ना हो। जो भी प्रबंध रातभर में अंतर्विभागीय समन्वय से हमने किया था, उसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं को अपनी कतारों में लगा दिया जा रहा है और अनवरत दर्शन चल रहे हैं। दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को भारी भीड़ के मंदिर परिसर में घुसने से अव्यवस्था फैल गई थी। मुख्यमंत्री के साथ मंदिर में हुई अफसरों की बैठक में यह मामला उठा। इसके बाद यह तय हुआ कि मंदिर के बाहर से लंबी लाइन लगाकर दर्शन कराए जाएंगे। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धैर्य के साथ दर्शन करने की अपील की। इसका असर बुधवार को दिखाई भी दिया। बुधवार को व्यवस्था के साथ दर्शन किए जा रहे हैं। हजारों लोगों के मंदिर परिसर में आ जाने के बाद भी दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से बिना धक्के-मुक्के होती रही। लंबी-लंबी कतारें सुबह से ही दिखनी शुरू हो गईं।*



# 'मंगल लक्ष्मी' बहनों के असामान्य बंधन की कहानी है : दीपिका सिंह



**मुंबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस दीपिका सिंह फैमिली ड्रामा 'मंगल लक्ष्मी' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की है और खुलासा किया है कि कैसे यह शो कई उदाहरणों को दर्शाता है जो हम हर रोज अपने आसपास देखते हैं। यह शो मंगल (दीपिका) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो मल्टीटास्कर है। वह बेटी, पत्नी और बहू की भूमिका ईमानदारी से निभाती है और साथ ही अपनी छोटी बहन, लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का पालन-पोषण भी करती है।

मंगल, लक्ष्मी के लिए एक जीवनसाथी ढूंढने का प्रयास कर रही है, यह सुनिश्चित करते हुए कि छोटी बेटी को उसी अपमान का सामना न करना पड़े जो मंगल को आदित (नमन शॉ द्वारा अभिनीत) के साथ अपनी शादी में अनुभव हुआ था। मंगल की भूमिका निभाने के लिए तैयार, दीपिका, जो 'दीया और बाती हम' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, ने साझा किया। 'मैं दिल्ली के एक देसी और भरोसेमंद किरदार मंगल की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। यह दो बहनों के असामान्य बंधन की कहानी है, जो ऐसे कई उदाहरणों को दर्शाती है, जिसे हम हर रोज अपने आसपास देखते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैंने खुद अपने परिवार में और अपने दोस्तों के बीच कई कहानियां देखी हैं, जिन्होंने मुझे प्रेरित किया है। मुझे यह भी लगता है कि हमारे देश में दर्शक स्क्रीन पर ऐसे सहानुभूतिपूर्ण किरदारों को देखना पसंद करते हैं और उनके साथ जुड़ते हैं। दीपिका को मंगल के किरदार को जीवंत करने में खुशी महसूस हो रही है और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को किरदार की हर विशेषता में प्रासंगिकता मिलेगी।

# गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षण का केंद्र बनेगी 'नमो भारत'




**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। इस बार दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में एक के बाद एक अलग-अलग झांकियां लोगों को देखने को मिलेगी। जिसमें नमो भारत, इस वर्ष आयोजित होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। 'विकसित भारत : समृद्ध विरासत' की थीम पर बनी उत्तर प्रदेश की झांकी में देश का गौरव बढ़ाने वाली परियोजनाओं और उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसमें आरआरटीएस के साहिबाबाद स्टेशन और स्टेशन से निकलती 'नमो भारत ट्रेन' को प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक बेहद मनोरम और दिलों को छू जाने वाला क्षण होगा, जब दुनिया के अलग-अलग कोनों से हिंदुस्तानी इस झांकी के जरिए देश की पहली नमो भारत ट्रेन द्वारा परिवहन के क्षेत्र में लाई जाने वाली क्रांति को महसूस करेंगे। उल्लेखनीय है कि देश का पहला आरआरटीएस कॉरिडोर दिल्ली को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से तीव्र रफ्तार पर जोड़ने की दिशा में तेजी से विकसित किया जा रहा है। इस कॉरिडोर की लंबाई 82 किमी है, जिसे नमो भारत ट्रेन महज एक घंटे से भी कम समय में तय करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2023 में आरआरटीएस के प्राथमिक खंड (साहिबाबाद से दुहाई) पर नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनता को सौंपा था। दुहाई से आगे मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन तक अतिरिक्त 25 किमी के हिस्से में ट्रायल रन जारी है और जल्द ही इस सेक्शन में भी नमो भारत ट्रेनों का संचालन आरंभ होगा।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.49 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.44 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.09 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.94 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.77 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.91 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.36 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.17 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : एसबीआई रिपोर्ट

नई दिल्ली, 24 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार सरकार द्वारा अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.5 प्रतिशत के करीब सीमित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है, लेकिन पूर्ण बजट में इसके 5.3-5.4 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। स्टेट बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. सौम्यकांति घोष द्वारा लिखी गयी और बुधवार को जारी इस 'एसबीआई इकोरैप' रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कर और जीडीपी का अनुपात 11.6 प्रतिशत रहने होने की संभावना है जो 16 साल के उच्चतम स्तर पर होगा और यह अगले वित्त वर्ष 2024-25 में यह कर-जीडीपी अनुपात पिछले दो दशक में सबसे ऊंचा रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनावी वर्ष 2024 में अंतरिम बजट ऐसे पृष्ठभूमि में पेश किया जाएगा जबकि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है। एसबीआई की इस रिपोर्ट के अनुसार इससे सरकार को



राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के पथ पर काम करने में आसानी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि चालू वित्त वर्ष में शुद्ध कर राजस्व बजट अनुमान से 80,000 करोड़ रुपये अधिक तथा गैर कर राजस्व बजट अनुमान से 50,000 करोड़ रुपये अधिक तथा व्यय बजट अनुमान से लगभग 60,000 करोड़ रुपये अधिक रहेगा, लेकिन यह भी संभावना है अंतिम समय के आवंटनों से व्यय संबंधी संख्या कम भी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार कई मंत्रालयों के खर्च के स्वरूप के आधार पर समय पर फंड जारी करने के मामले में एक स्वचालित राजकोषीय स्थिरता लागू कर रही है। राजकोषीय घाटे के बारे में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में यह घाटा संख्या के हिसाब से पिछले वर्ष से कम रह सकता है, लेकिन जीडीपी अनुपात के रूप में यह 5.9 प्रतिशत तक रहेगा जबकि 2024-25 के अंतरिम बजट में इसको राजकोषीय घाटे का अनुमान 5.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। गौरतलब है कि 31 जनवरी से शुरू होने जा रहे संसद के बजट सत्र में सरकार अंतरिम बजट (लेखानुदान प्रस्ताव) ही ला सकती है क्योंकि अप्रैल-मई में आम चुनाव के बाद नयी सरकार का गठन होना है। रिपोर्ट का अनुमान है कि जुलाई, 2024 में पेश किया जाने वाले पूर्ण बजट में राजकोषीय घाटे का अनुमान 5.3 प्रतिशत से 5.4 प्रतिशत के दायरे में रह सकता है। इस वर्ष के जीडीपी के आंकड़े मई 2024 में जारी होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2015 में, केंद्र की शुद्ध बाजार उधारी लगभग 11.7 लाख करोड़ रुपये और पुनर्भुगतान 3.6 लाख करोड़ रुपये के पुनर्भुगतान के साथ, सकल उधारी 15.3 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। रिपोर्ट में अगले वित्त वर्ष के दौरान सरकार की ओर से शुद्ध 50,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिल जारी किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजकोषीय घाटे के वित्त पोषण के लिए सरकार लघु बचत योजनाओं का सहारा लेना जारी रखेगी और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) 12 वर्ष तक की बच्चियों के लिए विस्तारित की जा सकती है। सरकार बैंकिंग प्रतिनिधियों के माध्यम से बैंकों को एसएसवाई योजना के खाते खोलने को अधिक प्रोत्साहित भी कर सकती है।

# 2024 की शुरुआत में देश की व्यावसायिक गतिविधि चार महीने के उच्चतम स्तर पर : एचएसबीसी सर्वेक्षण

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। देश की व्यावसायिक गतिविधि जनवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें विनिर्माण और सेवाओं दोनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी एक निजी क्षेत्र के सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी का फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) इस साल जनवरी में 61.0 तक पहुंच गया, जो दिसंबर की अंतिम रीडिंग 58.5 से अधिक है। यह सितंबर 2023 के बाद सबसे अधिक है। सूचकांक लगातार 30वें महीने 50 से ऊपर है जो विस्तार दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, सेवा प्रदाताओं ने निर्माताओं की तुलना में गतिविधि में मजबूत वृद्धि देखी, लेकिन दोनों मामलों में विकास में तेजी आई, जिससे देश-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया। विनिर्माण पीएमआई पिछले महीने के 54.9 से बढ़कर जनवरी में 56.9 हो गया। प्रमुख सेवा उद्योग में गतिविधि भी तेज गति से बढ़ी, इसका पीएमआई दिसंबर में 59.0 से बढ़कर इस महीने 61.2 हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है,




सर्वेक्षण प्रतिभागियों ने मुख्य रूप से अनुकूल आर्थिक स्थितियों, मांग की ताकत और नए व्यापार प्रवाह में चल रहे सुधार को इस तेजी के लिए जिम्मेदार ठहराया। जनवरी में कुल बिक्री में तीव्र गति से वृद्धि हुई, और यह छह महीनों में सबसे तेज़ रही। विनिर्माण कंपनियों और उनके सेवा समकक्षों दोनों ने नए ऑर्डरों में विस्तार की तेज दर दर्ज की है। कुल नए व्यापार प्रवाह में वृद्धि को पिछले अक्टूबर के बाद से अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डरों में सबसे उल्लेखनीय वृद्धि से समर्थन मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हालांकि जनवरी में कुल उत्पादित वस्तुओं की कीमतें धीमी दर से बढ़ी, लेकिन इनपुट लागत अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से बढ़ी, जो बढ़ती कीमत के दबाव के संकेतों को दर्शाती है जो आगे उभर सकती है।

## तीसरी तिमाही में कैनरा बैंक के शुद्ध लाभ में 27 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। केनरा बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही का नतीजा घोषित किया। बैंक के शुद्ध लाभ में 26.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो 3,656 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 2,881.5 करोड़ रुपए था। तिमाही के दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 9.5 प्रतिशत बढ़कर 9,417 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 8,600 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान बैंक का ऋण 12.6 फीसदी बढ़ गया। बैंक ने संपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया। सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) जुलाई-सितंबर तिमाही में 43.955.6 करोड़ रुपये से तीसरी तिमाही में कुल ऋण का 5.1 प्रतिशत गिरकर 41,722 करोड़ रुपए हो गई। बैंक की एनपीए में भी 3 प्रतिशत की गिरावट आई। तीसरी तिमाही में बैंक का प्रावधान दूसरी तिमाही के 2,609 करोड़ रुपये से गिरकर 1,899 करोड़ रुपये हो गया। केनरा बैंक का वैश्विक कारोबार साल-दर-साल 9.87 फीसदी बढ़कर 22,13,360 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें दिसंबर 2023 में वैश्विक जमा 12,62,930 करोड़ रुपए और वैश्विक अग्रिम 9,50,430 करोड़ रुपए था। बैंक की घरेलू जमा राशि 11,66,848 करोड़ रुपए थी जो साल-दर-साल 8.07 फीसदी अधिक है, जबकि इस अवधि के दौरान घरेलू अग्रिम 12.56 फीसदी बढ़कर 9,01,465 करोड़ रुपए हो गया।

## भारतीय अंतरिक्ष संघ को बजट में पीएलआई, जीएसटी छूट की उम्मीद

**चेन्नई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष संघ ने आगामी बजट में अंतरिक्ष अभियानों में काम आने वाले कंपोनेंट्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट, कर अवकाश, रियायती सीमा शुल्क और बाहरी वाणिज्यिक उधार पर कम कर दर की उम्मीद जताई है। यह संघ भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनियों की लॉबी है। उसके अनुसार, उपग्रहों, रॉकेटों और जमीनी उपकरण विनिर्माण के साथ-साथ प्रमुख इनपुट की खरीद पर भी जीएसटी में छूट दी जानी चाहिए।

चूंकि अंतरिक्ष क्षेत्र पूंजी प्रधान है, इसलिए बाह्य वाणिज्यिक उधार पर कर की दर को कम करके पांच प्रतिशत किया जाना चाहिए। संघ ने केंद्र सरकार से अंतरिक्ष क्षेत्र की फर्मों के लिए कर अवकाश और छूट, अधिसूचित आयातों



के लिए सीमा शुल्क में रियायत और कम लाभ मार्जिन को देखते हुए सैटेलाइट सेक्टर के लिए विदहोल्डिंग टैक्स को 10 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत करने की माँग की है।

सरकार से को कृषि, आपदा प्रबंधन आदि जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष तकनीकी समाधान खरीदने और अपनाने की भी माँग की गई है। संघ ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र और संबंधित पहलुओं के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति पर स्पष्टता की तत्काल आवश्यकता है। उसने नए दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत गैर-नीलामी स्पेक्ट्रम आवंटित उपग्रह सेवाओं के लिए समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के प्रतिशत के रूप में उचित एसयूसी (स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क) ढाँचा तैयार करने, कर प्रभाव को अनुकूलित करने के लिए सैटेलाइट ऑपरेटरों को एकमुश्त शुल्क और लाइसेंस शुल्क पर 25 प्रतिशत मूल्यह्रास की अनुमति की भी माँग की है। दूरदराज के क्षेत्रों में सुविधाओं के लिए अतिरिक्त सब्सिडी के साथ बुनियादी ढांचे के निवेश पर पूंजीगत सब्सिडी, विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे की उन्नति शुरू करने और भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग में डाउनस्ट्रीम अंतरिक्ष पेशकश में वृद्धि का प्रस्ताव है।

# दूरसंचार और धातु कंपनियों की लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी में उछाल

**मुंबई** 24 जनवरी (एजेंसियां)। चीन की सरकार के बाजार को समर्थन देने के लिए नई पेशकश किए जाने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और कमोडिटीज समेत 19 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत तक की उछाल रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट में रेलवे के बुनियादी ढांचा विकास के लिए और निवेश की घोषणा किये जाने की उम्मीद में रेलवे से जुड़ी पांच कंपनियों भारतीय रेलवे वित्त निगम, रेल विकास निगम, इरकॉन इंटरनेशनल, आईआरसीटीसी और रेलटेल कॉरपोरेशन के शेयरों में तीन से सात प्रतिशत तक की छलांग से भी बाजार को समर्थन मिला। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 689.76 अंक अर्थात 0.98 प्रतिशत की तेजी लेकर 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 71,060.31 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 215.15 प्रतिशत यानी 1.01 प्रतिशत उछलकर 21,453.95 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.71 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37,884.28 अंक और स्मॉलकैप 1.72 प्रतिशत मजबूत होकर 44,124.36 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3884 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2451 में लिवाली जबकि 1343 में बिकवाली हुई वहीं 90 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43



कंपनियां हरे जबकि सात लाल निशान पर रही।

बीएसई में बैंकिंग समूह की 0.18 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान दूरसंचार 3.57, धातु 3.21, कमोडिटीज 2.06, सीडी 1.24, ऊर्जा 1.95, एफएमसीजी 1.65, वित्तीय सेवाएं 0.74, हेल्थकेयर 0.85, इंडस्ट्रियल्स 1.68, आईटी 1.29, यूटिलिटीज 1.68, ऑटो 1.28, कैपिटल गुड्स 1.43, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.09, तेल एवं गैस 2.17, पावर 1.50, रियल्टी 0.37, टेक 1.69 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत उछल गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25, जर्मनी का डैक्स 0.98, हांगकांग का हैंगसेंग 3.56 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.80 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, जापान के निक्केई में 0.80 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की गिरावट लेकर 70,165.49 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 70,001.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली से समर्थन पाकर कारोबार के अंतिम चरण में यह 71,149.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 70,370.55 अंक के मुकाबले 0.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,060.31 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 54 अंक उतरकर 21,185.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,137.20 अंक के निचले जबकि 21,482.35 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले के सत्र के 21,238.80 अंक की तुलना में 1.01 प्रतिशत चढ़कर 21,453.95 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 25 कंपनियों में से टाटा स्टील ने सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही पावरग्रिड 3.49, एचसीएल टेक 3.44, इंडसइंड बैंक 3.23, टेक महिंद्रा 3.09, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.90, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.77, भारती एयरटेल 2.70, बजाज फ़िनसर्व 2.31, एनटीपीसी 2.22, एसबीआई 2.19, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.12, एचडीएफसी बैंक 1.98, इंफ़ोसिस 1.97, नेस्ले इंडिया 1.93, विप्रो 1.72, अल्ट्रासिमको 1.63, टाटा मोटर्स 1.31, रिलायंस 1.23, एलटी 1.20, आईटीसी 1.10, मारुति 1.08, टाइटन 0.75, कोटक बैंक 0.27 और सन फार्मा के शेयर भी 0.20 प्रतिशत के लाभ में रहे। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 2.94, एक्सिस बैंक 2.77, एशियन पेंट 1.91, टीसीएस 0.36 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## फिनटेक फर्म ब्रेक्स ने पुनर्गठन प्रक्रिया में 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की

**सैन फ्रांसिस्को,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित फिनटेक कंपनी ब्रेक्स ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत लगभग 20 प्रतिशत कार्यबल यानी 282 कर्मचारियों की छंटनी की है।

ब्रेक्स के संस्थापक और सह-सीईओ पेड्रो फ्रांसेची ने मंगलवार को कर्मचारियों से एक मैसेज में कहा, आज हम हाई-वेलोसिटी कंपनी बनने के लिए ब्रेक्स का पुनर्गठन कर रहे हैं। अफसोस की बात है कि उन बदलावों के हिस्से के रूप में, 282 कर्मचारी (कंपनी के लगभग 20 प्रतिशत) आज ब्रेक्स छोड़ देंगे।

कार्यबल को कम करने के निर्णय के पीछे का कारण बताते हुए, फ्रांसेस्की ने कहा कि कंपनी के व्यय प्रबंधन समाधानों के पास बड़े अवसर हैं। मुझे एहसास है कि हमने अपना संगठन बहुत तेजी से बढ़ाया है, जिससे पहले की गति से आगे बढ़ना कठिन हो गया है। इस साल, हमने अपनी प्रक्रियाओं पर कड़ी नजर रखने और लीडर्स और ग्राहकों को प्रभावित करने वाले वास्तविक कार्य के बीच परतों की संख्या को कम करने का



निर्णय लिया।

प्रभावित कर्मचारियों को सेवा के प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के लिए, दो सप्ताह के अतिरिक्त वेतन के साथ आठ सप्ताह का हर्जाना मिलेगा, वहीं, कंपनी के शेयर बेचने की अवधि में एक साल की छूट मिलेगी। इसके अलावा, जॉब सर्च के लिए आउटप्लेसमेंट सपोर्ट भी मिलेगा।

कंपनी ने कहा कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारी बदलाव में सहायता के लिए लैपटॉप रख सकेंगे। 2022 में, ब्रेक्स ने पुनर्गठन के हिस्से के रूप में सभी विभागों से 136 कर्मचारियों, यानी अपने कार्यबल के 11 प्रतिशत को निकाल दिया।

## सार संक्षेप

### रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के अधिग्रहण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पूरन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, एम.बी. फिनमार्ट प्राइवेट लिमिटेड, वीआईसी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी द्वारा रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित अधिग्रहण में खुले बाजार में खरीद के माध्यम से रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड की कुल जारी एवं बकाया इक्विटी शेयर पूंजी के 5.27 प्रतिशत के अधिग्रहण और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत पूरन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, एम.बी.फिनमार्ट प्राइवेट लिमिटेड, वीआईसी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी (सामूहिक रूप से) द्वारा रेलिगेयर की कुल विस्तारित वोटिंग शेयर पूंजी के 26 प्रतिशत तक के लिए खुली पेशकश करेगी। अधिग्रहणकर्ता सभी व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) हैं, जो मुख्य रूप से पूंजी बाजार में निवेश करने और सुरक्षित व असुरक्षित ऋण प्रदान करती है।

### फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक का एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में विलय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (फिनकेयर) और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (एयू) के विलय को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्तावित विलय में फिनकेयर के शेयरधारकों को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर आवंटित किए जाएंगे। एयू एक बैंकिंग कंपनी है जो व्यक्तिगत एवं वाणिज्यिक बैंकिंग सेवाएं (जमा, ऋण एवं अग्रिम प्रावधान, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड सेवाएं, संस्थागत बैंकिंग एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सहित) प्रदान करती है। एयू को एडी-2 बैंक श्रेणी (विदेशी मुद्रा) के तहत व्यापार करने का लाइसेंस भी प्राप्त है। एयू बीमा और निवेश उत्पादों जैसे म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं के वितरण जैसे सहायक कार्यों में भी संलग्न है। फिनकेयर एक बैंकिंग कंपनी है और जमा सेवाएं (जैसे बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा, आवर्ती जमा), ऋण सेवाएं (खुदरा एवं माइक्रोफाइनेंस ऋण सहित) और डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है। फिनकेयर बीमा उत्पादों के वितरण जैसी कुछ विविध सेवाएं भी प्रदान करती है।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने 17वें संस्करण के लिए टाइटल पार्टनर की घोषणा की

नई दिल्ली। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर, टीमवर्क आर्ट्स ने जेएलएफ 2024 के टाइटल पार्टनरशिप की घोषणा की। इस साल सैमसंग गैलेक्सी टैब स९ सीरीज को टाइटल पार्टनर बनाया गया है। द सैमसंग गैलेक्सी टैब स९ सीरीज में ऐसे फीचर्स हैं जो प्रत्येक व्यक्ति कि जरूरत के हिसाब से सेट हो जाते हैं। इसका पावरफुल स्पेन, जबरदस्त प्रोसेसिंग पॉवर, आकर्षक डिस्प्ले, बेजोड़ कनेक्टीविटी इसे एक खास डिवाइस बनाता है। फेस्टिवल के दौरान, लेखकों, श्रोताओं और मीडिया को द सैमसंग गैलेक्सी टैब स९ सीरीज से जुड़कर, इसकी एक्टिविटी जैसे रीडिंग, स्केचिंग, इलस्ट्रेशन, एनिमेशन, विडियो शूटिंग और एडिटिंग को समझने का अवसर मिलेगा।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 3995 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेजी के साथ 48.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।


**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग मंडल ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढ़ता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है।

सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए। सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है। संगठन ने उपभोक्ता मांग को प्रोत्साहित करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्तिगत आयकर की छूट और रियायतों को महंगाई की दर से जोड़ने से लोगों की जेब में खर्च योग्य आय को बढ़ावा मिल सकता है। सीआईआई की ओर से कहा गया है कि वित्त मंत्री को लेखानुदानों के प्रस्ताव में प्रत्यक्ष कर व्यवस्था को भी और सरल करना चाहिए जिसमें स्रोत पर




कर की कटौती (टीडीएस) का प्रावधान केवल दो या तीन प्रकार के भुगतानों तक सीमित किए जाने का संकेत देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 आम चुनाव का वर्ष होने के नाते सरकार 31 जनवरी से शुरू हो रहे संक्षित बजट सत्र के दौरान अगले कुछ माह के खर्चों के लिए लेखानुदान लाएगी। वर्ष 2024-26 का पूर्ण बजट नयी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा, जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, आर्थिक विकास और राजकोषीय सुदृढीकरण के बीच संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा है कि आर्थिक वृद्धि और राजकोषीय मजबूती के लक्ष्यों में संतुलन बनाने के लिए राजस्व बढ़ाने और व्यय को तर्कसंगत बनाने के लिए विशिष्ट उपायों की आवश्यकता है। सीआईआई ने सिफारिश की है कि राजस्व वृद्धि के लिए करों का सरलीकरण एवं युक्तिकरण जारी रहना चाहिए तथा जीएसटी प्रणाली में सुधार जारी रखते हुए इसकार ढांचा त्रिस्तरीय करने तथा इसमें पेट्रोलियम, बिजली और रियल एस्टेट क्षेत्र को भी शामिल करने का संकेत देना चाहिए। सीआईआई ने मांग को प्रोत्साहित करने के लिए विनिवेश का तीन साल का कार्यक्रम बनाकर इसके लक्ष्यों को पूरा किए जाने की सिफारिश की है। करों के सरलीकरण के बारे में उद्योग मंडल का कहना है कि टीडीएस दरों को सरल बनाने की योजना होनी चाहिए और केवल दो या तीन प्रकार के भुगतान पर टीडीएस लागू हो तथा कुछ प्रकार के भुगतानों की एक ऐसी छोटी सूची भी हो जिस पर यह न लगे।

# खेल जगत

## रचिन रवींद्र बने इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र और ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फोबे लीचफील्ड को क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का विजेता चुना गया है। वहीं नीदरलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बास डी लीडे और केन्या के कप्तान क्वीनटोर एबल को क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। रचिन रवींद्र को भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और क्रमश: श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका और गेराल्ड कोएत्ज़ी से प्रतिस्पर्धा मिली। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाजी ऑलराउंडर रवींद्र ने 2023 में अपने वनडे कारनामों के लिए सुर्खियां बटोरीं, जिस प्रारूप में उन्होंने मार्च में डेब्यू किया था। उन्होंने शुरुआत में ही श्रीलंका के खिलाफ 49 रनों की पारी खेलकर इसकी झलक दिखाई।



# इंग्लैंड की 'बेजबॉल' की रणनीति का भारत के खिलाफ इम्तिहान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 24 जनवरी (देशबन्धु)। अपने द धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली का निजी कारणों से और तुरुप के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का अभी भी पूरी तरह फिट होने नहीं होने के कारण उपलब्ध न होना भारत को मेहमान इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पांच टेस्ट मैच की क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट मे जरूर अखरेगा। भारत के सामने खासतौर पर विराट कोहली की जगह चौथे नंबर पर किसी किसे केएल राहुल अथवा श्रेयस अय्यर में किसे उतारे इसे लेकर जरूर पसोपेश रहेगा लेकिन भारत के लिए अच्छी बात यह है कि हैदराबाद की पिच स्पिनरों की मुफीद है और इस पर गेंद के स्पिन होने से सही मायनों में अपने चीफ कोच बाज के नाम ख्यात ब्रेंडन मैकुलम की बेजबॉल की शुरू से दे दनादन करने की नई रणनीति का सही इम्तिहान होगा। इंग्लैंड की टीम बेन स्टोक्स की कप्तानी और कोच ब्रेंडन मैकुलम पिछले 18 में 13 टेस्ट जीते ही है। इंग्लैंड की इस कामयाबी में उसकी बल्लेबाजी में आक्रमण ही रक्षण की बेजबॉल के रूप में चर्चित रणनीति का बड़ा योगदान रहा है। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड की बेजबॉल को रोमांचक जरूर बताया है। यह देखना जरूर रोमांचक होगा कि ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ पिछली 2021 में जडेजा की गैरमौजूदगी में इंग्लैंड के खिलाफ खासे कामयाब रहे अक्षर पटेल की त्रिमूर्ति में इंग्लैंड की 'बेजबॉल' शैली से बल्लेबाजीकितनी सफल रहेगी यह बड़ा सवाल होगा।इंग्लैंड के खिलाफ 2016-17 तथा 2021 की टेस्ट सीरीज में भारत के स्पिनरों ने अपने घर 135 विकेट चटकाए



हैं और इस बार भी कहानी इससे कुछ अलग रहेगी इसकी उम्मीद कम ही है।

भारत ही नहीं इंग्लैड की टीम भी इस बात को जानती है कि उसके जेम्स एडरसन जैसे बुढ़ाते गेंदबाज और बल्लेबाजी में बेजबॉल की रणनीति का जवाब विराट कोहली है। विराट कोहली ने 113 टेस्ट में अब तक लगभग 50 रन की औसत से 29 शतकों सहित 8843 रन बनाए हैं और हर तरह की पिच पर वह तेज और स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपना खेल बदल खुद को उसी के मुताबिक ढाल कर भारत की नैया के खैवेया रहे हैं। भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने जिस तरह अपनी अनुभवी स्पिन त्रिमूर्ति पर भरोसा जताया वह एकदम सही भी है क्योंकि ये तीनों अपनी स्पिन की तान पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को नचाने की कूवत के साथ निचले मध्यक्रम में बल्ले से बड़ा स्कोर खड़ा करने का दम रखते हैं। यही कारण है कि बहुत उम्मीद है कि भारत अपनी एकादश से बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव काश बाहर रखेगा। इंग्लैंड का मध्यक्रम अनुभवी जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है और ऐसे में अपने घर में तीन टेस्ट सीरीज में 74 विकेट चटकाने वाले मेजबान भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक बार फिर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में उसकी तुरुप का इक्का रहने वाले हैं।

वहीं भारत की बल्लेबाजी में कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल में इंग्लैंड की उसी के आक्रामक अंदाज में जवाब देने का दम है। खासकर शुभमन गिल अपने मिजाज के मुताबिक कुछ संयम के साथ सही स्ट्रोक चुने तो वह जरूर भारत की बल्लेबाजी में उसका तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। बहुत उम्मीद है कि विराट की जगह चौथे नंबर पर भारत श्रेयस अय्यर

■ **भारत की अश्विन, जडेजा सहित स्पिन त्रिमूर्ति से इंग्लैंड पर पार पाने की तैयारी**

को उतारेगा और पांचवें पर केएल राहुल को औा इसके बाद तीन ऑलराउडर- जडेजा,अश्विन और अक्षरहोंगे और विकेटकीपर के रूप में केएस भरत और दो तेज गेंदबाजों के रूप में हैदराबाद के ही मोहम्मद सिराज और सदाबहार जसप्रीत बुमराह। विराट की गैरमौजूदगी में खुद कप्तान रोहित को भारत को बढ़िया शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी। वह शुरू में इंग्लैंड के जेम्स एंडरनसन, वुड और रॉबिंसन पर जवाबी हमला बोल कर उसकी धार कुंद कर सकते हैं जबकि स्पिनरों में भारत को इंग्लैंड के जैक लीच से सतर्क रहना होगा। अब चूंकि के एल राहुल पर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं है और वह खुल कर बल्लेबाजी करेंगे। इंग्लैंड की गेंदबाज कप्तान बेन स्टोक्स, विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो, ओली पॉप, जो रूट, बेन डकेट , जैक क्राउले के साथ डॉन लॉरेंस पर निर्भर करेगी। इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी जैक लीच, जो रूट और नौजवान लेग स्पिनर रेहान अहमद पर निर्भर रहेगी। तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, मार्क वुड और ऑली रॉबिंसन पर।

इंग्लैंड के लिए भारतीय स्थितियों में अपने इस नए अंदाज में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय टीम अपनी घरेलू स्थितियों से ठीक से वाकिफ हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण खासा अनुभवी है। यह देखने दिलचस्प होगा कि भारतीय हमारे लड़के किस तरह इंग्लैंड को जवाब देकर उन्हें दबाव में डालते हैं।

# जब भी मौका मिले युवाओं को शामिल करना महत्वपूर्ण : रोहित

**हैदराबाद,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने युवाओं को लंबे प्रारूप में मौका देने के महत्व के बारे में बात की। व्यक्तिगत कारणों से विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अधिक अनुभवी क्रिकेटरों से पहले रजत पाटीदार को टीम में बुलाया गया है।

रोहित ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को कहा, हमने वास्तव में कोहली की कमी को पूरा करने के लिए एक अनुभवी खिलाड़ी को वापस लेने के बारे में सोचा था। लेकिन फिर युवाओं को मौका कब मिलेगा और हमने यह भी सोचा। एक अनुभवी खिलाड़ी को छोड़ना या उन पर विचार न करना बहुत कठिन है क्योंकि उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उनके पास जिस तरह का अनुभव है और उन्होंने हमारे लिए जितने मैच जीते हैं। यह सब नजरअंदाज करना बहुत मुश्किल है।

लेकिन कभी-कभी आपको कुछ खिलाड़ी सेट-अप में भी मिलते हैं, और आपको उन्हें अनुकूल परिस्थितियां देनी होती हैं, क्योंकि आप उन्हें उजागर नहीं करना चाहते हैं या सीधे विदेशी दौरों पर नहीं लाना चाहते हैं, जहां उन्होंने पहले नहीं खेला है। इन सबके पीछे यही सोच है और जब भी मौका मिले, इनमें से कुछ युवाओं को शामिल करने का प्रयास करना महत्वपूर्ण है। रजत पाटीदार हाल ही में भारत ए टीम के साथ थे। वर्तमान में अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रहे थे और दबाव की स्थिति में पहले चार दिवसीय मैच में 158 गेंदों में 151 रन बनाए।



भारत को 25 जनवरी को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले अनुभवी केएस भरत और अनकैप्ड युवा ध्रुव जुरेल के बीच अपने विशेषज्ञ विकेटकीपर के बारे में भी फैसला करना होगा। साथ ही टीम से जुड़े कई अन्य अहम फैसले लेने होंगे। भारत का लक्ष्य इंग्लैंड से सीरीज में 2012 में 2-1 की हार के बाद घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज न हारने के अपने रिकॉर्ड का बचाव करना है।

बेन स्टोक्स के नेतृत्व में और ब्रेंडन मैकुलम द्वारा प्रशिक्षित मेहमान टीम ने अभी तक कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं हारी है क्योंकि इन दोनों ने खेल खेलने के अपने आक्रामक दृष्टिकोण के माध्यम से टीम का नेतृत्व संभाला था। आखिरी बार भारत ने आखिरी टेस्ट मैच इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। जहां रोहित एंड कंपनी शीर्ष पर रही थी, जो इस प्रारूप के इतिहास का सबसे छोटा मैच भी था।

# सूर्यकुमार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के धुरंधर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। वेस्टइंडीज की हरफनमौला कप्तान हेली मैथ्यूज को आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया।

सूर्यकुमार को 2023 के लिए आईसीसी पुरुष टी20 टीम का कप्तान भी नामित किया गया था। 17 टी20 पारियों में, सूर्यकुमार ने 2023 में सबसे छोटे प्रारूप में रन-स्कोरिंग पर हावी होने के लिए 48.86 की औसत और 155.95 की स्ट्राइक-रेट से 733 रन बनाए। प्रतिष्ठित सम्मान जीतने के लिए न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन, युगांडा के अल्पेश रामजानी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा की प्रतिस्पर्धा को हराया।

साल की उनकी पहली टी-20 पारी श्रीलंका के खिलाफ मात्र सात रनों की थी, लेकिन अगले दो मैचों में वह पुणे और राजकोट में क्रमश: 51 (36) और 112 नाबाद (51) के स्कोर के साथ चमके। अगस्त में प्रोविडेंस, गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ 83 (44) रनों की पारी के बाद लॉडरहिल, फ्लोरिडा, अमेरिका में 61 (45) रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने साल के अंत में भारत की युवा



टीम की टी20 नेतृत्व की भूमिका भी निभाई। जोहान्सबर्ग में भारत के वर्ष के अंतिम टी20 में केवल 56 गेंदों पर शतक लगाने से पहले, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया (42 गेंदों में 80 रन) और दक्षिण अफ्रीका (36 गेंदों में 56 रन) के खिलाफ अर्धशतक बनाए। मैं दूसरी बार पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतकर रोमांचित हूं। इस प्रारूप में अपने प्रदर्शन के लिए बैक-टू-बैक पुरस्कार जीतना कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं केवल तभी सपना देख सकता था जब मैंने अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। मैं अपने देश के लिए खेलना चाहता था और मेरे प्रयासों को इतने प्रतिष्ठित सम्मान से पुरस्कृत होते देखना बहुत सुखद है।

2023 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेरे साथी नामांकितों को बधाई। मैं मुझे सफल होने के लिए मंच देने के लिए अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं, और मुझे अनुमति देने के लिए मैं दुनिया भर के प्रशंसकों और मतदाताओं के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

सूर्यकुमार ने आईसीसी के एक बयान में कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपने साथियों के साथ इस सफलता को टी20 क्रिकेट के एक बड़े वर्ष में जारी रख सकता हूं, क्योंकि यूएसए और वेस्टइंडीज में पुरुष टी20 विश्व कप नजदीक है।

दूसरी ओर, सूर्यकुमार की तरह, हेली ने भी 14 मैचों में 132.32 की स्ट्राइक रेट से 700 रन बनाकर साल के रन-स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 16.21 की औसत से 19 विकेट भी लिए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने पोलैंड को हराया

**मस्कट,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। मुमताज और दीपिका के शानदार गोलों की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में पोलैंड 5-4 से हरा दिया है। आज यहां एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 टूर्नामेंट के पूल सी के मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले हाफ की शुरुआत में ही मुमताज खान ने चौथे मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कुछ मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने छठें मिनट में एक और फील्ड गोल कर बढ़त को दुगना कर दिया।

इसके बाद पोलैंड की जूलिया कुचारस्का ने आठवें और उसके बाद कैप्टन मार्लेना रयबाचा ने 10वें मिनट में मैदानी गोल कर पहले हाफ में पांच मिनट पहले स्कोर 2-2 कर दिया। मुमताज खान ने 14वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर पहले हाफ में स्कोर 3-2 कर दिया। दूसरे हाफ में



मारियाना कुजूर ने 23 मिनट में गोलकर भारत की बढ़त को दोगुना करने कर दिया। इसके बाद पोलैंड की पाउला स्लाविंस्का ने 27 मिनट में और मोनिका पोलेवजाक के 29वें मिनट से कुछ समय पहले किये गोल से अपनी टीम को मैच में वापसी का प्रयास किया। हालाँकि, दीपिका सोरेंग ने 29 मिनट में गोल कर भारत फिर बढ़त दिला दी और भारतीय महिला टीम ने बढ़त बरकरार रखते हुए 5-4 से मैच जीत लिया। भारतीय महिला टीम अपना अगला मुकाबला 24 जनवरी को 2110 बजे अमेरिका से खेलेगी।

# 23 फरवरी से शुरु होगा डब्लूपीएल 2024



**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के दूसरे सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा हो गई है। डब्लूपीएल के दूसरे सीज़न की शुरुआत 23 फ़रवरी से होगी। पिछले सीज़न के विजेता मुंबई इंडियंस और उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच आगामी सीज़न का पहला मैच खेला जाएगा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच यह भिड़ंत होगी कुल पांच टीमों वाली इस लीग का फ़ाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा। इस बार इस सीज़न के मुक़ाबले बेंगलुरु और दिल्ली में खेले जाएंगे जबकि पिछली बार लीग के सभी मैच मुंबई और नवी मुंबई में खेले गए थे। जैसा कि क्रिकइंफो ने बताया था, टूर्नामेंट का पहला चरण – पहले 11 मैच – बेंगलुरु में खेले जाएगा जबकि अंतिम 11 मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे, जिसमें नॉकआउट मुक़ाबले भी शामिल हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने अभियान की शुरुआत यूपी वॉरियर्ज़ के साथ करेगी। यह मैच 24 फ़रवरी को खेला जाएगा। वहीं गुजरात जायंट्स अपना पहला मैच मुंबई के ख़िलाफ़ 25 फ़रवरी को खेलेगी।

दिल्ली में पहला मैच 5 मार्च को खेला जाएगा और यहां भी पहला मुक़ाबला दिल्ली और मुंबई के बीच ही खेला जाएगा। एक भी दिन डबल हेडर मुक़ाबले नहीं खेले जाएंगे। 23 फ़रवरी से लेकर 13 मार्च तक प्रत्येक दिन एक मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर का आयोजन 15 मार्च को होगा जबकि फ़ाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा।

# लक्ष्य व किरण इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में, प्रणय, किदांबी बाहर

**जकार्ता,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में पहुंच गए, जबकि एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत को शुरुआती हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य सेन, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर हैं और पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता पर नजर गड़ाए हुए हैं, ने मलेशिया ओपन के पहले दौर में चीन के वेंग होंग यांग से मिली हार का बदला लेने के लिए लचीलेपन और कौशल का प्रदर्शन किया। सेन ने अपने शुरुआती दौर के मैच में 24-22, 21-15 से जीत हासिल की, जिससे अगले दौर में मलेशिया ओपन चैंपियन डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन या इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो के खिलाफ संभावित मुकाबले का मंच तैयार हो गया।

2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क



मास्टर्स में सुपर 100 खिताब के साथ उभरते सितारे किरण जॉर्ज ने शुरुआती गेम में उलटफेर के बाद वापसी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में 18-21, 21-16, 21-19 से जीत हासिल की और चीन के लू गुआंग ज़ू के खिलाफ दूसरे दौर में जगह बनाई। हालाँकि, भारतीय दल को असफलताओं का सामना करना पड़ा क्योंकि एचएस प्रणय, जो हाल ही में इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुँचे थे, को सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू (18-21, 21-19, 10-21) से मामूली हार का सामना करना पड़ा। 31 साल के प्रणय को इससे पहले मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने 10वीं रैंकिंग वाले मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। शुरुआती गेम (21-19) हासिल करने के बावजूद, श्रीकांत लय बरकरार नहीं रख सके और अंतत: 54 मिनट के संघर्ष में 21-19, 14-21, 11-21 से हार गए। यह हार श्रीकांत की सीज़न के पहले दौर में लगातार दूसरी हार है।

# बशीर को वीजा मिलने में हो रही देरी से हताश हैं बेन स्टोक्स

**हैदराबाद,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। हैदराबाद में इंग्लैंड तीन स्पिनर के साथ मैदान में उतर सकता है। मेहमान टीम मार्क वुड के साथ तीन स्पिनर को अपने प्लेइंग इलेवन में जगह दे सकती है। हालांकि समरसेट के लिए खेलने वाले ऑफ़ स्पिनर शोएब बशीर इंग्लैंड के उस एकादश का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। वीज़ा मिलने में हो रही देरी के चलते बशीर इंग्लैंड वापस लौट गए हैं। इंग्लैंड का दल रविवार को भारत पहुंचा था। इससे पहले वे दल के साथ अबू धाबी में अभ्यास कर रहे थे। लेकिन इंग्लैंड की भारत यात्रा में बशीर शामिल नहीं हो सके। जिसके चलते वह पहले टेस्ट मैच से भी बाहर हो गए। पहले यह उम्मीद जताई जा रही था कि बशीर मंगलवार तक अपने दल के साथ जुड़ जाएंगे लेकिन अब वह वापस लौट गए हैं।

पाकिस्तान से संबंध बशीर के वीज़ा मिलने के आड़े आया है। हालांकि बशीर के पास इंग्लैंड का पासपोर्ट है जबकि उसी पृष्ठभूमि से जुड़े रेहान अहमद इंग्लैंड दल के साथ मौजूद हैं। अहमद ने सभी ज़रूरी प्रक्रिया विश्व कप के दौरान ही पूरी कर ली थीं। कुछ ऐसी ही समस्या पिछले साल उस्मान ख़्वाजा को आई थी। इस्लामाबाद में जन्मे ख़्वाजा भारत दौरे पर देर से आए थे। बीते एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान की टीम को भी ऐन मौके पर वीज़ा दिया गया था।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम ने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को ज़रूर हताशा में डाल दिया है। स्टोक्स ने



कहा, एक कप्तान के तौर पर यह बेहद ही हताशापूर्ण है। हमने दिसंबर के मध्य में ही अपने दल की घोषणा कर दी थी लेकिन फिर भी बशीर वीज़ा संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं। मैं उनका दर्द समझ सकता हूं। 20 वर्षीय बशीर ने नवंबर में इंग्लैंड लायंस के कैंप के दौरान काफ़ी प्रभावित किया था। जिसके बाद चयनकर्ताओं ने उन्हें भारत दौरे के लिए चुना था।

स्टोक्स ने अपने घुटने की सर्जरी और गेंदबाज़ी पर बात करते हुए कहा, मैंने आख़िरी बार एशेज़ के दौरान लॉर्ड्स में गेंदबाज़ी की थी। गेंदबाज़ी के लिए मेरा शरीर अभी तैयार नहीं है और मैं उस दिशा में अभी सोच भी नहीं रहा।

### रजत पाटीदार, कोहली की जगह भारतीय टेस्ट टीम में शामिल

मध्यप्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को विराट कोहली की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पाटीदार अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रही इंडिया ए का हिस्सा थे लेकिन अब वह बुधवार को हैदराबाद में भारतीय दल के साथ जुड़ेंगे।

कोहली की अनुपस्थिति के कारण भारतीय टीम में कोई रिजर्व बल्लेबाज़ शामिल नहीं था। पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में 158 गेंदों पर 151 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45.97 की औसत और 12 शतक के साथ चार हजार रन बनाए हैं। इंडिया ए की टीम में देवदत्त पड़िक्कल को बी साई सुदर्शन के स्थान पर शामिल किया गया है। जबकि रिंकू सिंह भी दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए इंडिया ए दल का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच इसी गुरुवार से शुरू होना है और विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैच नहीं खेल रहे हैं।

## सार संक्षेप

### ह्यूबर्ट को हराकर मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** रूस के डेनियल मेदवेदेव ने बुधवार को पोलैंड के टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में मेदवेदेव ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए ह्यूबर्ट को 7-6, 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 अपने तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पांच रोमांचक सेटों में ह्यूबर्ट को हराकर अपना 75वां ग्रैंड स्लैम मैच जीता। दो बार के फाइनलिस्ट मेदवेदेव 2021 के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त हर्काज पर अपनी पहली जीत दर्ज की और केवल चार घंटे से कम समय में उन्हें हराकर लगातार तीसरे बड़े सेमीफाइनल में पहुंच गए।

### डायना, लिंडा नोस्कोवा को हराकर सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** डायना यास्त्रेम्स्का बुधवार को महिला एकल मुकाबले में लिंडा नोस्कोवा को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। यूक्रेन की डायना ने आज यहां खेले गये मुकाबले में चेक गणराज्य की लिंडा को 6-3, 6-4 से हराया। वह क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रा में पहुंची थी। डायना लगातार आठ मुकाबले जीतकर अपने करियर के सबसे बड़े ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहली बार पहुंची है। 1978 के बाद किसी ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बारे में डायना ने कहा, इतिहास बनाना अच्छा है, यह मेरे और मेरी पीढ़ी के लिए कुछ नया है, क्योंकि पिछली बार जब ऐसा हुआ था, उसे बहुत समय हो गया है, मैं उस समय पैदा नहीं हुई थी। यह अच्छा है। मैं अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचकर वास्तव में खुश हूं। उल्लेखनीय है कि लिंडा, शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 के लिए मार्श को बनाया कप्तान

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया है और डेविड वार्नर को वापस टीम में बुलाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस के अलावा मिचेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ टी-20 श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे। इन खिलाड़ियों को आगामी टी-20 विश्वकप के मद्देनजर आराम दिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि ये दोनों खिलाड़ी न्यूजीलैंड में टी-20 और उसी दौरे पर दो टेस्ट मैचों में खेलने सकते है। चयनकर्ता टी-20 विश्वकप से पहले उनके आईपीएल खेलने को लेकर सतर्क हैं। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू वेड को भी 14 सदस्यीय टीम में चुना गया है। चयनकर्ताओं ने जोश हेजलवुड को एकदिवसीय से आराम के बावजूद वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 टीम में शामिल किया गया है। हेजलवुड आईपीएल में नहीं खेल रहे है।